रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 25—दिसम्बर 1, 2017 (अग्रहायण 4, 1939)

No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 25—DECEMBER 1, 2017 (AGRAHAYANA 4, 1939)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	871
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1035
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	11
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	2095
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	23527
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	2763
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	2001
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	871
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1035
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2095
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	23527
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2763
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	2001
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2017

सं. 108-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, दिल्ली अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री हरी सिंह मीना (मरणोपरांत)
   लीडिंग फायरमैन

2. श्री हरी ओम (मरणोपरांत)
   लीडिंग फायरमैन

2. दिनांक 24.02.2017 को 05.35 बजे दिल्ली फायर सर्विस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि चटकोरा फूड एवं स्नैकर दुकान संख्या-15, एच. ब्लॉक, लाल मार्केट, विकासपुरी, नई दिल्ली में आग लग गई है। सब ऑफिसर, श्री राज सिंह के नेतृत्व में दो फायर टेंडर घटनास्थल की ओर तत्काल रवाना हो गए। घटनास्थल पहुँचने पर उन्होंने देखा की आग की बड़ी-बड़ी लपटें दुकान से बाहर आ रही है और शटर में ताला लगा है। भीड़ ने बताया कि 4 रसोईगैस सिलेन्डर, रेफ्रिजरेटर, खाना बनाने का तेल, लकड़ी की सर्विंग कांउटर इत्यादि समान अन्दर है जिसमें आग लगी हुई है। रसोईगैस के रिसाव के कारण आग तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन दल ने तुरन्त आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। लीडिंग फायरमैन, श्री हरी सिंह मीना और श्री हरी ओम, आग की लपटों के फैलाव और ज्वलनशील गैस के रिसाव के बावजूद भी जलती हुई दुकान के नजदीक पहुँचे व उपलब्ध उपकरणों/साधनों की सहायता से दुकान के शटर को तोड़ना आरम्भ किया। फायर ऑपरेटर श्री नवीन और श्री रविन्दर, चार्ज हौज लाईन के साथ पानी की बौछार के द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान करते हुए आग बुझा रहे थे। इस कार्य के दौरान दुकान के अंदर एक तेज विस्फोट हुआ विस्फोट की वजह से उत्पन्न हुई तरंगों की वजह से दुकान का शटर टूट कर हवा में लहराते हुए दूर जा गिरा जिसकी वजह से अग्निशमन दल के सदस्य लीडिंग फायरमैन हरी सिंह मीना, हरी ओम, फायर ऑपरेटर नवीन और रविन्दर गंभीर रूप से जल गए। लीडिंग फायरमैन श्री हरी सिंह मीना को पार्क अस्पताल, केशोपुर ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। लीडिंग फायरमैन श्री हरी ओम, फायर ऑपरेटर श्री नवीन और श्री रविन्दर को डी.डी.यू. अस्पताल, हरी नगर ले जाया गया जहाँ श्री हरी ओम को जीवन रक्षक उपचार दिया गया, लेकिन वे बच नहीं पाये। फायर ऑपरेटर श्री नवीन और श्री रविन्दर कुमार को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

3. लीडिंग फायरमैन, श्री हरी सिंह मीना, और लीडिंग फायरमैन, श्री हरी ओम, ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. यह पुरस्कार वीरता के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 24.02.2017 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 109-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, दिल्ली अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री सुनील कुमार (मरणोपरांत)
   फायरमैन
2. श्री मंजीत सिंह (मरणोपरांत)
   फायर ऑपरेटर

2. दिनांक 28.09.2016 को 16.45 बजे, दिल्ली फायर सर्विस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि फैक्टरी परिसर, सी.-389, नरेला फैक्टरी क्षेत्र में आग लग गई है। स्टेशन ऑफिसर श्री सुमित कुमार के नेतृत्व में भोरगढ़, नरेला एवम् रोहिणी फायर स्टेशनों के कर्मी दल पाँच फायर टेंडर के साथ घटनास्थल की ओर तत्काल रवाना हुए। वहाँ पहुँचने पर अग्निशमन दल ने देखा कि फैक्टरी के तहखाने से लेकर ऊपरी तीन मंजिलों तक कच्चे माल व पूर्णतः तैयार माल की प्लास्टिक प्लेटें/ग्लास के विशाल भंडार से आग की लपटें निकल रही हैं। प्रभारी अधिकारी ने तुरंत आग को "मध्यम श्रेणी" की घोषित कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग बुझाने के दौरान, बचाव दल ने सुना कि दो व्यक्ति आग में फंसे हुए हैं। फंसे हुए व्यक्तियों को खोजने व बचाने के लिए दो दल बनाये गये जिसमें सब ऑफिसर श्री तेज पाल, फायरमैन श्री सुनील कुमार, फायरमैन श्री अनूप सिंह और फायर ऑपरेटर श्री मंजीत सिंह शामिल थे उन्हें चार्ज हौज लाईन सहित इमारत में प्रवेश करने के निर्देश दिए। दोनों दल, उच्च तापमान व धुँए के जोखिम से पूर्णतः अवगत थे परन्तु स्वयं की रक्षा और अपनी जान की परवाह न करते हुए इमारत में घुस गए और गुम व्यक्तियों को ढूंढ़ने के साथ आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया।

3. 2200 बजे के करीब, इमारत के अन्दर दो विशाल विस्फोट हुए जिसमें इमारत ढह गई। अग्निशमन दल के सदस्य गर्म निर्माण सामग्री के मलबे के नीचे दब गए। सब-ऑफिसर श्री तेज पाल व फायरमैन अनूप सिंह जली हुई हालत में पाये गए। फायर ऑपरेटर श्री मंजीत सिंह और फायरमैन श्री सुनील कुमार को गुम बताया गया। उनके पार्थिव शरीर को 1 अक्टूबर 2016 को मलबे से निकाला गया।

4. फायरमैन, श्री सुनील कुमार और फायर ऑपरेटर श्री मंजीत सिंह, ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

5. यह पुरस्कार वीरता के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 28.09.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 110-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, दिल्ली अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री नवीन
   फायर ऑपरेटर
2. श्री रविंदर कुमार
   फायर ऑपरेटर

2. दिनांक 24.02.2017 को 05.35 बजे दिल्ली फायर सर्विस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि चटकोरा फूड एवं स्नैकर दुकान संख्या-15, एच. ब्लॉक, लाल मार्केट, विकासपुरी, नई दिल्ली में आग लग गई है। सब ऑफिसर, श्री राज सिंह के नेतृत्व में दो फायर टेंडर घटनास्थल की ओर तत्काल रवाना हो गए। घटनास्थल पहुँचने पर उन्होंने देखा की आग की बड़ी-बड़ी लपटें दुकान से बाहर आ रही है और शटर में ताला लगा है। भीड़ ने बताया कि 4 रसोईगैस सिलेन्डर, रेफ्रिजरेटर, खाना बनाने का तेल, लकड़ी की सर्विंग कांउटर इत्यादि समान अन्दर है जिसमें आग लगी हुई है। रसोईगैस के रिसाव के कारण आग तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन दल ने तुरन्त आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। लीडिंग फायरमैन, श्री हरी सिंह मीना और श्री हरी ओम, आग की लपटों के फैलाव और ज्वलनशील गैस के रिसाव के बावजूद भी जलती हुई दुकान के नजदीक पहुँचे व उपलब्ध उपकरणों/साधनों की सहायता से दुकान के शटर को तोड़ना आरम्भ किया। फायर ऑपरेटर श्री नवीन और श्री रविन्दर, चार्ज हौज लाईन के साथ पानी की बौछार के द्वारा उन्हें सुरक्षा

प्रदान करते हुए आग बुझा रहे थे। इस कार्य के दौरान दुकान के अंदर एक तेज विस्फोट हुआ विस्फोट की वजह से उत्पन्न हुई तरंगों की वजह से दुकान का शटर टूट कर हवा में लहराते हुए दूर जा गिरा जिसकी वजह से अग्निशमन दल के सदस्य लीडिंग फायरमैन हरी सिंह मीना, हरी ओम, फायर ऑपरेटर नवीन और रविन्दर गंभीर रूप से जल गए। लीडिंग फायरमैन श्री हरी सिंह मीना को पार्क अस्पताल, केशोपुर ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। लीडिंग फायरमैन श्री हरी ओम, फायर ऑपरेटर श्री नवीन और श्री रविन्दर को डी.डी.यू. अस्पताल, हरी नगर ले जाया गया जहाँ श्री हरी ओम को जीवन रक्षक उपचार दिया गया, लेकिन वे बच नहीं पाये। फायर ऑपरेटर श्री नवीन और श्री रविन्दर कुमार को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

3. फायर ऑपरेटर, श्री नवीन और फायर ऑपरेटर, श्री रविंदर कुमार, ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 24.02.2017 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 111-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, दिल्ली अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री तेज पाल
   सब-ऑफिसर

2. श्री अनूप सिंह
   फायरमैन

2. दिनांक 28.09.2016 को 16.45 बजे, दिल्ली फायर सर्विस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि फैक्टरी परिसर, सी.-389, नरेला फैक्टरी क्षेत्र में आग लग गई है। स्टेशन ऑफिसर श्री सुमित कुमार के नेतृत्व में भोरगढ़, नरेला एवम् रोहिणी फायर स्टेशनों के कर्मी दल पाँच फायर टेंडर के साथ घटनास्थल की ओर तत्काल रवाना हुए। वहाँ पहुँचने पर अग्निशमन दल ने देखा कि फैक्टरी के तहखाने से लेकर ऊपरी तीन मंजिलों तक कच्चे माल व पूर्णतः तैयार माल की प्लास्टिक प्लेटें/ग्लास के विशाल भंडार से आग की लपटें निकल रही हैं। प्रभारी अधिकारी ने तुरंत आग को "मध्यम श्रेणी" की घोषित कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग बुझाने के दौरान, बचाव दल ने सुना कि दो व्यक्ति आग में फंसे हुए हैं। फंसे हुए व्यक्तियों को खोजने व बचाने के लिए दो दल बनाये गये जिसमें सब ऑफिसर श्री तेज पाल, फायरमैन श्री सुनील कुमार, फायरमैन श्री अनूप सिंह और फायर ऑपरेटर श्री मंजीत सिंह शामिल थे उन्हें चार्ज हौज लाईन सहित इमारत में प्रवेश करने के निर्देश दिए। दोनों दल, उच्च तापमान व धुँए के जोखिम से पूर्णतः अवगत थे परन्तु स्वयं की रक्षा और अपनी जान की परवाह न करते हुए इमारत में घुस गए और गुम व्यक्तियों को ढूंढ़ने के साथ आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया।

3. 2200 बजे के करीब, इमारत के अन्दर दो विशाल विस्फोट हुए जिसमें इमारत ढह गई। अग्निशमन दल के सदस्य गर्म निर्माण सामग्री के मलबे के नीचे दब गए। सब-ऑफिसर श्री तेज पाल व फायरमैन श्री अनूप सिंह जली हुई हालत में पाये गए। फायर ऑपरेटर श्री मंजीत सिंह और फायरमैन श्री सुनील कुमार को गुम बताया गया। उनके पार्थिव शरीर को 1 अक्टूबर 2016 को मलबे से निकाला गया।

4. सब-ऑफिसर, श्री तेज पाल और फायरमैन, श्री अनूप सिंह, ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

5. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 28.09.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 112-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सी.ए.डी., पुलगांव, रक्षा मंत्रालय के निम्नलिखित अग्निशमन अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1.	श्री बालू पाण्डुरग पाखरे लीडिंग हैन्ड फायर	(मरणोपरांत)
2.	श्री अमित महादेवराव दांडेकर फायर इंजन ड्राइवर	(मरणोपरांत)
3.	श्री अमोल वसंतराव येसनकर फायर इंजन ड्राइवर	(मरणोपरांत)
4.	श्री लीलाधर बपुरावजी चोपड़े फायरमैन	(मरणोपरांत)
5.	श्री धर्मेंद्र कुमार यादव फायरमैन	(मरणोपरांत)
6.	श्री कृष्ण कुमार फायरमैन	(मरणोपरांत)
7.	श्री प्रमोद महादेवराव मेश्राम फायरमैन	(मरणोपरांत)
8.	श्री नवजोत सिंह फायरमैन	(मरणोपरांत)
9.	श्री कुलदीप सिंह फायरमैन	(मरणोपरांत)
10.	श्री अमित पुनिया फायरमैन	(मरणोपरांत)
11.	श्री अरविन्द कुमार फायरमैन	(मरणोपरांत)
12.	श्री धनराज प्रभाकर मेश्राम फायरमैन	(मरणोपरांत)
13.	श्री शेखर गंगाधर बालसकर फायरमैन	(मरणोपरांत)

2. दिनांक 31.05.2016 को 00.50 बजे सन्तरी ने सामान्य क्षेत्र, डेल्टा सब डिपो विस्फोटक क्षेत्र से धुँआ निकलता देखकर तुरन्त अलार्म बजाया। सेक्यूरिटी जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर, ट्रक फायर फाइटिंग के साथ डेल्टा सब डिपो रवाना हुए। लीडिंग हैन्ड फायर श्री बालू पाण्डुरग पाखरे ने दल के साथ तुरन्त जल छिड़काव का कार्य विस्फोटक स्टोर हाऊस संख्या-192 में मध्य क्षेत्र से शुरू किया। लीडिंग हैन्ड फायर श्री बालू पाण्डुरग पाखरे और दल के सभी सदस्य वहाँ पर रखे हुए आयुध के खतरे से पूर्णतः जागरूक थे, जो कि युनाइटेड नेशन हैजार्ड डिविजन 1.1 वर्ग के अंतर्गत आता था। श्री बालू पाण्डुरग पाखरे ने अपने दल के सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए एक कुशल नेतृत्व द्वारा टीम की अगुवाई करते हुए सदस्यों को डिलीवरी हौज बिछाने में मार्गदर्शन देते हुए पानी का छिड़काव कई जगह एक साथ शुरू करवाया। पानी की कमी को भांपते हुए उन्होंने तुरन्त दल के कुछ सदस्यों को पानी के टैंक 102 पर भेजकर निरन्तर पानी की सप्लाई को जारी रखवाया। करीब 1.20 बजे एक के बाद कई विस्फोट 134 मैट्रिक टन के स्टोर में हुए, जिसकी वजह से 19 लोगों की जान चली गई, जिसमें 1 लीडिंग फायर हैन्ड 2 फायर इंजन ड्राइवर और 10 फायरमैन थे। दल ने जोखिम उठाकर आत्मविश्वास के साथ जलते हुए स्टोरों पर लगातार पानी का छिड़काव का कार्य जारी रखा जिसके कारण ही सामने के क्षेत्र के 14 विस्फोटक स्टोर, डिपो व हजारों लोगों की जान बचाई जा सकी एवम् बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

3. लीडिंग हैन्ड फायर, श्री बालू पाण्डुरग पाखरे, फायर इंजन ड्राइवर, श्री अमित महादेवराव दांडेकर व श्री अमोल वसंतराव येसनकर, फायरमैन, श्री लीलाधर बपुरावजी चोपड़े, श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्री कृष्ण कुमार, श्री प्रमोद महादेवराव मेश्राम, श्री नवजोत सिंह, श्री कुलदीप सिंह, श्री अमित पुनिया, श्री अरविन्द कुमार, श्री धनराज प्रभाकर मेश्राम व श्री शेखर गंगाधर बालसकर, ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. यह पुरस्कार वीरता के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 31.05.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 113-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सी.ए.डी. पुलगांव, रक्षा मंत्रालय के निम्नलिखित अग्निशमन अधिकारियों को वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री चन्दु दादा पराते
   स्टेशन ऑफिसर
2. श्री किशोर मोतीलाल साहु
   लीडिंग हैन्ड फायर
3. श्री स्वप्निल रमेश खुर्गे
   फायर इंजन ड्राइवर
4. श्री नामदेवराव वनकर
   फायरमैन
5. श्री सतिश शालिकराम गवालकर
   फायरमैन
6. श्री राजेन्द्र गंगाराम महाजन
   फायरमैन
7. श्री संतोष बबोसा पाटिल
   फायरमैन
8. श्री प्रदिप कुमार
   फायरमैन
9. श्री दीपक अर्जुन शिंदे
   फायरमैन

2. दिनांक 31.05.2016 को 00.50 बजे सन्तरी ने सामान्य क्षेत्र, डेल्टा सब डिपो विस्फोटक क्षेत्र से धुँआ निकलता देखकर तुरन्त अलार्म बजाया। सेक्यूरिटी जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर, ट्रक फायर फाइटिंग के साथ डेल्टा सब डिपो रवाना हुए। लीडिंग हैन्ड फायर श्री बालू पाण्डुरग पाखरे ने दल के साथ तुरन्त जल छिड़काव का कार्य विस्फोटक स्टोर हाऊस संख्या-192 में मध्य क्षेत्र से शुरू किया। लीडिंग हैन्ड फायर श्री बालू पाण्डुरग पाखरे और दल के सभी सदस्य वहाँ पर रखे हुए आयुध के खतरे से पूर्णतः जागरूक थे, जो कि युनाइटेड नेशन हैजार्ड डिविजन 1.1 वर्ग के अंतर्गत आता था। श्री बालू पाण्डुरग पाखरे ने अपने दल के सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए एक कुशल नेतृत्व द्वारा टीम की अगुवाई करते हुए सदस्यों को डिलीवरी हौज बिछाने में मार्गदर्शन देते हुए पानी का छिड़काव कई जगह एक साथ शुरू करवाया। पानी की कमी को भांपते हुए उन्होंने तुरन्त दल के कुछ सदस्यों को पानी के टैंक 102 पर भेजकर निरन्तर पानी की सप्लाई को जारी रखवाया। करीब 1.20 बजे एक के बाद कई विस्फोट 134 मैट्रिक टन के स्टोर में हुए, जिसकी वजह से 19 लोगों की जान चली गई, जिसमें 1 लीडिंग फायर हैन्ड 2 फायर इंजन ड्राइवर और 10 फायरमैन थे।

3. स्टेशन ऑफिसर श्री चन्दु दादा पराते जो कि ऑफ ड्यूटी पर थे, विस्फोट की आवाज सुनते ही स्वेच्छा से मुख्य फायर स्टेशन में ड्यूटी पर रिपोर्ट कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए व आग बुझाने का कार्य संभाल लिया। लगभग 850 मीटर व्यास के

वृत्ताकार क्षेत्र में अभी भी आग फैली हुई थी, जिसमें 450 एम.टी. क्षमता के भंयकर 20 विस्फोटक स्टोर हाऊस (ई.एस.एच.) 600 एकड़ क्षेत्र में फैले हुए थे। ऐसे बुरे हलात में श्री चन्दु दादा पराते बचे हुए ट्रक फायर फाईटिंग और दल के सभी सदस्यों में प्रेरणा भरते हुए, ज्वलनशील विस्फोटक स्टोर हाउस से बचाने का कार्य जारी रखवाया। अग्निशमन गाड़ी और बचाव दल को ई.एस.एच. सं. 189, 191, 193, 194, 195, 196, 198 और 203 में तैनात किया। दल का नेतृत्व करते हुए तथा अन्य कर्मियों का हाथ बटाते हुए बढ़ती हुई आग पर काबू पाया तथा सुनिश्चत किया कि वहाँ आसपास और आग तो नहीं है। जब तक आग पूर्ण रूप से बुझ नहीं गई, तब तक उन्होंने अपनी तथा दल के सदस्यों की जान की परवाह न करते हुए क्षतिग्रस्त डिपो की आग को पूर्ण रूप से बुझाया, इस तरह और डिपो, व्यक्तियों व सम्पति को होने वाले नुकसान से बचाया।

4. स्टेशन ऑफिसर, श्री चन्दु दादा पराते, लीडिंग हैन्ड फायर, श्री किशोर मोतीलाल साहु, फायर इंजन ड्राइवर, श्री स्वप्निल रमेश खुर्गे, फायरमैन, श्री राम नामदेवराव वनकर, श्री सतिश शालिकराम गवालकर, श्री राजेन्द्र गंगाराम महाजन, श्री संतोष बबोसा पाटिल, श्री प्रदिप कुमार और श्री दीपक अर्जुन शिंदे ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

5. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 31.05.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 114-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए अग्निशमन पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री दीपक भटु गायकवाड
   सब-ऑफिसर
2. श्री देविदास दत्तात्रय इंगले
   ड्राइवर
3. श्री हेमंत बाबुराव बेलगांवकर
   फायरमैन
4. श्री शिवाजी लक्ष्मण खुलगे
   फायरमैन
5. श्री शिवाजी फकिरा फुगट
   फायरमैन
6. श्री अविनाश सुभाष सोनवणे
   फायरमैन
7. श्री बालासाहेब पोपट लहांगे
   फायरमैन

2. दिनांक 12.07.2016 को 1600 बजे, सूचना प्राप्त हुई कि खाद्क-सुकने ताल, दिंडोरी, नासिक में लगातार मूसलाधार बारिश एवं पालखेड बांध से 31,800 क्यूसेक पानी छोड़ने के कारण विनाशकारी बाढ़ के कारण छह मछुआरे नदी तट से 200 मीटर की दूरी पर स्थित द्वीप में फंसे हुए हैं। सब-ऑफिसर श्री दीपक भटु गायकवाड के नेतृत्व में बचाव दल घटनास्थल की ओर रवाना हुआ। वहाँ पहुंचने पर उन्होंने पाया कि 6 मछुआरे द्वीप में फंसे हुए हैं। नदी के विकराल और तेज जल प्रवाह में उनको बचाना असंभव था। बचाव दल अपनी जान की परवाह ना करते हुए, गर्जन और अशांत जल के बीच नाव की मदद से कुशलता के साथ अपनी जान को जोखिम में डालकर कठिनाईयों का सामना करते हुए द्वीप पर पहुँचे एवं सभी 6 मछुआरों को रस्सी और नाव के सहारे सुरक्षित बाहर निकाला।

3. 21.30 बजे बचाव दल को पुन: सूचना मिली कि तीन लोग कुंडेवाड़ी, ताल, निफाड के उसी नदी से 40 किमी दूर बाढ़ में फंसे हुए हैं। उन्होंने पुन: उपरोक्त सभी तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए सेना की मदद से 3 व्यक्तियों की जान बचाई।

4. सब-ऑफिसर, श्री दीपक भटु गायकवाड, ड्राइवर श्री देविदास दत्तात्रय इंगले, फायरमैन, श्री हेमंत बाबुराव बेलगांवकर, श्री शिवाजी लक्ष्मण खुलगे, श्री शिवाजी फकिरा फुगट, श्री अविनाश सुभाष सोनवणे और श्री बालासाहेब पोपट लहांगे ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

5. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 12.07.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 115-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, तेलंगाना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री अर्जुन हमीलपुर
फायरमैन

2. दिनांक 30.09.2016 को 08.15 बजे कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि मैग्नाक्वेस्ट, प्लॉट नं. 523 एवं 524, सड़क सं. 12, बंजारा हिल्स, हैदराबाद में आग लग गई है। फायरमैन श्री अर्जुन हमीलपुर बचाव दल के साथ तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हुए। वहाँ पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दो मंजिला इमारत में आग लगी हुई है व पूरी इमारत धुएँ से भरी हुई है। वहाँ उन्हें सूचना मिली कि दो कर्मचारी बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए हैं। श्री अर्जुन हमीलपुर को ज्ञात था कि इस बिल्डिंग में अन्दर जा कर फंसे हुए व्यक्तियों को बचाने में उनकी जान को भी खतरा हो सकता है, परन्तु उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए गर्म लपटों, धुएँ और अंधेरे के बावजूद भी बिल्डिंग के अन्दर प्रवेश किया तथा सीढ़ियों की मदद से एक मंजिल से दूसरी मंजिल पर जाकर खोज और बचाव अभियान को जारी रखा तथा अंत में एक-एक करके दोनों व्यक्तियों को जिन्दा बचा लिया। खोज और बचाव अभियान के दौरान, श्री अर्जुन हमीलपुर अत्यधिक गर्मी व विकिरण के कारण घायल हो गए।

3. फायरमैन, श्री अर्जुन हमीलपुर ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 30.09.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 116-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, तेलंगाना राज्य आपदा मोचन एवं अग्निशमन सेवा विभाग के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री सुधाकर वीरगोनि
फायरमैन

2. दिनांक 15.08.2016 को 12.30 बजे, ईरकीगुदाम घाट, कृष्णा नदी, नलगोंडा जिला, तेलंगाना में दंपत्ति अपने डूबते हुए बेटे को बचाने के लिए चिल्लाने लगे। फायरमैन श्री सुधाकर वीरगोनि, जो वहाँ ड्यूटी पर तैनात थे, एक क्षण बिना विलंब किये पानी के तेज बहाव व खतरनाक मगरमच्छ क्षेत्र की परवाह न करते हुए रक्षा पेटी और रस्सी के सहारे नदी में कूद गये। बच्चा बहकर ओझल हो चुका था। फायरमैन सुधाकर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पानी के अंदर जा कर खोज एवं बचाव का कार्य जारी रखा । बच्चा दिखाई नहीं दे रहा था इसलिए फायरमैन श्री सुधाकर वीरगोनि पानी की और गहराई में जाकर बच्चे को जिन्दा निकाल लाया।

3. फायरमैन, श्री सुधाकर वीरगोनि ने उत्कृष्ठ वीरता, अदम्य साहस, व्यवसायिक कुशलता एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. यह पुरस्कार वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाली नियमावली के नियम 3(1) के तहत प्रदान किये जाते हैं और परिणामतः नियम 5(क) के तहत अनुमय विशेष भत्ता दिनांक 15.08.2016 से इसके साथ देय होगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 117-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री अब्दुर रहमान
सीनियर स्टेशन ऑफिसर
असम

2. श्री विपिन केंटल
चीफ फायर ऑफिसर
दिल्ली

3. श्री मदन लाल ठाकुर
स्टेशन फायर ऑफिसर
हिमाचल प्रदेश

4. श्री पी. मुरलीधरन
स्टेशन ऑफिसर
केरल

5. श्री राजकिशोर जेना
स्टेशन ऑफिसर
ओडिशा

6. श्री सुरेश कुमार बारिक
लीडिंग फायरमैन
ओडिशा

7. श्री नरहरी राउत
डिप्टी कमांडेंट (फायर)
सी.आई.एस.एफ., एम.एच.ए.

8. श्री सनत कुमार मजूमदार
असिस्टेंट सब-इंस्पैक्टर (फायर)
सी.आई.एस.एफ., एम.एच.ए.

9. श्री नीरज शर्मा
जनरल मैनेजर (फायर सर्विस)
ओ.एन.जी.सी., एम./ओ. पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस

2. यह पुरस्कार विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3 (ii) के तहत प्रदान किया जाता हैं।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 118-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री के. यूसुफ़
पी.सी. (ड्राइवर)
अंडमान एवं निकोबार

2. श्री बालाकृष्णा लोहार
पी.सी. (फायरमैन)
अंडमान एवं निकोबार

3. श्री किरण सालोई
सब-ऑफिसर
असम

4. श्री बिमल चन्द्र दास
लीडिंग फायरमैन
असम

5. श्री शशिभूषण सिंह
सब-ऑफिसर
बिहार

6. श्री अरविन्द प्रसाद
सब-ऑफिसर
बिहार

7. श्री अशोक कुमार सिंह
लीडिंग फायरमैन
बिहार

8. श्री नियाज़अहमद बदरुद्दीन फदरा
स्टेशन फायर ऑफिसर
दमन एवं दीव

9. श्री राजबीर सिंह
सब-ऑफिसर
दिल्ली

10. श्री हरीश चंद
लीडिंग फायरमैन
दिल्ली

11. श्री राजेश कुमार
असिस्टेंट वायरलेस ऑफिसर
दिल्ली

12. श्री राम गोपाल ठाकुर
सब-फायर ऑफिसर
हिमाचल प्रदेश

13. श्री जसोल राम
लीडिंग फायरमैन
हिमाचल प्रदेश

14. श्री राजेन्द्र राम
सब-ऑफिसर
झारखंड

15. श्री भगवान ओझा
सब-ऑफिसर
झारखंड

16. श्री रमेश सोमसमुद्रा
डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर
कर्नाटक

17. श्री वेंकटरमना मोगेरा
फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

18. श्री वेंकटस्वामी
असिस्टेंट फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

19. श्री रेवनसीदेश्वर एस.एम.
लीडिंग फायरमैन
कर्नाटक

20. श्री राजन वी.एन.
स्टेशन ऑफिसर
केरल

21. श्री ससि के.एस.
ड्राइवर मैकेनिक
केरल

22. श्री कृष्णन एस.
फायरमैन
केरल

23. श्री के.टी. चन्द्रन
फायरमैन ड्राइवर कम पम्प ऑपरेटर
केरल

24. श्री खर्गेश्वर बोरो
इंस्पैक्टर
मेघालय

25. श्री सीरमण रैंगांग
फायरमैन
मेघालय

26. श्री बसन्त कुमार सामल
स्टेशन ऑफिसर
ओडिशा

27. श्री बिबेकानन्द मल्लिक
लीडिंग फायरमैन
ओडिशा

28. श्री बालक्रिष्न सामल
ड्राइवर हवलदार
ओडिशा

29. श्री गनेश प्रसाद नन्द
फायरमैन
ओडिशा

30. श्री जित बहादुर गुरुंग
असिस्टेंट सब-फायर ऑफिसर
सिक्किम

31. श्री बालकृष्ण पिल्लई प्रदीपकुमार
डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर
तमिलनाडु

32. श्री नागलिंगम सक्थीवेल
स्टेशन ऑफिसर
तमिलनाडु

33. श्री सैंथिआगो लॉरेंस इनिको
लीडिंग फायरमैन
तमिलनाडु

34. श्री वैथियालिंगम मुथुवेल
फायरमैन ड्राइवर
तमिलनाडु

35. श्री राजु
स्टेशन फायर ऑफिसर
तेलंगाना

36. श्री वेंकटेशवरलू कंडीमल्ला
ड्राइवर ऑपरेटर
तेलंगाना

37. श्री महिपाल सिंह भंडारी
सब-ऑफिसर
त्रिपुरा

38. श्री मृदुल कान्ति नाथ
लीडिंग फायरमैन
त्रिपुरा

39. श्री मनिक लाल शर्मा
फायर स्टेशन ऑफिसर
उत्तराखंड

40. श्री हरिश गिरि
फायर स्टेशन ऑफिसर
उत्तराखंड

41. श्री मिलन नाग
डिविजनल फायर ऑफिसर
पश्चिम बंगाल

42. मोहम्मद हुसैन खान
फायर ऑपरेटर
पश्चिम बंगाल

43. श्री शिबु चन्द्र दास
फायर ऑपरेटर
पश्चिम बंगाल

44. श्री दावा त्शेरिंग तमांग
फायर ऑपरेटर
पश्चिम बंगाल

45. श्री गुरमुख सिंह
सब-इंस्पैक्टर (फायर)
सी.आई.एस.एफ., एम.एच.ए.

46. श्री त्रिनाथ भोई
हेड कॉस्टेबल (फायर)
सी.आई.एस.एफ., एम.एच.ए.

47. श्री जय किशन शर्मा
चीफ फायरमैन
ओ.एन.जी.सी. एम./ओ. पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस

48. श्री गदाधर तालुकदार
फायर इंजन ऑपरेटर-II,
ओ. आई. एल एम./ओ. पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस

49. श्री दुलेन बोरह
टेक्निकल असिस्टेंट (फ. और स.)
नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड
एम./ओ. पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस

50. श्री हरेश बोरह
टेक्निकल असिस्टेंट (फ. और स.)
नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड
एम./ओ. पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस

2. यह पुरस्कार, सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3(ii) के तहत प्रदान किया जाता है।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 119-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री लखि राम बरदलै
डिप्टी डायरेक्टर ऑफ़ सिविल डिफेन्स एवं
डिप्टी कमांडेंट जनरल ऑफ़ होम गार्ड्स
असम

2. श्री शेखर नारायण बोरवणकर
डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट
छत्तीसगढ़

3. श्री कलम सिंह जौहटा
कमाण्डेंट
हिमाचल प्रदेश

4. श्री रमेश
डिप्टी कमाण्डेंट
कर्नाटक

2. यह पुरस्कार विशिष्ट सेवा के लिए गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3 (ii) के तहत प्रदान किया जाता है।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 120-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिए गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

1. श्री नबज्योति बरा
सीनियर स्टाफ ऑफिसर
असम

2. श्री मुकूट अली
सूबेदार
असम

3. श्री इन्द्र मोहन सिंग्ला
प्लाटून कमांडर
चंडीगढ़

4. श्री दविंदर सिंह
प्लाटून सर्जेंट
चंडीगढ़

5. श्री रामअनुग्रह विश्वकर्मा
हवलदार स्टोरमैन
छत्तीसगढ़

6. श्री चुमन लाल नामदेव
नायक
छत्तीसगढ़

7. श्री धरम दास साहू
हवलदार
छत्तीसगढ़

8. श्री नरोत्तम लाल नेताम
नायक (गृ.र.)
छत्तीसगढ़

9. श्री हिम्मतकुमार दयालभाई पटेल
गृह रक्षक
दमन दीव

10. श्री दीना नाथ यादव
इंस्ट्रक्टर (ना.सु.)
दिल्ली

11. श्री रामेश्वर प्राणशंकर व्यास
ट्रेन्ड इंस्ट्रक्टर
गुजरात

12. श्री बाबूभाई देवराजभाई झडफीया
चीफ वार्डेन
गुजरात

13. श्री देवेन्द्र इश्वरलाल पटेल
डिविजनल कमाण्डर
गुजरात

14. श्री रोहितकुमार जयंतीलाल ब्रह्मभट्ट
कंपनी कमाण्डर
गुजरात

15. श्री हरीलाल गोर्धनभाई कालरीया
हेड क्लर्क
गुजरात

16. श्री किशोरसिंह विजयसिंह चूडासमा
सेंटर कमांडर
गुजरात

17. श्री खोडाभाई पथुभाई वेण
हवलदार
गुजरात

18. श्री राकेश कुमार भारद्वाज
डिविजनल कमाण्डेंट
हिमाचल प्रदेश

19. श्री सुरेश नन्द शर्मा
कंपनी कमांडर
हिमाचल प्रदेश

20. श्रीमती रंजना
प्लाटून कमांडर
हिमाचल प्रदेश

21. श्री हरदयाल सिंह ठाकुर
गृह रक्षक
हिमाचल प्रदेश

22. श्री के.वी. मंजुनाथ
सेक्शन लीडर
कर्नाटक

23. श्री बी.के. बसवलिंगा
प्लाटून कमांडर
कर्नाटक

24. डॉ एच.जे. चन्द्रकान्त
सीनियर प्लाटून कमांडर
कर्नाटक

25. श्री पी.टी. बसवराजप्पा
सार्जेंट
कर्नाटक

26. श्री एल. सोकेन्द्रो सिंह
सूबेदार (गृ.र.)
मणीपुर

27. श्री होलविंग जलोन्ग
हवलदार
मेघालय

28. श्री रेस्टरवेल मुक्तिह
नायक
मेघालय

29. श्री अपुर्बा मारक
लांस नायक
मेघालय

30. श्री प्रताप कुमार परिडा
सिविल डिफेंस वालंटियर
ओडिशा

31. सुश्री मन्जुलता होता
लेडी होम गार्ड
ओडिशा

32. श्रीमती वासन्ती सिन्हा
लेडी होम गार्ड
ओडिशा

33. श्री सुजीत दिगाल
प्लाटून कमांडर (गृ.र.)
ओडिशा

34. श्री निरन्जन देहुरी
गृह रक्षक
ओडिशा

35. श्री परमजीत सिंह
कंपनी कमांडर
पंजाब

36. श्री सुखराज सिंह
कंपनी कमांडर
पंजाब

37. श्री पी. दुरई सिंह
कंपनी कमांडर
तमिलनाडु

38. श्री के. पन्नीरसेल्वम
कंपनी कमांडर
तमिलनाडु

39. श्रीमती एम. कविता
प्लाटून कमांडर
तमिलनाडु

40. श्री सी. थुयमनी
असिस्टेंट प्लाटून कमांडर
तमिलनाडु

41. श्री आर. कलईवासन
असिस्टेंट सेक्शन लीडर
तमिलनाडु

42. श्री बाबुल चक्रवर्ती
गृह रक्षक
त्रिपुरा

43. श्री प्रेमानंद भौमिक
गृह रक्षक
त्रिपुरा

44. श्री विनोद कुमार रत्रा
डिविजनल वार्डेन
उत्तर प्रदेश

45. श्री सुनील कुमार यादव
डिविजनल वार्डेन
उत्तर प्रदेश

46. श्री रवि शंकर द्विवेदी
आई.सी.ओ. सिविल डिफेंस
उत्तर प्रदेश

47. श्री अमिताभ श्रीवास्तव
सीनियर स्टाफ ऑफिसर
उत्तराखंड

48. श्री शाहाजान गाज़ी
गृह रक्षक
पश्चिम बंगाल

49. श्री पालान चन्द्र मंडल
गृह रक्षक
पश्चिम बंगाल

50. श्री अशोक कुमार बर्वे
जुनियर डेमोस्ट्रेटर
एन.सी.डी.सी., एम.एच.ए.

2. यह पुरस्कार, सराहनीय सेवा के लिए गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3 (ii) के तहत प्रदान किया जाता हैं।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

दिनांक 9 नवम्बर 2017

सं. 121-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. बी. बालाजी नाइक
वरिष्ठ कमांडो

02. बी. नरसिम्हा रेड्डी
कनिष्ठ कमांडो

03. पी. मल्लेश
कनिष्ठ कमांडो

04. के. हरिकृष्णा
कनिष्ठ कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 24 और 25.10.2016 को ओडिशा राज्य के जिला मल्कानगिरि के पुलिस स्टेशन चित्रकोंडा की सीमा के अंतर्गत गांव रामगुरहा में हुई गोलीबारी में सीपीआई माओवादी को काफी अधिक क्षति पहुंची और उनके (26) महत्वपूर्ण कैडर मारे गए। ग्रेहाउंड दल ने दिनांक 26/27.10.2016 की मध्य रात्रि में वापस लौटना शुरू कर दिया। वे अंधेरे में बारूदी सुरंगों और माओवादी कैडरों की संभावित घात वाले काफी असुविधाजनक और जोखिम भरे क्षेत्र में 10 किमी. तक पैदल चले और पूर्वाह्न 3.30 बजे आन्ध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम ग्रामीण जिले के पुलिस स्टेशन मुनचिंगपुर की सीमा के अंतर्गत सिरिलिमेट्टा गांव के बाहरी क्षेत्र में पहुंचे।

माओवादियों के एक समूह ने वापस लौट रहे ग्रेहाउंड दलों पर बदला लेने के इरादे से सिरिलिमेट्टा गांव के बाहर घात लगाकर हमला किया। पुलिस दलों की आवाजाही का पहले से अनुमान लगा रहे माओवादियों ने उन्हें देखते ही अचानक गोलीबारी आरंभ कर दी। ग्रेहाउंड दलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और कुशलतापूर्वक घातक क्षेत्र से बाहर आ गए तथा घात लगाकर किए गए हमले का सामना किया। माओवादियों ने महसूस किया कि वे मुकाबला करने में असमर्थ हैं और उन्होंने अंधेरे में उस क्षेत्र से भागना आरंभ कर दिया ग्रेहाउंड दलों ने अंधेरे तथा जोखिम भरे क्षेत्र की परवाह किए बिना माओवादियों का पीछा किया। जब वे शत्रु का पीछा करते हुए 07 किमी. और पैदल चलने के बाद दमागुडा और रामगुरहा गांव के बीच जंगल वाले क्षेत्र में पहुंचे, तो माओवादियों ने एक बार फिर ग्रेहाउंड दलों पर गोलीबारी की। ग्रेहाउंड कमांडो अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़ते रहे और माओवादियों का पीछा किया। उन्होंने भारी और लगातार गोलीबारी का सामना किया, फिर भी वे घबराए नहीं, एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया और उपलब्ध जमीनी आश्रयों और पेड़ों की आड़ लेते हुए कुशलतापूर्वक आगे बढ़े।

वरिष्ठ कमांडो (एससी) 7456 बी. बालाजी नाइक, कनिष्ठ कमांडो (जेसी) 3444, बी. नरसिम्हा रेड्डी, जेसी 3716 पी मल्लेश और जेसी 4487 के. हरिकृष्णा ने माओवादियों की निरंतर गोलीबारी के सामने जबरदस्त साहस का प्रदर्शन किया और अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालकर उनका पीछा किया। माओवादी पहाड़ी पर चढ़ गए और ग्रेहाउंड दल पर भारी गोलीबारी की। लेकिन, कमांडों ने असाधारण साहस तथा दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया और सभी युक्तिपूर्ण एहतियात बरतते हुए माओवादियों का पीछा करते हुए पहाड़ी पर चढ़ना जारी रखा। श्री बी. बालाजी नाइक, एस.सी. ने आगे बढ़कर दल का नेतृत्व किया। कमांडो ने एक-दूसरे का साथ दिया और आवाजाही को सुगम बनाने के लिए कवर फायर देते हुए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े। घना जंगल कवर और पहाड़ी की तीव्र ढलान मुख्य बाधा थी, लेकिन कमांडो ने आगे बढ़ने के लिए अनुकरणीय धैर्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने जबरदस्त दल भावना का प्रदर्शन किया, जो सफल अभियान का प्रमाण है।

भयंकर गोलीबारी के बाद, उन्होंने दो (02) माओवादियों को मार गिराया और एक एसएलआर राइफल तथा एक .303 राइफल और 02 हैंड ग्रेनेड बरामद किए। बाद में मारे गए माओवादियों की पहचान छत्तीसगढ़ राज्य के गौतम, एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) और ओडिशा राज्य के नरेश, पार्टी के सदस्य (पीएम) के रूप में की गई। रामगुरहा गांव में हुई गोलीबारी के पश्चात हुई इस गोलीबारी ने माओवादियों को और हतोत्साहित कर दिया और सुरक्षा बलों के मनोबल को बढ़ाया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बी. बालाजी नाइक, वरिष्ठ कमांडो, बी. नरसिम्हा रेड्डी, कनिष्ठ कमांडो, पी. मल्लेश, कनिष्ठ कमांडो और के. हरिकृष्णा, कनिष्ठ कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.10.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 122-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मोहम्मद अबुबकर (मंरणोपरांत)
वरिष्ठ कमांडो

02. जे. ईश्वर राव
सहायक हमला कमांडर

03. वी. सुब्बा राव
कनिष्ठ कमांडो

04. के. भानु प्रसाद
कनिष्ठ कमांडो

05. पी. नगेन्द्र
कनिष्ठ कमांडो

06. पी. राम कृष्णा राव
उप निरीक्षक

07. डी. सथीश कुमार
कनिष्ठ कमांडो

08. एम. रामैय्या
वरिष्ठ कमांडो

09. पी. श्रीरामुलू
वरिष्ठ कमांडो

10. एम. नारायण राव
सहायक हमला कमांडर

11. वी. अरुण किरण
उप निरीक्षक

12. ए. शिव शंकर
कनिष्ठ कमांडो

13. के. ईश्वर राव
कनिष्ठ कमांडो

14. आर. अप्पाला नायडू
कनिष्ठ कमांडो

15. डी. हरि किरण
कनिष्ठ कमांडो

16. बी. अप्पाला नायडू
सहायक हमला कमांडर

17. वाई. अंजी
कनिष्ठ कमांडो

18. वी. शिव प्रसाद
वरिष्ठ कमांडो

19. ए. राम कृष्ण
कनिष्ठ कमांडो

20. वी. सथीश कुमार
कनिष्ठ कमांडो

21. तिरूमला सेट्टी अनिल कुमार
वरिष्ठ कमांडो

22. डी.वी. महेश
कनिष्ठ कमांडो

23. के. सुरेश
कनिष्ठ कमांडो

24. एम.के. नरसिम्हुडू
सहायक हमला कमांडर

25. पी. दुर्गा प्रसाद
कनिष्ठ कमांडो

26. बी. सतीश
कनिष्ठ कमांडो

27. आर. लक्ष्मण राव
कनिष्ठ कमांडो

28. आर. रमेश
कनिष्ठ कमांडो

29. आर. असिरिताता
सहायक हमला कमांडर

30. के. गोविन्दा
कनिष्ठ कमांडो

31. के. रघुराम रेड्डी, आईपीएस
पुलिस अधीक्षक

32. राहुल देव शर्मा, आईपीएस
पुलिस अधीक्षक

33. ए. बाबूजी, आईपीएस
अपर पुलिस अधीक्षक

34. के. नारायण रेड्डी
अपर पुलिस अधीक्षक

35. ए. भास्कर राव
कनिष्ठ कमांडो

36. सीएच. श्रीनिवास राव
वरिष्ठ कमांडो

37. सीएच. मधुसूदन राव
कनिष्ठ कमांडो

38. ई. शिवनारायण
वरिष्ठ कमांडो

39. के. चिरंजीवी
कनिष्ठ कमांडो

40. आर. दुर्गा राव
कनिष्ठ कमांडो

41. के. डोरा बाबू
कनिष्ठ कमांडो

42. पी. सिम्हाचलम
कनिष्ठ कमांडो

43. एस. मेहर वासु
कनिष्ठ कमांडो

44. आर. सूरी बाबू
वरिष्ठ कमांडो

45. जी. अदिनारायण
कनिष्ठ कमांडो

46. जी. वासु
वरिष्ठ कमांडो

47. बी. वेंकटेश
कनिष्ठ कमांडो

48. सीएच. वी. भास्कर राव
कनिष्ठ कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

इस विश्वसनीय सूचना पर कि राज्य के विरूद्ध हिंसक कार्य करने के इरादे से आन्ध्र ओडिशा सीमा (एओबी) के कट-ऑफ क्षेत्र में आन्ध्र ओडिशा बार्डर स्पेशल जोनल कमेटी (एओबीएसजेडसी) के शीर्ष नेताओं सहित बड़ी संख्या में माओवादी एकत्र हो रहे हैं, दिनांक 23.10.2016 की शाम को स्थानीय पुलिस और विशेष आसूचना शाखा (एसआईबी) के प्रतिनिधियों के साथ ग्रेहाउंड्स की तीन हमला यूनिटें अभियान के लिए तैनात की गईं। ओडिशा पुलिस ने बालीमेला जलाशय के पश्चिम की ओर कट-ऑफ दल तैनात किए। ये दल बारूदी सुरंगों तथा माओवादी गश्त दलों और सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा संभावित घात का सामना करते हुए पूरी रात माओवाद से अत्यधिक प्रभावित गांवों से होते हुए 26 किमी. से अधिक काफी कठिन और असुविधाजनक क्षेत्र से जंगल में पैदल चले और दिनांक 24.10.2016 को प्रात: लगभग 6 बजे रामगुरहा (वी) के बाहर पहुंचे। वहां उन्होंने अपने आप को छोटी उप-यूनिटों में बांट लिया और हमला तथा कट-ऑफ समूहों के रूप में आगे बढ़े।

उप हमला कमांडर (डीएसी) श्री के. रामाराव के नेतृत्व में कमांडो का एक समूह, जिसमें सहायक हमला कमांडर (एससी) 5098 बी. अप्पाला नायडू, कनिष्ठ कमांडो (जेसी) 3666 वाई, अंजी, वरिष्ठ कमांडो (एसी) 3375 वी. शिव प्रसाद, जेसी 3703 वी. सतीश, जेसी

3681 पी. सिम्हाचलम, जेसी 2547, के. चिरंजीवी, जेसी 3689 मेहर बासु, एससी 8650 ई. शिवनारायण, जेसी 3568 ए. रामकृष्ण, जेसी 3626 के. डोराबाबू, जेसी 3586 आर. दुर्गा राव और जेसी 3397 पी. दुर्गा प्रसाद और अन्य कमांडो शामिल थे, रामागुरहा (वी) के उत्तर की ओर पहाड़ी भू-भाग की तलाशी ले रहे थे। लगभग 0600 बजे उन्हें जंगल में कुछ तम्बुओं और व्यक्तियों की संदिग्ध आवाजाही का पता चला और युक्तिपूर्वक चलकर उस स्थल पर पहुंचे। तथापि, माओवादी संतरियों ने उन्हें देख लिया और स्वचालित तथा सह-स्वचालित हथियारों से उन पर गोलीबारी की। यद्यपि उन पर भारी और निरंतर गोलीबारी हुई, तथापि ग्रेहाउंड्स दल अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़ा। और शत्रु के स्थल पर पहुंच गया। भयंकर गोलीबारी के बाद उन्होंने 04 माओवादियों को मार गिराया और संख्या में उनसे कई गुना अधिक होने के बावजूद, उन्होंने लगभग 60-70 माओवादियों का पीछा करना जारी रखा। इस प्रक्रिया में जेसी श्री ए. रामकृष्ण के सिर में गोली लगी, लेकिन माओवादी हमले का जवाब देने के लिए बहादुरी से लड़े। बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान (1) यमलापल्ली सिम्हाचलम उर्फ मुरली, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (2) राजेश उर्फ शिमल, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (3) लचा मोडिली, पार्टी सदस्य (पीएम) और (4) डेनियल उर्फ दासुरामू, पार्टी सदस्य (पीएम) के रूप में हुई और घटना स्थल से (1) एसएलआर, (2) .303 राइफलें और (1) एसबीएमएल हथियार भी बरामद किए गए।

माओवादियों ने नाला, जंगल और पहाड़ी क्षेत्र का सहारा लिया और रामगुरहा (वी) की ओर भाग गए। सहायक हमला कमांडर (एससी) 4512 श्री एम.के. नरसिम्हुडू के नेतृत्व में, एएसी 7841 आर. असिरिताला, वरिष्ठ कमांडो (एससी) 8708 श्री एम.डी. अबुबकर, जेसी 3335 आर. रमेश, कनिष्ठ कमांडो (जेसी) 32 आर. लक्षमण राव और जेसी 3600 के. गोविन्दा का सामना स्वचालित और सेमी-स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करते रहे माओवादियों के समूह से हुआ और अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उन्होंने उनका पीछा किया और उनमें से दो को मार गिराया। एससी मोहम्मद अबुबकर माओवादियों का पीछा करने के लिए गहरे नाले में कूद गए और माओवादियों की निरंतर गोलीबारी में घिर गए। उन्होंने वीरतापूर्वक अपने साथियों की रक्षा करते हुए अंतिम सांस ली। बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान (1) गम्मेली केशव राव उर्फ बिरसू, डिवीजनल समिति सचिव (डीसीएस) और (2) सिंधे किल्लो, पार्टी सदस्य (पीएम) के रूप में की गई और घटना स्थल से (1) इन्सास राइफल और (1) .303 राइफल बरामद की गई।

सहायक हमला कमांडर (एएसी) 3413 श्री पी. त्रिनाधा राव, एएसी 4615 श्री जे. ईश्वर राव, कनिष्ठ कमांडो (जेसी) 3705 वी. सुब्बा राव, जेसी 3693 पी. नागेन्द्र, जेसी 3645 के. भानु प्रसाद, जेसी 3730 के. सुरेश, जेसी 8752 डी.वी. महेश, वरिष्ठ कमांडो (एसी) 8612 टी.एस. अनिल कुमार, एससी 3431 सीएच. श्रीनिवास राव, जेसी 8782 ए. भास्कर राव और जेसी 3498 सीएच. मधुसूदन राव के साथ श्री ए. बाबूजी, आईपीएस ओएसडी के नेतृत्व में कमांडो के एक अन्य समूह को रामगुरहा (वी) की ओर भाग रहे 20-25 माओवादी मिले। उन्होंने तुरंत महसूस किया कि यदि माओवादी गांव में प्रवेश कर जाते हैं और गांव वालों के साथ मिल जाते हैं, तो उनके लिए बचना आसान हो जाएगा। उन्होंने माओवादियों की गोलीबारी और ग्रेनेड से हमलों के बीच अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालकर माओवादियों का पीछा किया। माओवादियों ने पहाड़ी पर चढ़ना आरंभ कर दिया और सुरक्षित पोजीशन ले ली। ग्रेहाउंड कमांडों पर गोलीबारी की बौछार हुई और एससी श्री पी. त्रिनाधा राव गोली लगने से घायल हो गए। तब भी, एससी श्री पी. त्रिनाधा राव बिना घबराए आगे बढ़े और ग्रेहाउंड कमांडो ने असाधारण साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और माओवादियों का पीछा करते हुए पहाड़ी पर चढ़ना जारी रखा। उन्होंने कवर फायर देते हुए एक-दूसरे की मदद की और धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहे। उन्होंने 05 माओवादियों को मार गिराया और पहाड़ी की चोटी पर पहुंचने में सफल हुए। घना जंगल कवर और पहाड़ी की तीव्र ढलान मुख्य बाधा थे, लेकिन कमांडो ने आगे बढ़ने के लिए अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान (1) बकुरी वेंकट रमन उर्फ महेश, विशेष जोनल समिति सदस्य (एसजेडसीएम), (2) प्रुधवी उर्फ मुन्ना, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (3) बद्री क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम), (4) कोम्मुला सुरमा बसई, पार्टी सदस्य (पीएम) और (5) कावेरी मोदिली, पार्टी सदस्य (पीएम) के रूप में की गई और घटना स्थल से (1) एके-47 राइफल, (1) एसएलआर, (2) .303 राइफलें (1) एसबीएमएल और (1) आईईडी बरामद की गई।

इसी बीच, श्री पी.राम कृष्ण राव, सहायक निरीक्षक, पेड्डावाथुलू पीएस, सहायक हमला कमांडर (एएसी) 5049 श्री एम. नारायण राव कनिष्ठ कामंडो (जेसी) 3461 वी. सतीश कुमार, जेसी 3283 आर. अप्पाला नायडू, जेसी 3563 डी. सतीश, वरिष्ठ कमांडो (एसी) 8635 एम. रामैय्या, एससी 6435 पी. श्रीरामुलू, जेसी 3287 के. ईश्वर राव, जेसी 8713 ए. शिव शंकर के साथ श्री के. रघुराम रेड्डी, आईपीएस, ग्रुप कामंडर, ग्रेहाउंड लगभग एक किमी. तक दौड़े और पहाड़ी के दक्षिण ओर को कवर किया। माओवादी, जो ओएसडी श्री ए. बापूजी आईपीएस और एएसी श्री पी. त्रिनाधा राव और श्री जे. ईश्वर राव की आगे बढ़ रही पार्टी से बच गए थे, ने एएसी श्री एम. नारायण राव और उसके समूह पर स्वचालित हथियारों से गोलियों की बौछार करते हुए पहाड़ी की दक्षिण पूर्वी दिशा में नीचे उतरना आरंभ कर दिया। जेसी श्री डी. सतीश कुमार, एससी श्री एम. रामैय्या और श्री पी. श्री रामुलू, एससी सभी एहतियात बरतते हुए भारी गोलीबारी के बीच दक्षिण पूर्वी दिशा की ओर दौड़े। उन्होंने एके-47 और एसएलआर हथियारों से गोलीबारी करते हुए 02 माओवादियों को मार गिराया। इसी बीच, एएसी श्री एम. नारायण राव, श्री जी. अरुण किरण, सहायक निरीक्षक मुंचिंगपुट पीएस, जेसी ए. शिव शंकर और जेसी श्री के. ईश्वर राव और जेसी आर. अप्पाला नायडू एक कवर से दूसरी कवर तक दौड़े, माओवादियों का पीछा किया और जान को जबरदस्त जोखिम होने पर भी अपने सहयोगियों की मदद से 02 कैडरों को मार गिराया। बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान (1) गंगाधर उर्फ

प्रभाकर, विशेष जोनल समिति सदस्य (एसजेडसीएम), (2) रिहनो, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (3) जनीला उर्फ मालती, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (4) रूप्पी, पार्टी सदस्य (पीएम) के रूप में की गई और घटना स्थल से एके-47 राइफल (1), एसएलआर (1), पिस्तौल (1) और एसबीएमएल हथियार (1) बरामद किए गए।

वरिष्ठ कमांडो (एससी) 5966 श्री सीएच. जी.बी. रामचन्द्र राव एक किमी. से अधिक तक पहाड़ी की पूर्वी दिशा की ओर दौड़े और कनिष्ठ कमांडो (जेसी) 3563 डी. सतीश कुमार और जेसी 3553 डी. हरिकृष्ण के साथ हो गए। उन्होंने असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया और यह अहसास कराते हुए कि कमांडो सभी जगह मौजूद हैं, पूर्वी दिशा की ओर एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहे। माओवादियों ने स्वचालित गोलियों की बौछार की और कमांडो पर ग्रेनेड फैंके। जेसी श्री डी. सतीश कुमार जांघ में गोली लगने से घायल हो गए और वह अशक्त हो गए। तथापि, वे घबराए नहीं और अपने साथियों को लड़ने के लिए कहा। एससी 5966 श्री सीएच. जी.बी. रामचन्द्र राव ने अपने एक सहयोगी को घायल कमांडो की देखभाल करने का कार्य सौंपा और अपनी तथा अपने घायल साथी की रक्षा करते हुए लड़ना जारी रखा। वे उस स्थल से अकेले लड़ रहे थे, लेकिन अपनी सटीक गोलीबारी से माओवादियों को दूर रखा। उन्होंने अपनी यूबीजीएल से गोलीबारी की और 05 माओवादियों को मार गिराया तथा कई अन्य को घायल कर दिया। बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान (1) चमाला किस्तैय्या उर्फ दया, विशेष जोनल समिति सदस्य (एसजेडसीएम), (2) इनापार्थी दासु उर्फ मधु, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (3) वन्तला शांद, पार्टी सदस्य (पीएम), (4) तुबरी, पार्टी सदस्य (पीएम) और (5) जयराम किल्लो, पार्टी सदस्य (पीएम) के रूप में की गई और घटनास्थल से (क) एके-47 राइफल, (1) एसएलआर, (1) .303 राइफल, (1) पिस्तौल और (1) एसबीएमएल बरामद किए गए।

श्री राहुल देव शर्मा, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, श्री के. नारायण रेड्डी अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कमांडो (एसी) 6306 श्री आर. सूरी बाबू, कनिष्ठ कमांडो (जेसी) 3629 बी. बेंकटेश, एससी 3246 जी. वासु, जेसी 3499 जी. आदिनारायण और जेसी 8741 सीएच. वी. भास्कर राव वाले अन्य दल ने 04 माओवादियों को पहाड़ी के दक्षिण पूर्वी ओर एक नाले की तरफ झाड़ियों से इन्सास और .303 राइफलों से गोलीबारी करते हुए देखा। तब भी, वे अपनी जान को जोखिम होते हुए भी आगे बढ़े। उन्होंने घनी झाडियों और पेड़ों की आड़ ली और वीरतापूर्वक शत्रुओं को निरंतर उलझाए रखा। उन्होंने अत्यधिक धैर्य और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और लम्बी गोलीबारी के बाद शत्रु को मार गिराया। बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान (1) मोद्दम सुवर्णा राजू उर्फ किरण उर्फ रमेश, डिवीजनल समिति सचिव (डीसीएसी), (2) बोड्डू कुंदनलू उर्फ ममता, जिला समिति सदस्य (डीसीएम) और (3) लता उर्फ भारती, जिला समिति सदस्य (डीसीएम), (4) श्यामला पांगी, पार्टी सदस्य (पीएम) के रूप में की गई और घटना स्थल से (1) इन्सास राइफल, (1) .303 राइफल, (1) तमंचा और बारूदी सुरंग बरामद की गई।

इस अभियान में माओवादी अपने इतिहास में अभी तक एक ही अभियान में सर्वाधिक संख्या में हताहत हुए और उनके 3 विशेष जोनल समिति सदस्यों, 2 जिला समिति सचिवों, 8 जिला समिति सदस्यों, 1 क्षेत्र समिति सदस्य और 10 पार्टी सदस्यों सहित 24 कैडर मारे गए। इस अभियान में माओवादियों को 3 एके-47 राइफलों, 4 एसएलआर राइफलों, 2 इन्सास रइफलों, सात (7) .303 राइफलों 4 एसबीएमएल राइफलों, 2 पिस्तौलों, 01 तमंचा, 01 आईईडी और 01 बारूदी सुरंग की हानि हुई।

यह अभियान पूर्णरूपेण ग्रेहाउंड्स के कमाडों और अन्य सहभागी अधिकारियों की अदम्य भावना और साहस के कारण सफल हुआ जिन्होंने अवर्णनीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया। वे पूरी रात जोखिमपूर्ण क्षेत्र में पैदल चले और इसके बाद भी उनमें माओवादियों के हमले का सामना करने और शत्रु को बड़ी मात्रा में हताहत करने की शक्ति विद्यमान थी।

ग्रेहाउंड्स कमांडो माओवादी सशस्त्र संगठनों से लड़ने में हमेशा आगे रहे हैं और इस अभियान से उन्होंने माओवाद-रोधी अभियानों में शामिल सभी सुरक्षा बलों के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। उनके वीरतापूर्ण कार्य से इस प्रकार के कार्यों में शामिल समूचे देश के अनगिनत अधिकारियों और कर्मियों की लड़ने की भावना प्रबल हुई है और उनके मनोबल को नई ऊंचाई तक पहुंचाया है।

माओवादियों के विरूद्ध हमारी लड़ाई में यह एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है और इस अभियान की सफलता में योगदान करने वाले कमांडों तथा अधिकारियों ने अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालकर सामान्य कर्तव्य से बढ़कर कार्य किया।

इस मुठभेड़ में उपर्युक्त पुलिस कर्मियों ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.10.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 123-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शंकर राव (मरणोपरांत)
प्लाटून कमांडर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 10 अप्रैल, 2015 को पुलिस स्टेशन पोलम पल्ली, जिला सुकमा में अस्थायी रूप से रूके प्लाटून कमांडर श्री शंकर राव को गांव पिडमेल के निकट 25 सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) कैडरों की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। प्लाटून कमांडर राव ने तुरंत 48 कर्मियों वाले अपने दल को बताया, अतिरिक्त गोलाबारूद लिया और एक आक्रामक अभियान की योजना बनाई। योजना के अनुसार, प्लाटून कमांडर राव ने दिनांक 11 अप्रैल, 2015 को लगभग 02:00 बजे खेगें एवं जंगल के रास्ते अपने दल के साथ पिडमेल के लिए प्रस्थान किया।

तलाशी लेने पर, एसटीएफ दल को पिडमेल गांव के निकट माओवादियों की मौजूदगी का पता नहीं चला। दल गांव से चला और आराम करने के लिए सुबह पिडमेल के निकट एक छोटी पहाड़ी पर रूकने का निर्णय लिया। इसी बीच, माओवादियों, जो पिडमेल और डब्बाकोंता के बीच में रूके हुए थे, को पुलिस की आवाजाही की सूचना मिली और उन्होंने चुपके-चुपके पुलिस दल का पीछा किया और पहाड़ी पर पहुंचने पर एसटीएफ दल को घेरना शुरू कर दिया।

तलाशी के बाद सुरक्षा कर्मी आरवी प्वाइंट 209 के निकट रूके। प्लॉटून कमांडर राव ने कुछ संदिग्ध आवाजाही देखी और अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अचानक आवाजाही का कारण जानने के लिए उसी दिशा में गए। लेकिन बहादुर सिपाही को उन माओवादियों की एक गोली छाती में लगी, जो पहाड़ी को घेरने में लगे हुए थे। प्लाटून कामंडर राव ने अत्यधिक घायल होने के बाद भी शेष दल को सतर्क किया। उनके तत्काल सतर्कता से आगे और हताहत होने की संभावना को रोका जा सका क्योंकि सुरक्षा दल अस्थायी रूप से रूका हुआ था और इसलिए तुरंत कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं था। लेकिन प्लाटून कमांडर राव के आह्वान पर, दल ने तुरंत पोजीशन ले ली और माओवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी का जबाव दिया। प्लाटून कमांडर राव वीरतापूर्वक लड़े लेकिन कुछ देर के बाद वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

तब हेड कांस्टेबल आर.के. अतरा ने अपने आप दल की कमान संभाली। हेड कांस्टेबल आर.के. अतरा ने सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों की घात से बाहर निकलकर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। इसके लिए, उन्होंने स्वयं यूबीजीएल से फायर किया और इस हथियार के प्रभाव से माओवादी दल तितर-बितर हो गए। तथापि, आगे बढ़ने पर दल दूसरी घात में घिर गया। लेकिन हेड कांस्टेबल आर.के. अतरा और उनके साथी माओवादियों से वीरतापूर्वक लड़े और घात से बाहर आ गए। माओवादी हमले की तीव्रता और इस हमले में शामिल माओवादियों की संख्या मात्र इस तथ्य से समझी जा सकती है कि आगे तीसरे घात की योजना बनाई गई थी। हेड कांस्टेबल आर.के. अतरा ने यूबीजीएल से फायर किया जिसके परिणामस्वरूप तीन माओवादी मारे गए और तीसरे घात को भी बुरी तरह से विफल कर दिया गया। सभी घायल पुलिस कर्मियों को सुरक्षा दल द्वारा वापस लाया गया और शहीद अधिकारी/जवानों के हथियारों के लूटने से बचाया जा सका।

इस भीषण गोलीबारी के दौरान प्लाटून कमांडर शंकर राव सहित 07 जवान शहीद हो गए और 10 जवान गोली लगने से घायल हो गए। दल लगभग 16:15 बजे कंकरलंका कैम्प पहुंचा। इस क्षेत्र में तैनाती मुख्यत: दोर्णापाल-जगरगुंडा (56 किमी.) और सुकमा-कोंटा (78 किमी.) की धुरी पर है। कंकरलंका-चिंतागुफा और भेज्जी-किस्तारम के बीच घिरा क्षेत्र जंगलों और नदी/नालों से घिरे पहाड़ी, कठिन एवं अगम्य क्षेत्र और सुरक्षा के पूर्ण अभाव के कारण धीरे-धीरे माओवादी गुरिल्ला बेस में परिवर्तित हो गया है। इस क्षेत्र में माओवादी पीएलजीए बटालियन सं. 1 मिलिट्री प्लाटून, एलओएस, एलडीएस और जनमिलिटिया आदि के साथ सक्रिय है और विगत में काफी अधिक सुरक्षा बलों को हताहत किया है।

दिनांक 16.04.2015 को, सोडी राम, करिगुंडम का जनमिलिटिया कमांडर, जो इस घटना में शामिल था, ने पुलिस स्टेशन पोलमपली में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उसने बताया कि पिडमेल मुठभेड़ में 250 से अधिक माओवादी शामिल थे और मुठभेड़ में 35 माओवादी मारे गए थे तथा 15 घायल हुए थे। उसने आगे यह भी बताया कि माओवादी बटालियन सं. 1 के डिप्टी कमांडर सीतू और कोंटा एरिया समिति सचिव/डिवीजन समिति सदस्य (डीवीसीएम) मदकम अर्जुन मारे गए माओवादियों में शामिल थे। मारे गए सभी 35 माओवादियों के शवों को ग्रामवासियों की मदद से माओवादियों द्वारा इंदापार और पेंटापाड के निकटवर्ती जंगल क्षेत्र में ले जाया गया था और उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

इस प्रकार, प्लाटून कमांडर शंकर राव के नेतृत्व में एसटीएफ कार्मिकों की एक छोटी टुकड़ी ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और 250 से अधिक सशस्त्र माओवादियों से उनके बेस एरिया में वीरतापूर्वक लड़ी। सम्पूर्ण अभियान में एसटीएफ की गतिविधि युक्तिपूर्ण थी और उन्होंने भूभाग का सर्वोत्तम उपयोग किया। उन्होंने माओवादियों को अपने हथियार नहीं लूटने दिए।

अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना प्लाटून कमांडर शंकर राव गोलीबारी की दिशा में आगे बढ़े और माओवादियों को उलझाने का प्रयास किया जिनका इरादा उनके अधिक से अधिक कार्मिकों को हताहत करना था। निर्भीक साहस का विलक्षण प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने शत्रु के बलों का खात्मा करने/निष्क्रिय करने के लिए अपने बल को पोजीशन लेने के लिए सतर्क किया। इस प्रकार, प्लाटून कामंडर शंकर राव वास्तव में निश्चित मौत के सामने काफी नजदीक से भारी गोलीबारी के बीच निर्भीक साहस और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन किया। प्लाटून कमांडर शंकर राव और अन्य पुलिस कार्मिकों ने गोलीबारी के दौरान असाधारण पराक्रम एवं साहस का प्रदर्शन किया और कर्तव्य से बढ़कर सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने भारतीय पुलिस की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अपने साथियों की सुरक्षा के लिए अपने आप को अत्यधिक खतरे में डाला।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री शंकर राव, प्लाटून कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.04.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 124-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अविनाश शर्मा (मरणोपरांत)
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.01.2013 को श्री अविनाश शर्मा को सूचना मिली कि गांव भुरभुसी के निकट कुछ नक्सलवादियों को देखा गया है। श्री अविनाश शर्मा (एसएचओ, पुलिस स्टेशन बंदे) ने तुरंत अपने उच्च अधिकारियों और बीएसएफ के अधिकारियों के साथ इस सूचना को साझा किया। दिनांक 19.01.2013 को श्री अविनाश शर्मा के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान आरंभ किया गया। डीईएफ और बीएसएफ का एक संयुक्त दल पुलिस स्टेशन बंदे, जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) के गांव भुरभुसी की ओर युक्तिपूर्वक रवाना हुआ। जब अभियान दल क्षेत्र की ओर जा रहा था, तब गांव भुरभुसी के निकट पहुंचने पर, जैसे ही नक्सलियों ने पुलिस दल को देखा, उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों पर गोलीबारी की। जब नक्सलियों ने यह महसूस किया कि पुलिस दल उनसे मजबूत है, वे घने जंगल की ओर भाग गए। इसके बाद, पुलिस दल ने आस-पास के क्षेत्र की घेराबंदी की और उसकी तलाशी ली। पुलिस दल को दो अज्ञात महिला नक्सलियों के शव बरामद हुए।

दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी में, पुलिस दल न केवल नक्सली गोलीबारी के प्रति अपनी रक्षा करने में सफल रहा, बल्कि एक अस्थायी नक्सली शिविर को भी नष्ट कर दिया। पुलिस दल ने 12 बोर राइफल के 06 जिंदा कारतूस, .303 राइफल के 10 जिंदा कारतूस, .315 बोर की राइफल के 18 जिंदा कारतूस, एके-47 राइफल के 3 जिंदा कारतूस, एसएलआर राइफल का एक खाली कारतूस, नक्सली वर्दी आदि बरामद किए। अज्ञात महिला नक्सलियों के बरामद किए गए दो शवों की पहचान बाद में सुमित्रा बाई (डिप्टी एलजीएस कमांडर) और सनोती बाई के रूप में की गई।

श्री अविनाश शर्मा ने स्टेशन हाउस अधिकारी (एसएचओ) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान विशिष्ट नेतृत्व और वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने अनेक सफल नक्सल-रोधी अभियानों की योजना बनाई और उनका नेतृत्व किया। दिनांक 02 फरवरी, 2015 को उप निरीक्षक अविनाश शर्मा, एसी 122 बटालियन श्री विवेक रावत और 6 बीएसएफ कार्मिकों तथा 05 डीईएफ के जवानों के एक छोटे दल के साथ मोटरसाइकिलों पर सवार होकर खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए गए। लगभग 1445 बजे 50-60 माओवादियों ने हवलबरस गांव के निकट दल पर घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी जिसमें उप निरीक्षक अविनाश शर्मा और एक

सहायक कांस्टेबल गोलियां लगने से घायल हो गए। अविनाश शर्मा और घायल सहायक कांस्टेबल घायल होने के बावजूद वीरतापूवर्पक लड़े और अपने साथियों के साथ-साथ हथियारों और गोलाबारुद की रक्षा की। इस दुर्घटना में, बाद में श्री अविनाश शर्मा और एक सहायक कांस्टेबल की मृत्यु हो गई।

भुरभुसी के जंगल में दिनांक 19.01.2013 को चलाए गए नक्सल-रोधी अभियान के दौरान उप निरीक्षक अविनाश शर्मा ने अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता, असाधारण वीरतापूर्ण कार्य और राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ निष्ठा का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री अविनाश शर्मा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.01.2013 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 125-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रामेश्वर देशमुख
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29 जनवरी, 2016 की शाम को नागेश, अरूण, सितक्का, विनोद, जितरू और मैडड एरिया समिति के 15-20 अन्य सदस्यों की उपस्थिति के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। अवापल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा में बड़े पुन्नूर गांव के निकट जंगल की घेराबंदी करने और तलाशी लेने के लिए एक तलाशी अभियान की योजना बनाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन), बीजापुर की समग्र कमान में सैन्य दल को तीन अभियान दलों में विभाजित किया गया। पुलिस निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, रमाकांत तिवारी और लक्ष्मण केवट और अभियान दल के अन्य सदस्यों को सैन्य दल कमांडर द्वारा क्षेत्र कौशल और अभियान के दौरान अपनाई जाने वाली युक्तियों के बारे में बताया गया।

सैन्य दल दिनांक 30.10.2016 को लगभग 0700 बजे बड़े पुन्नूर के जंगलों में पहुंच गया और युक्तिपूर्वक उस पहाड़ी की ओर बढ़ा जहां प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सदस्यों के रूके होने की संभावना थी। अनेक पहाड़ियों को पार करने के बाद, सैन्य दल लक्ष्य के निकट पहुंचा और एक-दूसरे के समानांतर तीन दलों में आगे बढ़ा। खड़ी पहाड़ी पर चढ़ते समय, पुलिस दलों पर अचानक गोलियों की बौछार हुई। अपर पुलिस अधीक्षक कल्याण सलेसेला के नेतृत्व वाला मध्य सैन्य दल उन माओवादियों की भयंकर गोलीबारी के बीच आ गया, जो पहाड़ी की चोटी पर एक सुरक्षित स्थान पर तैनात थे। सैन्य दल ने तुरंत आड़ ले ली और उस दिशा का अनुमान लगाने का प्रयास किया जहां से माओवादी उन पर गोलीबारी कर रहे थे। इसी बीच, निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व वाला बायां दल भी माओवादियों की भारी गोलीबारी में आ गया।

निरीक्षक रामेश्वर देशमुख ने घातक क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर आने के लिए बड़े साहस के साथ अपने सैन्य दल का बड़ी चतुराई के साथ प्रबंधन किया और युक्तिपूर्वक उस स्थल की ओर आगे बढ़े, जहां से नक्सली सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। गोलीबारी बंद करने के लिए पार्टी कमांडर द्वारा बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद, माओवदियों के सैन्य दलों को गंभीर क्षति पहुंचाने और उनके हथियार लूटने के इरादे से सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करना जारी रखा। सैन्य दल ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की और उस छिपने के ठिकाने की ओर आगे बढ़े, जहां से माओवादी गोलीबारी कर रहे थे। निरीक्षक रामेश्वर देशमुख ने अपने साथियों को पुन: एकत्र किया और भारी हथियारबंद माओवादियों को निष्क्रिय करने के लिए युक्तिपूर्वक जवाबी कार्रवाई की। वास्तव में कोई कवर उपलब्ध न होने पर यह जानते हुए कि सैन्य दल पहाड़ी पर चढ़ रहा है, उन्होंने शत्रु से लड़ने और मैदान न छोड़ने के लिए जबरदस्त दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। लगभग आधा घंटे तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई का सामना न कर सकने पर, नक्सली उस क्षेत्र के बारे में अपनी जानकारी और घने जंगल की आड़ का लाभ उठाकर घटनास्थल से भाग गए।

जैसे ही गोलीबारी बंद हुई, मुठभेड़ स्थल के निकट तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान, घटनास्थल से माओवादी वर्दी के एक पुरूष का शव बरामद हुआ, बाद में जिसकी पहचान रमस, सदस्य अवापल्ली एलओएस के रूप में की गई। आगे उस क्षेत्र की तलाशी में, जहां से माओवादी गोलीबारी कर रहे थे, मैगजीन में भरे 3 राउंड के साथ 7.56 एमएम की एक पिस्तौल, .303 कैलिबर का 01 जिंदा कारतूस, .303 कैलिबर का एक न चला हुआ राउंड और 04 खाली खोखे, 01 स्थानीय रूप से बनाया गया हैंड ग्रेनेड, एके-47 के 8 खाली खोखे, इंसास के 2 तथा कोरडेक्स तार बरामद किए गए। हथियार और गोलाबारुद के अलावा, भारी मात्रा में दवाइयां, पिट्ठू, पानी के केन, वर्दियां, मैगजीन की थैली आदि भी बरामद किए गए। इन बरामदगियों से मैडेड एरिया समिति के माओवादी नेताओं की उपस्थिति की भी पुष्टि हुई।

निरीक्षक रामेश्वर देशमुख ने उस समय बड़ी पेशेवरता और साहस का प्रदर्शन किया जब उनका दल भारी गोलीबारी में फंस गया था। जब वे स्वयं और उनके साथी घातक क्षेत्र में आ गए थे, तब उनकी त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने अनुकरणीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया। सैन्य दलों को प्रेरित करने, यथोचित जोखिम उठाने और कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने की उनकी योग्यता अनुकरणीय नेतृत्व और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करती है। अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थिति में उनकी तीक्ष्ण अभियान संबंधी भावना ने सभी सैन्य दलों की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित की।

इस मुठभेड़ में श्री रामेश्वर देशमुख, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.01.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 126-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लक्ष्मण केवट
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.10.2014 को लगभग 1200 बजे निरीक्षक लक्ष्मण केवट को सूचना प्राप्त हुई कि जांगला पुलिस स्टेशन की सीमा के गांव के जंगल क्षेत्र के निकट कुछ प्रमुख नक्सली नेताओं के साथ बड़ी संख्या में नक्सली देखे गए हैं। दिनांक 08.10.2014 को निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में गश्त, घेराबंदी और तलाशी के लिए डीईएफ और सीआरपीएफ का एक संयुक्त दल भेजा गया। डीईएफ और सीआरपीएफ का एक संयुक्त दल पुलिस स्टेशन जांगला, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के पोतेनार-तितोपारा, गुंडीपुर, हकबा, पेड्डाजोजर, कुडमेर और रेड्डी गांव की ओर युक्तिपूर्वक रवाना हुआ। जब अभियान बल क्षेत्र की ओर जा रहा था और गांव पोटेनार के निकट पहुंचा, तब जैसे ही नक्सलियों ने पुलिस दल को देखा उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों पर गोलीबारी की। निरीक्षक लक्ष्मण केवट ने निडर और साहसिक कदम उठाया और गोली चलाओ तथा आगे बढ़ो की रणनीति अपनाकर युक्तिपूर्वक आगे बढ़े और अपने साथियों से अपने पीछे आने के लिए कहा। जब नक्सलियों ने यह महसूस किया कि पुलिस दल उनसे सशक्त है, तो वे घने जंगल की ओर भाग गए। इसके बाद पुलिस दल ने आस-पास के क्षेत्र की घेराबंदी की और उसकी तलाशी ली। पुलिस दल ने तीन अज्ञात महिला नक्सलियों के शव बरामद किए, जिनके पास एक .303 मस्केट राइफल, .303 के 06 राउंड, 12 बोर की 2 राइफलें, 12 बोर के 04 राउंड, एके-47 के 08 खाली खोखे, एसएलआर के 15 खाली खोखे, इंसास के 05 खाली खोखे, 03 पिट्ठू, 10 डेटोनेटर, मेडिकल किट, नक्सली साहित्य और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्रियां थीं।

इस कार्रवाई में निरीक्षक लक्ष्मण केवट ने संकट के समय अपने सैन्य दल को अनुकरणीय नेतृत्व प्रदान किया। जब नक्सलियों ने उनके दल पर हमला किया, तो उन्होंने अत्याधिक सूझ-बूझ और अभियान संबंधी उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया। निरीक्षक लक्ष्मण केवट अपनी जान की परवाह किए बिना लड़े। उन्होंने अपने साथियों को एक-दूसरे की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया, उनके योग्य मार्गदर्शन और नेतृत्व में पुलिस कर्मी अच्छी तरह से यह जानते हुए कि प्रत्येक कदम धातक हो सकता है, नक्सली हमले का सामना करने के लिए आगे बढ़ते रहे। राष्ट्र की सेवा में उनके अनुकरणीय साहस, वीरतापूर्ण प्रयास और अपनी जान की परवाह किए बिना शौर्य पूर्ण कार्य ने छत्तीसगढ़ पुलिस का मान-सम्मान बढ़ाया है।

इस मुठभेड़ में श्री लक्ष्मण केवट, निरीक्षक, ने उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.10.2014 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 127-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गोरखनाथ बघेल
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.11.2015 को दर्भा डिवीजन समिति, मालनगिर एरिया समिति, मालनगिर एलओएस, एलडीएस और रेवाली तथा नगरगुडा जंगल क्षेत्र के बीच 24 नम्बर प्लाटून के लगभग 50 से 60 सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) कैडरों की उपस्थिति के संबंध में एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, सशस्त्र नक्सलियों को पकड़ने के लिए श्री गोरखनाथ बघेल, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, दांतेवाड़ा के नेतृत्व में एक अभियान शुरू किया गया।

अभियान दल में डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ के 39 सुरक्षा कर्मी शामिल थे। किडिरास, पेरिया और रेवाली के जंगल की तलाशी लेने के बाद सैन्य दल नागरगुडा के जंगल की ओर आगे बढ़ा। दिनांक 22.11.2015 के सुबह लगभग 07:15 बजे जब सैन्य दल रेवाली और नागरगुडा के बीच में स्थित जंगल क्षेत्र में पहुंचा, तो सीपीआई (माओवादी) कैडरों ने सुरक्षा बलों को गंभीर रूप से हताहत करने और उनके हथियार लूटने के इरादे से सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। यद्यपि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर भारी हमला किया, तथापि सैन्य दल ने वीरतापूर्वक स्थिति का सामना किया और स्थिति का सामना करने के लिए क्षेत्र कौशल और युक्ति को अपनाया। अपर पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल ने अपने कार्मिकों को जंगल में उपलब्ध आड़ लेकर पोजीशन लेने के लिए कहा और अपनी पहचान बताते हुए सशस्त्र नक्सलियों से अंधाधुंध गोलीबारी रोकने के लिए कहा। सशस्त्र नक्सलियों ने सुरक्षा कर्मियों को गंभीर क्षति पहुंचने के इरादे से गोलीबारी बंद नहीं की और इसके विपरीत सैन्य दल पर हमला तेज कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने सैन्य दल को आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करने और खतरे को निष्क्रिय करने के लिए नक्सली स्थल की ओर बढ़ने का आदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और अपनी जान को जोखिम में डालकर नक्सलियों को घेरने के लिए सैन्य दल का नेतृत्व किया, जा बेहतर पोजीशन से गोलीबारी कर रहे थे। नक्सली घात को तोड़ने के बाद, सैन्य दल उस स्थल की ओर आगे बढ़ा जहां से वे सुरक्षा कर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। सैन्य दलों की युक्तिपूर्ण कार्रवाई का सामना न कर पाने के कारण सशस्त्र नक्सली अपनी पोजीशन से पीछे हट गए और घने पेड़ पौधों और पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाकर घटना स्थल से भाग गए।

दोनों ओर से गोलीबारी के बाद, घटनास्थल की पूर्ण तलाशी ली गई और 04 महिला सीपीआई (माओवादी) कैडरों के शव बरामद किए गए, बाद में जिनकी पहचान (1) रमे, सदस्य, मालनगिर क्षेत्र समिति, (02) सन्नी, मालनगिर एलओएस की सदस्य, (03) मासे, मालनगिर एलओएस की सदस्य और (04) पांडे, मालनगिर एलओएस की सदस्य के रूप में की गई। घटनास्थल से एक .303 राइफल, 44 राउंड गोलाबारूद के साथ 12 बोर की दो राइफलें, 19,000/-रू. की नकदी और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्रियां भी बरामद की गई।

इस कार्रवाई में श्री गोरखनाथ बघेल, अपर पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा ने चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अपने सैन्य दलों को अनुकरणीय नेतृत्व प्रदान किया। जब नक्सलियों ने उनके दल पर हमला किया, तो उन्होंने अत्यधिक सूझबूझ और अभियान संबंधी उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया। श्री गोरखनाथ बघेल, अपर पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा अपनी जान की परवाह किए बिना लड़े और अपने कार्मिकों को चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित किया। श्री गोरखनाथ बघेल द्वारा प्रदर्शित अनुकणीय साहस और वीरतापूर्ण कार्य ने छत्तीसगढ पुलिस का मान-सम्मान बढ़ाया है।

इस मुठभेड़ में श्री गोरखनाथ बघेल, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.11.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 128-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एस.के. गिरि
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.05.2006 को स्पेशल सेल/एनडीआर में एक सूचना प्राप्त हुई कि दिल्ली/एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि में 70 से अधिक जघन्य मामलों में शामिल एक कुख्यात, इनामी और अंतर-राज्य गैंगस्टर अयूब उर्फ लम्बरदार उर्फ आजम उर्फ मास्टर जी अपने गैंग के सदस्यों के साथ तिमारपुर, दिल्ली के क्षेत्र में डकैती डालने के लिए सोनिया विहार पुस्ता के रास्ते खतरनाक हथियारों के साथ यूपी-11 ई 3770 नम्बर वाली सफेद टाटा सूमो में दिल्ली आएगा। इस सूचना पर, एसीपी संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में एक दल 5वां पुस्ता, सोनिया विहार, दिल्ली पहुंचा और तदनुसार अपनी पोजीशन ले ली। रात में लगभग 10.45 बजे उक्त टाटा सूमो ट्रोनिका सिटी की ओर से आई और उसे पुलिस दल द्वारा रूकने का सिग्नल दिया गया लेकिन ड्राइवर ने बचने के लिए स्पीड बढ़ा दी जिसके परिणामस्वरूप वाहन सड़क के डिवाइडर से टकरा गया। जैसे ही वाहन सड़क के डिवाइडर से टकराया, असलम और अयूब के रूप में पहचाने गए 2 व्यक्तियों सहित वाहन में सवार 6 व्यक्ति पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए टाटा सूमो से बाहर कूद गए और बचने के लिए पश्चिम की ओर भागे। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां एसीपी संजीव और निरीक्षक एस.के. गिरि की छाती पर बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी तथा निरीक्षक मनोज दीक्षित, उप निरीक्षक रणवीर सिंह, उप निरीक्षक अशोक त्यागी, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, हेड कांस्टेबल हरीश कुमार और हेड कांस्टेबल देवेन्द्र के पास से निकल गई। एसीपी संजीव कुमार यादव और निरीक्षक मनोज दीक्षित ने तुरंत पूर्व की ओर अपनी पोजीशन ले ली जबकि निरीक्षक एस.के. गिरि और हेड कांस्टेबल हरीश कुमार ने गैंगस्टरों का सामना करने के लिए एसीपी के दायीं ओर पोजीशन ले ली। उप निरीक्षक रणवीर सिंह और हेड कांस्टेबल देवेन्द्र ने निरीक्षक एस.के. गिरि के दायीं ओर पोजीशन ले ली तथा उप निरीक्षक अशोक त्यागी और हेड कांस्टेबल सतीश कुमार ने गैंगस्टरों का सामना करने के लिए एसीपी के बायीं ओर तिरछे होकर अपनी पोजीशन ले ली। पुलिस दल ने सभी 6 अपराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन अपराधियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी करना जारी रखा। उपर्युक्त पुलिस अधिकारियों ने उस समय असाधारण साहस का प्रदर्शन किया और पुलिस दल को हताहत होने से रोकने तथा अपराधियों को पकड़ने के इरादे से आत्मरक्षा में गोलीबारी की। दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक गोलीबारी हुई। दोनों ओर से गोलीबारी में एक अपराधी घने अंधेरे तथा घनी झाड़ियों के कारण पीछा किए जाने के बावजूद बचकर भाग गया जबकि 05 अपराधी गोलियां लगने से घायल हो गए। घायल अपराधियों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत लाया हुआ घोषित किया गया। अपराधियों से 9 एमएम की दो पिस्तौलें और 29 जिंदा कारतूस, .32 की एक रिवाल्वर, .32 की दो पिस्तौलें, डेटोनेटर के साथ एक जिंदा हेंड ग्रेनेड, 04 जिंदा कारतूसों के साथ 315 बोर की एक देशी पिस्तौल, एक चाकू, 01 टाटा सूमो कार और चलाए गए कारतूस आदि बरामद किए गए और पुलिस स्टेशन खजूरी खास, दिल्ली में कानून की संगत धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया। स्पेशल सेल का दल वर्ष 2006 की प्रथम तिमाही में दिल्ली/एनसीआर में सशस्त्र डकैती/लूटपाट के घटनाओं में शामिल अपराधियों के दुस्साहसी गैंग पर कार्य कर रहा था। गैंग को पकड़ना दिल्ली पुलिस के लिए एक खुली चुनौती थी। स्पेशल सेल के दल ने खुफिया जानकारी एकत्र की और अंतत: उन घटनाओं में शामिल सरधना, मेरठ, उत्तर प्रदेश के कुख्यात, इनामी और अंतर-राज्य गैंगस्टर अयूब उर्फ लम्बरदार उर्फ आजम मास्टरजी के गैंग का पता लगाने में सफल रहा।

इस मुठभेड़ में श्री एस.के. गिरि, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.05.2006 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 129-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अनिल कुमार राव, आईपीएस
पुलिस महानिरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री अनिल कुमार राव, आईपीएस, आईजीपी/हिसार रेंज के नेतृत्व में अवज्ञाकर्ता रामपाल के विरूद्ध माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए गैर-जमानती वारंटों को तामील करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा अभियान 'संवेदी' आरंभ किया गया। रामपाल और उसके समर्थकों ने रामपाल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास किए जाने के मामले में पुलिस के विरूद्ध दर्ज लड़ाई लड़ने की योजना बनाई थी। सतलोक आश्रम, बरवाला, जिला हिसार के अंदर लगभग 30,000 से 40,000 लोग थे। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए रामपाल द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को मानव ढाल बनाया गया था। रामपाल को गिरफ्तार करने के पुलिस द्वारा किसी भी प्रयास को रोकने के लिए दंगा-रोधी उपस्करों, हथियारों, पेट्रोल बमों, तेजाब की थैलियों, स्लिंग शॉट और रोड़ी/पत्थरों आदि से लैस कमांडों की एक निजी सेना गठित तथा प्रशिक्षित की गई थी। बड़ी संख्या में होने वाली समानांतर क्षति को रोकने के लिए, उनके नेतृत्व में पुलिस ने एक पेशेवर तरीके से अभियान आरंभ किया। दिनांक 17 नवम्बर, 2014 तक सतलोक आश्रम की पूरी तरह घेराबंदी कर दी गई और जिला मजिस्ट्रेट, हिसार द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत एक आदेश लागू किया गया। आश्रम को शांतिपूर्वक छोड़ने के लिए आश्रम के अनुयायियों को मनाने के सभी प्रयास विफल हो गए। दिनांक 18 नवम्बर, 2014 को अपराह्न लगभग 12:00 बजे आश्रम की मजबूत दीवारों के अंदर से एक नियोजित और समन्वित हमला आरंभ हुआ। श्री अनिल कुमार राव, आईपीएस ने श्री सतेन्द्र कुमार गुप्ता, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक/हिसार, श्री सुमित कुमार, एचपीएस, तत्कालीन डीसीपी/फरीदाबाद, श्री राजबीर सिंह, एचपीएस डीएसपी/बरवाला, श्री भगवान दास, डीएसपी/ सिवानी (अब डीएसपी/हिसार), निरीक्षक जीत सिंह, गुणपाल सिंह ओआरपी/एएसआई (प्रभारी, साइबर सेल, हिसार रेंज, हिसार) और अन्य पुलिस बल के साथ रामपाल के समर्थकों को चेतावनी दी, जो बंदूकों, लाठियों, तेजाब की थैलियों, मिर्च बमों और स्लिंग आदि जैसे घातक हथियारों से लैस होकर आश्रम के मुख्य द्वार के सामने खड़े हुए थे। आश्रम को खाली करने के लिए 'संवेदी' अभियान के प्रमुख श्री अनिल कुमार राव, आईपीएस, आईजीपी/हिसार रेंज, हिसार और श्री सतेन्द्र कुमार गुप्ता, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक/हिसार ने बार-बार घोषणाएं कीं। इसी बीच, समर्थकों ने अधिकारियों और कार्मिकों पर हमला किया, पत्थर फेंके, तेजाब की थैलियां फेंकी, मिर्च बमों और स्लिंग शॉट आदि का प्रयोग किया। साथ ही साथ आश्रम के अंदर से रूक-रूककर गोलीबारी हो रही थी। आश्रम से एक गोली श्री अनिल कुमार राव को निशाना बनाकर चलाई गई, लेकिन सौभाग्यवश यह गोली उन्हें नहीं लगी। श्री अनिल कुमार राव, आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपनाए गए पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी ओर से किसी प्रकार की क्षति के बिना सम्पूर्ण अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

अभियान के दौरान श्री सतेन्द्र कुमार गुप्ता, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, हिसार भी आश्रम के मुख्य द्वार पर उपस्थित थे। उन्होंने उक्त अभियान को पूरा करने में पुलिस दल का नेतृत्व किया। उनकी उपस्थिति के स्थान पर, अचानक रामपाल के कुछ अनुयायी अपने हाथों में मिट्टी के तेल के डिब्बे लेकर आए। उन्होंने तेल अपने शरीर पर छिड़क दिया और आत्मदाह करने के लिए अपने शरीर में आग लगा दी। यह श्री सतेन्द्र कुमार गुप्ता और उनके दल के कारण ही था कि इन अनुनायियों को बचा लिया गया और उस स्थान से उन्हें हटा दिया गया।

श्री अनिल कुमार राव और पुलिस अधीक्षक हिसार हिंसक और हमलावर भीड़ के बिलकुल नजदीक थे। हमलावरों ने उन दोनों और अन्य पुलिस बल पर हमला किया, लेकिन उन्होंने उनके उद्देश्य को विफल करने में अहम भूमिका निभाई। वे वीरतापूर्वक लड़े और आश्रम की सामने वाली दीवार और पहले गेट को तोड़ने में सफल रहे। दोनों घायल हो गए, लेकिन पुलिस के मनोबल को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपनी मेडिकल जांच भी नहीं कराई। पुलिस अधीक्षक, हिसार के सिर पर चोट लगी और उनका चश्मा तथा मोबाइल फोन टूट गए। उनके सिर से खून निकल रहा था, इसके बावजूद उन्होंने अपनी चोट और जान की परवाह नहीं की और बहादुरी से लड़े। दोनों अधिकारियों द्वारा दिखाए गए असीम साहस और असाधारण वीरता के कारण सम्पूर्ण अभियान किसी भी ओर से किसी प्रकार की क्षति के बिना सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। उपर्युक्त के अलावा, दोनों अधिकारियों ने सफलतापूर्वक हजारों लोगों को आश्रम से सुरक्षित उनके घर पहुंचाया।

इस संबंध में, रामपाल और उसके सहयोगियों (अनुयायियों) के विरूद्ध प्रारंभ में पलिस स्टेशन बरवाला में आईपीसी की धारा 107/147/148/149/186/188/120ख/121/121क/ 122/123/224/225/307/332/342/353/436/ और आयुध अधिनियम की धारा 25, विस्फोटक सामग्री अधिनियम, 314 पीडीपीपी अधिनियम और विधि-विरूद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा

16/18/20/22-ग/23 के तहत एक मामला दिनांक 18.11.2014 को एफआईआर सं. 428 दर्ज किया गया था। मामले की जांच करने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था। जांच के दौरान, आश्रम से 18 फायर आर्म, 19 एयर गन, 45 पेट्रोल बम, एक मिर्च ग्रेनेड, 04 बुलेट प्रूफ जैकेट, 9675 लाठियां, 228 हेलमेट और 26 केन शील्ड बरामद की गई।

इस कार्रवाई में श्री अनिल कुमार राव, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.11.2014 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 130-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. साकिब बशीर वानी,
उप निरीक्षक

02. तारिक अहमद,
एसजीसीटी

03. जगजीत सिंह,
एसजीसीटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.02.2015 को शोपियां पुलिस को एक सूचना मिली कि कुछ खूंखार आतंकवादी गांव हेफ, जिला शोपियां में छिपे हुए हैं। तदनुसार, आरआर की 55वीं बटालियन और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की सहायता से गांव की घेराबंदी की गई। 1700 बजे घेराबंदी करने के बाद तलाशी अभियान आरंभ किया गया। तलाशी के दौरान, अहसान पेद्दर निवासी हेफ के मकान में दो आतंकवादियों की उपास्थिति की पुष्टि हुई। सबसे पहले, लक्ष्य/निकटवर्ती मकानों के आस-पास घेराबंदी को कड़ा/मजबूत कर दिया गया और बच्चों एवं महिलाओं सहित सिविलियनों को घेराबंदी किए गए क्षेत्र से बाहर निकाला गया। अभियान को सफल बनाने के लिए, दो हमला समूह बनाए गए, पहला उप निरीक्षक साकिब बशीर वानी के साथ श्री अत्ताफ खान, एसएसपी, शोपियां के नेतृत्व में, जिसने मकान के सामने की ओर पोजीशन संभाल ली और एसजीसीटी जगजीत सिंह, कांस्टेबल तारिक अहमद सहित श्री सज्जाद अहमद शाह, एएसपी, शोपियां के नेतृत्व में दूसरे समूह ने मकान के पीछे की ओर पोजीशन ले ली। इसी बीच, आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिस से उन्होंने मना कर दिया और इसके बदले उन्होंने घेराबंदी को तोड़ने तथा बचकर भागने के लिए हमला समूहों पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। तथापि, एसएसपी शोपियां और एएसपी शोपियां के नेतृत्व में हमला समूहों ने असाधारण साहस/दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और अपनी जान की परवाह किए बिना पूरे जोश के साथ जवाबी गोलीबारी की। इसके बाद हुई गोलीबारी के परिणामस्वरूप एक उग्रवादी मारा गया। तथापि, फंसे हुए अन्य उग्रवादी ने अंधेरा होने तक बलों को व्यस्त रखने के इरादे से लगातार/अंधाधुंध गोलीबारी की ताकि वह अंधेरे में बचकर निकल सके। इसी बीच, पुलिस महानिदेशक एसकेआर अनंतनाग भी स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए। रात्रि में भारी क्षति को रोकने के लिए, रात में अभियान को स्थगित करने और लक्षित मकान पर निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। दिनांक 25.02.2015 की भोर में, फंसे हुए आतंकवादी से पुन: आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उसने इंकार कर दिया और इसके बदले उसने ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। तीनों पुलिस कर्मी, जो उन्हें दी गई पोजीशन पर डटे रहे, ने पूरी ताकत के साथ अंतिम हमला किया और कुछ देर बाद दूसरी ओर से गोलीबारी बंद हो गई। यह समझा गया कि जबावी गोलीबारी में आतंकवादी मारा गया होगा। तथ्यों को सुनिश्चित करने के लिए एसएसपी शोपियां के पर्यवेक्षक में पुलिस/सुरक्षा बलों का एक संयुक्त दल मकान के मुख्य प्रवेश की ओर बढ़ा, तथापि घायल आतंकवादी अचानक बाहर आ गया और ग्रेनेड फेंके और इसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी की जिसका अभियान दल ने आत्मरक्षा में वीरतापूर्वक/समर्पण भावना के साथ जवाबी कार्रवाई की और घटनास्थल पर ही आतंकवादी को मार गिराया। बाद में, मारे

गए आतंकवादियों की पहचान जेईएम संगठन के आशिक हुसैन डार पुत्र एच. हसन डार, निवासी तुर्कवानागाम शोपियां और शबीर अहमद गनी पुत्र मोहम्मद अकरम गनी निवासी रबगाम पुलवामा के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारुद बरामद किया गया और इस संबंध में पुलिस स्टेशन जैनपुरा में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामला एफआईआर सं. 10/2015 दर्ज किया गया था। एसएसपी शोपियां, उपनिरीक्षक साकिब बशीर, एसजीसीटी जगजीत सिंह और कांस्टेबल तारिक अहमद ने असाधारण साहस और अभियान संबंधी योग्यता का प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप किसी भारी क्षति के बिना अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। उक्त पुलिस कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मुठभेड़ स्थल में फंसे सिविलियनों को निकालते समय सूझबूझ का प्रदर्शन किया, यद्यपि दोनों आतंकवादियों ने सिविलियनों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया को बाधित करने का भरसक प्रयास किया, तथापि उपुर्यक्त पुलिस कर्मियों ने अपना संयम खोए बिना अच्छी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया और अपने लक्ष्य में सफल हुए। मारे गए आतंकवादी अनेक आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। उनके मारे जाने से आतंकी समूहों को बड़ा झटका लगा और जनता, विशेष रूप से राजनीति के कार्यकर्ताओं/पंचों एवं सरपंचों ने राहत की सांस ली।

बरामदगी:-

1.	एके-47 राइफल (क्षतिग्रस्त)	-	02
2.	एके-47 मैगजीन (क्षतिग्रस्त)	-	03
3.	यूबीजीएल	-	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री साकिब बशीर वानी, उप निरीक्षक, तारिक अहमद, एसजीसीटी और जगजीत सिंह, एसजीसीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.02.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 131-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	तनवीर अहमद जीलानी	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)	उप पुलिस अधीक्षक
02.	मोहम्मद नवाज खांडे	(वीरता के लिए पुलिस पदक)	उप पुलिस अधीक्षक
03.	इरशाद अहमद रेशी	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)	निरीक्षक
04.	सल्फी अर्शिद बांगडू	(वीरता के लिए पुलिस पदक)	उप निरीक्षक
05.	विन्नी सफाया	(वीरता के लिए पुलिस पदक)	कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.06.2015 को कुलगाम पुलिस को गांव रेडवानी बाला कुलगाम में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई, जो कुछ विध्वंसक कार्य करने के लिए क्षेत्र में आए हुए थे। तदनुसार, एसएसपी, कुलगाम की कमान में एक पुलिस दल घटनास्थल की ओर गया और पूरी बस्ती की घेराबंदी कर दी। इसी बीच, अभियान कार्मिकों को दो दलों में विभाजित किया गया, एक निरीक्षक इरशाद अहमद सहित श्री तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक (आपेरशन), हातीपुरा और दूसरा उप-निरीक्षक सल्फी अर्शिद, कांस्टेबल विन्नी सफाया सहित श्री नवाज अहमद खांडे, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन, मंजगाम के नेतृत्व में बनाया गया और तलाशी अभियान आरंभ किया गया। तलाशी के दौरान, वे उग्रवादी मुजफ्फर अहमद डार पुत्र अब्दुल रहमान डार के मकान में छिपे हुए पाए गए। लक्षित मकान के चारों ओर घेराबंदी को सुदृढ़ करने के बाद, छिपे हुए उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया,

तथापि, उन्होंने प्रस्ताव को ठुकरा दिया और भारी गोलीबारी आरंभ कर दी और इसके बाद भारी संख्या में हताहत करने और घटनास्थल से बच निकलने के लिए घेराबंदी को तोड़ने के लिए ग्रेनेड फेंके। तथापि, अग्रिम दल, विशेष रूप से श्री तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक (आप्स.) हातीपुरा, श्री नवाज अहमद खांडे, उप पुलिस अधीक्षक, आप्स मंजगाम, निरीक्षक इरशाद अहमद, उप निरीक्षक सल्फी अर्शिद और कांस्टेबल विन्नी सफाया ने असाधारण साहस का प्रदर्शन किया और प्रभावी रूप से जवाबी गोलीबारी की, जिससे उग्रवादी पीछे हटने पर मजबूर हो गए। उस समय, अभियान दलों की पहली प्राथमिकता लक्षित मकान/आस-पास के घरों में फंसे सिविलियनों को बाहर निकालना था। इस प्रयोजन के लिए, सामान्यत: अभियान दल ने और विशेष रूप से उपरोक्त पुलिस कर्मियों ने सूझबूझ और असाधारण साहस का प्रदर्शन किया और फंसे हुए सभी सिविलियनों को बाहर निकाला। दोनों ओर से गोलीबारी नियमित अंतराल पर पूरी रात होती रही, जिसके दौरान फंसे हुए उग्रवादियों ने घर से बच निकलने के अनेक प्रयास किए, तथापि, अभियान दल दृढ़ रहा और उन्होंने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। उसके बाद हुई गोलीबारी लगभग बीस घंटे तक चली और एलईटी के दो खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ समाप्त हुई, बाद में, जिनकी पहचान जवीद अहमद भट निवासी रेडवानी और इदरीश अहमद नांगरू निवासी बदरू के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया और पुलिस स्टेशन कुलगाम में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामला एफआईआर सं. 114/2015 दर्ज किया गया है।

श्री तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक (आप्स.) हातीपुरा, श्री नवाज अहमद खांडे, उप पुलिस अधीक्षक (आप्स) मंजगाम, निरीक्षक इरशाद अहमद, उप निरीक्षक सल्फी अर्शिद और कांस्टेबल विन्नी सफाया द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण और साहसिक कार्य के परिणामस्वरूप दो खूंखार आतंकवादी मार गिराए गए जो काफी लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय थे और पुलिस कांस्टेबल जहूर अहमद डार और अनुयापी मोहम्मद रफीक मीर की हत्या सहित अनेक आपराधिक/आतंकी मामलों में शामिल थे, इसके अतिरिक्त, वे चार अन्य मामलों की एफआईआर में भी शामिल थे। मारे गए आतंकवादियों के खात्में के साथ एलईटी को बड़ा झटका लगा है।

बरामदगी:

1.	एके-47 राइफल	-	01
2.	मैगजीन एके-47 राइफल	-	01
3.	एके- 47 राउंड	-	05
4.	एसएलआर राइफल	-	01
5.	एसएलआर मैगजीन	-	01
6.	एसएलआर राउंड	-	30
7.	यूबीजीएल	-	01
8.	यूबीजीएल थ्रोअर	-	01

इस मुठभेड़ में तनवीर अहमद जीलानी, उप पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद नवाज खांडे, उप पुलिस अधीक्षक, इरशाद अहमद रेशी, निरीक्षक, सल्फी अर्शिद बांगडू, उप निरीक्षक, विन्नी सफाया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22.06.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 132-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जहूर अहमद वानी,
उप निरीक्षक

02. फैसल खान,
सहायक उप निरीक्षक

03. मंजूर अहमद मीर,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.10.2015 को गांव हरिपरीगाम, अवंतीपुरा के मंजूर अहमद भट पुत्र गुलाम अहमद भट के मकान में अपने सहयोगी के साथ जेईएम अभियान प्रमुख सलीम उर्फ आदिल निवासी पाकिस्तान की उपस्थिति के बारे में पुलिस को एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई/जुटाई गई। अभियान की योजना बनाई गई और अवंतीपुरा पुलिस द्वारा लक्षित मकान के चारो ओर घेराबंदी कर दी गई। घेराबंदी करने के बाद, 03/42 आरआर और 10 पैरा को भी अभियान में शामिल किया गया।

अभियान बलों की उपस्थिति को देखकर, उग्रवादी घेराबंदी तोड़ने और घटना स्थल से भागने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए और इसके बाद ग्रेनेड फेंकते हुए अचानक लक्षित मकान से बाहर कूद गए। तथापि, उप निरीक्षक जहूर अहमद वानी, एआरपी-115653, एएसआई फैसल खान, 113/अवंतीपुरा, एएसआई मंजूर अहमद, 213/अवंतीपुरा और दल के अन्य सदस्यों ने प्रभावी रूप से जवाबी गोलीबारी की, उग्रवादियों को पीछे हटने और दो विभिन्न स्थलों पर लक्षित मकान के अहाते की दीवार के पीछे छिपने के लिए मजबूर किया गया। इसी बीच, लक्षित मकान के परिवार के सदस्य सुरक्षा के लिए मुख्य द्वार की ओर दौड़े, तथापि, उनमें से एक सदस्य मकान के अहाते के अंदर लड़खडा कर नीचे गिर पड़ा जिसे छिपे हुए एक उग्रवादी द्वारा तुरंत बंधक बना लिया गया। पीए सिस्टम के द्वारा उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने और बंधक बनाए गए सदस्य को मुक्त करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। सबसे पहले बंधक बनाए गए सिविलियन को बाहर निकालने की योजना बनाई गई, जिसके लिए दो दल गठित किए गए, पहले दल में एएसआई फैसल खान, एसजीसीटी तारिक अहमद, कांस्टेबल एम. शमीम, एसजीसीटी अरफात अहमद, कांस्टेबल शबीर अहमद, कांस्टेबल जावीद अहमद और 10 एसपीओ शामिल थे, जो अपनी जान की परवाह किए बिना बहुत ही युक्तिपूर्वक/पेशेवर तरीके से साहस तथा वीरता के साथ दीवार के पीछे की ओर पहुंचे, जहां सिविलियन को बंधक बनाकर रखा गया था। दल ने उसे निशाना बनाए बिना उग्रवादी को गोलीबारी में उलझाए रखा, क्योंकि वे यह जानते थे कि बंधक व्यक्ति को गोली लग सकती है। उग्रवादी जैसे ही दोनों ओर की गोलीबारी में उलझा, सिविलियन को दीवार के दूसरी ओर कूदने का मौका मिल गया जहां एएसआई फैसल सं. 113/एडब्ल्यूटी अपने दल के साथ पहले ही उसका इंतजार कर रहे थे। उग्रवादी भी सिविलियन को गोली मारने के लिए गुस्से में दीवार कूद गया लेकिन सतर्क पुलिस दल ने तेजी से गोली चलाकर उसे मार गिराया। दूसरी ओर, दूसरा दल जिसमें एसजीसीटी मुख्तार अहमद, कांस्टेबल मंजूर अहमद, कांस्टेबल मुख्तार अहमद, कांस्टेबल मुनीर अहमद, कांस्टेबल अमीर रसूल और 09 एसपीओ के साथ एएसआई मंजूर शामिल थे, उसी पेशेवर तरीके से छिपे हुए अन्य उग्रवादी तक पहुंचा। आमने-सामने का एक भीषण युद्ध आरंभ हो गया जो कुछ समय तक चला और दूसरी ओर से गोलीबारी बंद हो गई। यह पता लगाना मुश्किल था कि उग्रवादी जिंदा है अथवा मारा गया। तथापि, उसकी मृत्यु का पता लगाने के लिए कुछ पुलिस कर्मियों के साथ उप निरीक्षक जूहर अहमद, एएसआई मंजूर आगे बढ़ने के लिए स्वैच्छा से आगे आए। वे कुशलतापूर्वक उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े, उग्रवादी, जिसे गोली लगी थी और जो अपने आप को मृत दिखाने का बहना कर रहा था, ने अचानक आगे बढ़ रहे दल पर ग्रेनेड फेंकने का प्रयास किया, तथापि, सतर्क दल ने गोली चलाई और उसे मार गिराया। बाद में, मारे गए उग्रवादियों की पहचान जेईएम संगठन (1) सलीम उर्फ आदिल और (2) रहमान उर्फ छोटा बर्मी निवासी पाकिस्तान के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारुद बरामद किया गया। पुलिस स्टेशन अवंतीपुर में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामला एफआईआर सं. 101/2015 दर्ज है। मृत उग्रवादी दिनांक 05.12.2014 को बस स्टैंड त्राल में ग्रेनेड हमले सहित अनेक आपराधिक/आतंकवादी मामलों में शामिल थे जिसमें 05 सिविलियन मारे गए थे और 23 घायल हो गए थे। ये उग्रवादी शकील अहमद शाह और मोसिन मजीद निवासी पीरनार के अपहरण और गदपुरा त्राल में गश्ती दल पर अंधाधुंध गोलीबारी में भी शामिल थे।

बरामदगी:

1.	एके-47	-	02
2.	एके मैगजीन	-	04
3.	एके राउंड	-	80
4.	हैंड ग्रेनेड	-	01

इस मुठभेड़ में जहूर अहमद वानी, उप निरीक्षक, फैसल खान, सहायक उप निरीक्षक और मंजूर अहमद मीर, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.10.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 133-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार /वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मुमताज अहमद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. जहीर अब्बास, उप पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

03. देवेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. सोनम स्टोबगायस, एसजीसीटी (वीरता के लिए पुलिस पदक)

05. मोहम्मद हुसैन वानी, एसजीसीटी (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.10.2015 को श्री मुमताज अहमद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुलगाम ने खांदीपोरा बुलगाम में एलईटी आतंकवादी कमांडर अबु कासिम की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी जुटायी, जो अपने संगठन की रणनीतियों/योजनाओं में फिर से जान फूंकने तथा भविष्य की गतिविधियां तय करने के लिए इलाके में आया था। सूचना के महत्व को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से अभियान की योजना बनाई गई और अभियान आरंभ करने के पूर्व सूचना 09-आरआर/18वीं बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ साझा की गई। अभियान में शामिल जवान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम के पर्यवेक्षण में अनेक दिशाओं से लक्षित क्षेत्र की ओर छिपकर आगे बढ़े। पूरे गांव की अचूक घेराबंदी सुनिश्चित की गई ताकि उक्त उग्रवादी को भागने का कोई अवसर न मिल सके क्योंकि अनेक अवसरों पर वह पुलिस/सुरक्षा कार्मिकों पर वार करके घेराबंदी को तोड़ने में सफल हो चुका था।

अचूक घेराबंदी करने के बाद, तलाशी अभियान आरंभ किया गया तथा उग्रवादी के गांव खांदीपोरा के बोनपोरा मोहल्ला में होने का पता चला। लक्षित मोहल्ले से बचकर भाग निकलने वाले सारे संभावित मार्ग सील कर दिए गए और घेराबंदी क्षेत्र में फंसे आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के कार्य को पहली प्राथमिकता दी गई। उस समय अग्रिम दल के अन्य सदस्यों, जिसमें जहीर अब्बास, उप पुलिस अधीक्षक, कुलगाम, उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, एआरपी-115630, एसजीसीटी सोनम स्टोबगायस, ए आर पी-996597 और एसजीसीटी मोहम्मद हुसैन, ईएक्स के-984253 शामिल थे, सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम ने सभी आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के अनेक प्रयास किए और सफल रहे। चूंकि अंधेरा घिर रहा था, इसलिए लक्षित क्षेत्र में प्रकाश की व्यवस्था करने तथा बचकर भागने के सभी संभावित रास्तों पर कंसर्टिना तार बिछाने सहित समुचित प्रबंध किए गए। श्री मुमताज अहमद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम द्वारा तदनुसार अभियान में शामिल जवानों को छिपे हुए आतंकवादी के प्रचालन और क्षमताओं की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई/उन्हें अवगत कराया गया। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम ने एक अपनी कमान में तथा दूसरा श्री जहीर अब्बास, उप पुलिस अधीक्षक, प्रचालन, कुलगाम की कमान में दो दल बनाए ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छिपे हुए आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने को कहा गया जिसने ऐसा करने से मना कर दिया और सुनियोजित तरीके से घेराबंदी तोड़ने तथा घटनास्थल से बचकर भागने के उद्देश्य से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए तथा ग्रेनेड फेंकते हुए

बाहर निकला। तथापि, श्री मुमताज अहमद, एस एस पी कुलगाम और श्री सज्जाद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक प्रचालन कुलगाम ने अपने दल के सदस्यों, जिसमें उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, एसजीसीटी सोनम स्टोबगायस और एसजीसीटी मोहम्मद हुसैन शामिल थे, ने असाधारण धैर्य और बहादुरी का परिचय देते हुए गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया जिसके कारण उग्रवादी पीछे हटने के लिए विवश हो गया। अंदर छिपे हुए उग्रवादी ने अचूक घेराबंदी को भेदने के लिए इस प्रकार के कई प्रयास किए लेकिन सामान्यत: अभियान में शामिल जवानों विशेषकर उपरोक्त पुलिस कार्मिकों ने अपना संतुलन बनाए रखा और अंदर छिपे हुए उग्रवादी को किसी भी तरफ से घेराबंदी तोड़ने का कोई मौका नहीं दिया। इस बीच उग्रवादी ने अपनी स्थिति दयनीय जानकर जबरदस्त गोलीबारी करते तथा ग्रेनेड फेंकते हुए बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन उपरोक्त पुलिस कार्मिकों की प्रभावी जवाबी कार्रवाई ने उग्रवादी को लक्षित मोहल्ले के एक मस्जिद के पीछे शरण लेने पर विवश कर दिया। उपरोक्त पुलिस कार्मिकों ने मस्जिद के पीछे छिपे उग्रवादी को ताड़ लिया तथा निर्णायक हमला बोला जिसके चलते वह उग्रवादी मारा गया जिसकी पहचान बाद में एलईटी के डिवीजनल कमांडर अब्दुल रहमान उर्फ अबु कासिम निवासी बहावलनोर पाकिस्तान के रूप में हुई। मुठभेड़-स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए और इस संबंध में पुलिस थाना कुलगाम में धारा 307 आरपीसी, 7/27 आईए अधिनियम के तहत एक मामला एफआईआर सं. 223/2015 दर्ज है। पूरे अभियान के दौरान श्री मुमताज अहमद, एस एस पी कुलगाम, श्री जहीर अब्बास, उप पुलिस अधीक्षक प्रचालन कुलगाम, उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, एसजीसीटी सोनम स्टोबगायस और एसजीसीटी मो. हुसैन द्वारा प्रदर्शित विशिष्ट/निर्णायक भूमिका उल्लेखनीय रही। इसमें केवल सटीक आसूचना संग्रहण, योजना-निर्माण, अत्यन्त कुशल रणनीतिक सूझ-बूझ/बुद्धिमता तथा प्रतिबद्धता का परिचय दिया गया था जिसके कारण बिना किसी भारी क्षति के अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उग्रवादी का सफाया सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता सिद्ध हुआ तथा राज्य में सक्रिय एलईटी संगठन के लिए भारी झटका साबित हुआ।

मृतक उग्रवादी पिछले 05 वर्षों से राज्य में सक्रिय था। वह 5 अगस्त, 2015 को बीएसएफ कानवायी पर हुए उधमपुर हमले, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों की मृत्यु हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे, 7 अक्तूबर, 2015 को गुंड डाचिन बांदीपोरा में निरीक्षक मोहम्मद अल्ताफ डार की हत्या करने, हैदरपुरा श्रीनगर बाइपास पर फिदायीन हमले, जिसमें सेना के 08 जवानों की मृत्यु हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे, एसकेआईएमएस के कार्यकारी निदेशक डॉ. जलालुद्दीन और उनके पीएसओ की हत्या करने, कदलाबल पंपोर के निकट बीएसएफ बस पर हमले, जिसमें उप कमांडेंट सहित छह बीएसएफ कार्मिक घायल हुए थे, गालांदेर पंपोर में पुलिस दल पर हमला करने, जिसमें दो कांस्टेबलों की मृत्यु हो गई थी, वर्ष 2013 में एसएचओ पुलिस थाना चदूरा की हत्या करने, वर्ष 2013 में 02 सीआरपीएफ कार्मिकों की हत्या करने, वर्ष 2014 में न्यायालय परिसर पुलवामा में दो एसपीओ को मारने, दिनांक 04.11.2014 को बाटापोरा टोकुना में गोलियां चलाने, कैसर मुल्लाह चदूरा में एक पुलिसकर्मी और एक सेना जवान की हत्या करने, अवनुपुरा जैनपोरा शोपिया में सीआरपीएफ कार्मिकों की हत्या करने/हथियार लूटने, नागबल जैन पोरा शोपियां में सीआरपीएफ मतदान पार्टी पर हमला करने जिसमें कई सीआरपीएफ कर्मी घायल हो गए तथा एक शिक्षक की मृत्यु हो गई, शोपियां में पुलिस दल पर हमला करने तथा श्रीनगर बाइपास पर होटल सिल्वर स्टार पर हमला करने, जिसमें दो निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई, सहित अनेक आतंकी/आपराधिक मामलों में संलिप्त था। वह एलईटी संगठन में भर्ती करने वालों का मुखिया था और उसने लगभग 25 स्थानीय युवाओं की एलईटी संगठन में भर्ती की थी।

बरामदगी-

1.	एके 47 राइफल	-	01
2.	मैग. ए के	-	02
3.	जिंदा राउंड	-	09

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मुमताज अहमद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जहीर अब्बास, उप पुलिस अधीक्षक, देवेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक, सोनम स्टोबगायस, एसजीसीटी और मोहम्मद हुसैन वानी, एसजीसीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार / पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.10.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 134-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार / वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. तनवीर जीलानी, पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. सजाद अहमद मलिक, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. गुलजार हुसैन खान, हैड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.09.2015 को लगभग 1400 बजे श्रीनगर पुलिस को नमन गांव, बेगमबाग काकपोरा, पुलवामा में उग्रवादी की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार श्री तनवीर जीलानी, पुलिस अधीक्षक पी सी श्रीनगर के गहन पर्यवेक्षण में श्रीनगर पुलिस और 50 आरआर की सैन्य टुकड़ियां तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हो गई और समूचे गांव की घेराबंदी कर दी। अभियान को सफल बनाने के लिए, अभियान के जवानों को तीन दलों में विभाजित किया गया। सैयद माजिद मोसावी, उप पुलिस अधीक्षक पी सी श्रीनगर के नेतृत्व वाले तथा 50 आर आर की सैन्य टुकड़ियों वाले पहले दल को लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, पी सी श्रीनगर के उप पुलिस अधीक्षक फुर्कान कादिर के नेतृत्व में दूसरे दल ने लक्षित मोहल्ले की घेराबंदी की तथा उप पुलिस अधीक्षक सज्जाद अहमद मलिक के पर्यवेक्षण में तीसरे दल, जिसमें हैड कांस्टेबल गुलजार हुसैन, ई एक्स के- 973256 शामिल थे, को मोहम्मद यूसुफ डार के लक्षित मकान की अंदरूनी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। इस बीच, छिपा हुआ उग्रवादी अभियान दल के सदस्यों की उपस्थिति भांपते हुए वहां से बचकर भागने की एक सुनिश्चित चाल के तहत अचानक बाहर निकला और अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। तथापि, अग्रिम दल, जिसमें उपर्युक्त पुलिसकर्मी शामिल थे, ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए उग्रवादी का पीछा किया जिसके कारण वह पास के मक्के के खेतों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गया। मक्के के खेत तथा आस-पास के धान के खेतों में लोगों की उपस्थिति पर गौर करते हुए जवाबी गोलीबारी रोक दी गई।

इस स्थिति में श्री तनवीर जीलानी, पुलिस अधीक्षक पी सी श्रीनगर ने दो छोटे दल बनाए, एक का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक सजाद अहमद मलिक तथा दूसरे का नेतृत्व हैड कांस्टेबल गुलजार हुसैन कर रहे थे और दोनों ने सभी ओर से लक्ष्य की ओर जाना आरंभ किया। जैसे ही अग्रिम दल, जिसमें उपर्युक्त पुलिस कर्मी शामिल थे, छिपे हुए उग्रवादी की ओर बढ़े, वह बौखलाकर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। तथापि, अग्रिम दलों के जवानों ने विभिन्न दिशाओं से उग्रवादी को व्यस्त किए रखा और उप पुलिस अधीक्षक सजाद अहमद मलिक, उप पुलिस अधीक्षक पी सी श्रीनगर और हैड कांस्टेबल गुलजार हुसैन सहित श्री तनवीर जीलानी पुलिस अधीक्षक, पी सी श्रीनगर रेंगते हुए उग्रवादी के समीप पहुंचे और अपने प्राणों की परवाह किए बिना निर्णायक प्रभावी हमला बोला जिसके परिणामस्वरूप उग्रवादी मारा गया, जिसकी पहचान बाद में एल ई टी संगठन के ग्रुप कमांडर इरशाद गनई उर्फ अबु अब्दुल्लाह नावीद उर्फ रहमान-उल-उमर पुत्र अब्दुल माजीद गनई निवासी लरिकिपोरा, अवंतीपोरा के रूप में हुई। मुठभेड़-स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए तथा इस संबंध में पुलिस थाना पुलवामा में धारा 307 आरपीसी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत एक मामला एफ आई आर सं. 289/2015 दर्ज है। मृतक आतंकवादी पिछले पांच वर्षों से दक्षिण/मध्य कश्मीर रेंज में सक्रिय था और सुरक्षा बलों पर हमलों, भीड़-भाड़/बाजार स्थलों पर ग्रेनेड फेंकने, हथियार लूटने की घटनाओं सहित अनेक आपराधिक/आतंकी घटनाओं में संलिप्त था और क्षेत्र में संरपंचों/पंचों को धमकाने/उनके इस्तीफे के लिए जिम्मेदार था। मृतक उग्रवादी का सफाया एल ई टी संगठन के लिए बहुत बड़ा झटका, सुरक्षा बलों के लिए भारी सफलता तथा आम जनता विशेषकर मध्य/दक्षिण कश्मीर रेंज के लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आया।

की गई बरामदगी-

1. ए के 56 राइफल - 01 (क्षतिग्रस्त)
2. मैगजीन ए के-56 - 02 (01 क्षतिग्रस्त)
3. जिंदा राउंड - 59

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री तनवीर जीलानी, पुलिस अधीक्षक, सजाद अहमद मलिक, उप पुलिस अधीक्षक और गुलजार हुसैन खान, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.09.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 135-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जावेद इकबाल,
पुलिस अधीक्षक

02. राकेश पंडित,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06.08.2015 को 1350 बजे पुलवामा पुलिस को गांव अस्तान मोहल्ला काकापोरा में एक उग्रवादी के मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई जो इलाके में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। श्री जावेद इकबाल, के पी एस पुलवामा ने और जानकारी/विशिष्ट सूचना एकत्र की और पता चला कि उग्रवादी अब्दुल माजिद सोफी पुत्र अली मोहम्मद और अर्शिद अहमद सोफी पुत्र अब्दुल गनी के साझे मालिकाना हक वाले मकान में छिपा हुआ है। इस सूचना को 50 आरआर, 182/183 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को देने के बाद, एएसआई राकेश पंडित नं.252/पी, एल, 50 आरआर और 182/183 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सैन्य टुकड़ियों वाले पी सी पुलवामा के एक पुलिस दल की सहायता से ए एस पी पुलवामा श्री जावेद इकबाल, के पी एस की कमान में लक्षित मोहल्ले की संयुक्त रूप से घेराबंदी की गई।

इलाके में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान, लक्षित मकान में छिपे हुए उग्रवादी ने घेराबंदी को तोड़ने और वहां से बचकर भाग निकलने की मंशा से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करना आरंभ कर दिया। तथापि, ए एस आई राकेश पंडित सहित दल के अन्य सदस्यों की सहायता से श्री जावेद इकबाल- के पी एस (ए एस पी पुलवामा) द्वारा सूझ-बूझ और असाधारण बहादुरी का परिचय दिए जाने के कारण गोलीबारी का प्रभावी तरीके से जवाब दिया जा सका जिससे मुठभेड़ आरंभ हो गई। अभियान दल के सामने जो पहली चुनौती थी, वह लक्षित मकान और पास के मकानों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की थी। तदनुसार, एएसआई राकेश पंडित सहित एएसपी पुलवामा के पर्यवेक्षण वाला पुलिस दल अपनी बहुमूल्य जिंदगियों को दांव पर लगाकर फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हो गया। लोगों को बाहर निकालने की प्रक्रिया के पश्चात, उग्रवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उसने मना कर दिया और इसके स्थान पर अंधाधुंध गोलियां चलाने लगा। चूंकि अंधेरा होने लगा था, इसलिए लक्षित इलाके में कन्सर्टिना तार डालने और रोशनी का प्रबंध करने आदि जैसे विभिन्न उपाय किए गए ताकि घेराबंदी वाले जगह से उग्रवादी के बचकर भाग निकलने के प्रत्येक प्रयास को विफल किया जा सके। तथापि, पूरी रात गोलियां चलती रहीं और इसका भरपूर जवाब दिया जाता रहा। सुबह लगभग 0400 बजे अभियान फिर से आरंभ हुआ और अंतिम हमला करने का निर्णय लिया गया। इस उद्देश्य के लिए, दो दल बनाए गए जिसमें से एक का नेतृत्व श्री जावेद इकबाल, के पी एस ए एस पी पुलवामा कर रहे थे जिसमें ए एस आई राकेश पंडित और सेना/केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की अन्य सैन्य टुकड़ियां शामिल थीं। इन दलों ने, विशेषकर पुलिस दल ने अंतिम हमला किया जिसके परिणामस्वरूप छिपा हुआ उग्रवादी, जिसकी पहचान बाद में एल ई टी संगठन के मोहम्मद अफजल शाह उर्फ तालिब पुत्र शम्सदीन शाह निवासी काकापोरा के रूप में हुई, ढ़ेर हो गया। मुठभेड़-स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद हुए तथा इस संबंध में पुलिस थाना पुलवामा में धारा 307 आर पी सी, 7/27 आई ए अधिनियम के तहत एक मामला एफ आई आर सं. 36/2015 दर्ज है। मृतक उग्रवादी पिछले 2 वर्षों से सक्रिय था और 14 मामलों की एफ आई आर में शामिल था। इसके अतिरिक्त, वह नए युवाओं को उग्रवादी काडरों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का मुख्य षडयंत्रकारी भी था और वह आदिल अहमद शेरगोजरी, मोहम्मद अयूब लोन, काकपोरा, रियाज अहमद उर्फ

शीराज, मंसूर अहमद भट और आजाद अहमद लोन जैसों को आतंकवादी बनाने में सफल भी रहा था। यह मृतक उग्रवादी क्षेत्र की पंचायत के सदस्यों के लिए भी भारी खतरा था और इनमें से कइयों के इस्तीफों के पीछे उसका हाथ था। उसके खात्मे से उग्रवादी काडरों विशेष रूप से एल ई टी संगठन को भारी झटका लगा और इससे कश्मीर प्रांत विशेषकर दक्षिणी कश्मीर में सुरक्षा बलों/आम नागरिकों को काफी राहत मिली।

की गई बरामदगी-

1.	बिना बट्ट वाली राइफल (एके 56)	-	01
2.	मैगजीन (एके-56)	-	04
3.	राउंड (एके 56)	-	105
4.	ग्रेनेड	-	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जावेद इकबाल, पुलिस अधीक्षक और राकेश पंडित, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.08.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 136-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पंकज शर्मा,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.10.2015 को लगभग 1620 बजे पुलवामा पुलिस को ड्रबगाम बाला गांव में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिली। तदनुसार 44-आर आर,182/183 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सहायता से समूचे गांव की सम्मिलित रूप से घेराबंदी की गई। चार दल गठित किए गए तथा उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व वाले दल तथा उप निरीक्षक पंकज शर्मा ने लक्षित क्षेत्र में तलाशी आरंभ की और जब तलाशी दल अब्दुल अहमद भट के मकान के समीप पहुंचा, तब अंदर छिपे उग्रवादियों ने पीछे की खिड़की से छलांग लगा दी और अंधाधुध गोलीबारी की आड़ लेते हुए उस मकान के साथ लगे बागीचे की ओर भागे। तथापि, अग्रिम तलाशी दल, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक और उप निरीक्षक पंकज शर्मा शामिल थे, ने असाधारण साहस का परिचय दिया और गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब देते हुए उग्रवादियों को घेराबंदी तोड़ने का कोई मौका नहीं दिया। एक उग्रवादी ने सेब के पेड़ के पीछे पोजीशन ली हुई थी और अग्रिम दल, जिसमें उप निरीक्षक पंकज शर्मा शामिल थे, ने उसे नजदीकी गोलीबारी में उलझा दिया जो कुछ समय तक चली और इसकी परिणति उस उग्रवादी के खात्मे के रूप में हुई।

एक अन्य उग्रवादी दूसरी दिशा से लगातार गोलीबारी कर रहा था जिसके कारण 44 आर आर के एक सेना कर्मी श्री कंकरा वी. सुब्बा रेड्डी घायल हो गए। उन्हें तत्काल सुरक्षित बाहर निकाला गया और प्राथमिक चिकित्सा/उपचार के लिए उन्हें निकट के अस्पताल ले जाया गया। उस समय यह बात पता चली कि कुछ आम नागरिक भी लक्षित/आस-पास के मकानों में अंदर फंसे हुए हैं। उप पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण वाले दल, जिसमें उप निरीक्षक पंकज शर्मा भी शामिल थे, ने फंसे लागों को सुरक्षित बाहर निकालना आरंभ कर दिया और लगातार किए गए प्रयासों से फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बचाव अभियान समाप्त हो जाने के बाद, दल ने छिपे हुए उग्रवादी पर निर्णायक हमला किया और उसे मार गिराने में सफल रहा। मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में एच एम संगठन के आफाकुल्ला भट पुत्र अब्दुल राशिद भट निवासी करीमाबाद पुलवामा तथा अब्दुल मनन डार पुत्र बशीर अहमद डार निवासी अमरबाग शोपियां के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए और इस संबंध में पुलिस थाना

राजपोरा में धारा 307 आर पी सी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत एक मामला एफ आई आर सं. 71/2015 दर्ज है। मारे गए उग्रवादी तीन अलग-अलग जिलों में दर्ज तीन एफ आई आर सहित अनेक आपराधिक/आतंकी गतिविधियों में संलिप्त थे। उप निरीक्षक पंकज शर्मा अपनी जान की परवाह न करते हुए घेराबंदी डालने से लेकर निर्णायक हमले तक की पूरी अभियान प्रक्रिया के दौरान बहादुरी से लड़ते रहे और दोनों उग्रवादियों को ढ़ेर करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बरामदगी-

1.	राइफल (ए के 47)	-	01
2.	मैगजीन (ए के-56)	-	01
3.	मैगजीन ए के	-	03
4.	ए के राउंड	-	109
5.	ए के राउंड	-	05 (क्षतिग्रस्त)

इस मुठभेड़ में श्री पंकज शर्मा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.10.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 137-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री तेवांग नामगैल,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.12.2015 को लगभग 1802 बजे पुलिस अधीक्षक पुलवामा को गुसू गांव में मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र मोहम्मद अली भट के मकान में उग्रवादियों के मौजूद होने के बारे में विशेष जानकारी मिली जो इलाके में कुछ आतंकी कार्रवाई करने की योजना बना रहे थे। तदनुसार, पुलिस, 53-आर आर तथा 182/183 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अभियान से जुड़े जवान लक्षित गांव की ओर कूच कर गए और लक्षित गांव सहित समूचे इलाके की घेराबंदी कर दी। इस बीच, लक्षित मकान के पास जाने के दौरान छिपे हुए उग्रवादियों ने अभियान दल के जवानों को देखकर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी ताकि वे वहां से बचकर भाग जा सकें। तथापि, अग्रिम दल, जिसमें निरीक्षक तेवांग नामगैल, ई एक्स के-046064 शामिल थे, सूझ-बूझ का परिचय देते हुए तत्काल पोजीशन ले ली और गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया जिससे उग्रवादियों को पीछे हटने पर विवश होना पड़ा। इस बीच, यह पता चला कि कुछ आम नागरिक लक्षित क्षेत्र में फंस गए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक दल बनाया गया, जिसमें निरीक्षण तेवांग नामगैल शामिल थे। दूसरी ओर से हो रही भारी गोलीबारी के बावजूद यह दल, अनेक प्रयासों के द्वारा वहां फंसे लागों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहा। अंधेरा होने के कारण, उग्रवादियों के अंधेरे समय के दौरान भाग जाने से रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के बाद अभियान रोक दिया गया। अगले दिन सुबह, अंदर छिपे उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे मना कर दिया और इसकी बजाय उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी करना और ग्रेनेड फेंकना चालू कर दिया। तथापि, अग्रिम दल, जिसमें निरीक्षक तेवांग नामगैल शामिल थे, ने पुन: असाधारण धैर्य और बहादुरी का परिचय देते हुए गोलीबारी का भरपूर जवाब दिया और भीषण गोलीबारी होने लगी। दोनों ओर से गोलियां कुछ समय तक चलती रही और इसके कारण बिना किसी भारी नुकसान और संपत्ति को क्षति पहुंचे बिना छिपे हुए उग्रवादी मार गिराए गए। मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में एलईटी संगठन के जिला कमांडर मंजूर अहमद भट पुत्र अब्दुल राशिद भट निवासी अलोचीबाग साज्नबोरा पुलवामा और उकाशा उर्फ मुस्लिम भाई निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई जो हाल ही में कुपवाडा/हंदवाडा क्षेत्र से पुलवामा जिले में पहुंचा था। मुठभेड़-स्थल से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए और इस संबंध में पुलिस थाना पुलवामा में धारा 307 आरपीसी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत एक मामला एफ आई आर सं.413/2015 दर्ज

है। मारे गए उग्रवादियों की सुरक्षा बलों को काफी तलाश थी क्योंकि वे विभिन्न आपराधिक/आतंकी हमलों में संलिप्त थे और वे उधमपुर में बी एस एफ कान्वॉय पर हुए हमले से संबंधित षडयंत्र में भी शामिल थे। इन दोनों उग्रवादियों का मारा जाना एलईटी संगठन के लिए बहुत बड़ा धक्का था तथा इनकी मृत्यु कश्मीर प्रांत विशेषकर दक्षिण एवं मध्य कश्मीर रेंज में सुरक्षा बलों/आम नागरिकों के लिए बहुत बड़ी राहत थी।

की गई बरामदगी-

6.	राइफल (ए के 47)	-	02 (01 क्षतिग्रस्त)
7.	मैगजीन (ए के-47)	-	04 (02 क्षतिग्रस्त)
8.	ए के राउंड	-	66

इस मुठभेड़ में श्री तेवांग नामगैल, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.12.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 138-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अमित वर्मा,
उप पुलिस अधीक्षक

02. शकील-उर-रहमान,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.03.2013 को बेमिना पुलिस पब्लिक स्कूल में एलईटी संगठन के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों अर्थात् सैफ और हैदर द्वारा फिदायीन हमला किया गया। भीषण गोलीबारी के दौरान, पांच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों की मृत्यु हो गई तथा छह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिक और चार आम नागरिक घायल हो गए। गोलीबारी के दौरान, दोनों आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। इस भीषण हमले के तत्काल बाद, एस एस पी श्रीनगर के पर्यवेक्षण में उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एस जी सी जी शकील-उर-रहमान, महराज दीन एवं अन्य के साथ इस हमले के दोषियों की पहचान करने और उनके सफाये के लिए एक दल का गठन किया गया। जांच के दौरान, एक संदिग्ध मोबाइल नंबर की पहचान हुई थी जिसका बाद में असली षडयंत्र का पता लगाने के लिए विश्लेषण किया गया। इस बीच, उरी क्षेत्र से एक संदिग्ध चरित्र वाले व्यक्ति की पहचान की गई, जिसे इस घटना के पीछे माना गया था। इस संबंध में जुटायी गई जानकारी से पता चला कि एल ई टी संगठन के बशीर अहमद मीर उर्फ हारून पुत्र मीर जमान मीर निवासी उरी,बारामुला, एल ई टी संगठन के मुख्तार अहमद शाह तथा प्रदीप सिंह बाली नामक व्यक्ति इस हमले के लिए जिम्मेदार थे।

जुटायी गई खुफिया जानकारी पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई के तहत पी सी श्रीनगर के जवानों को दिनांक 13.03.2013 के सायं काल में बटमालू बाइपास पर तैनात किया गया जहां से सूचना थी कि एल ई टी संगठन का बशीर अहमद मीर उर्फ हारून निजी वाहन में किसी अज्ञात स्थान पर जाने के लिए वहां से गुजरने वाला है। जवानों ने नाका डाला तथा वाहनों और पैदल यात्रियों की तलाशी आरंभ की। कुछ समय बाद, पुलिस दल ने देखा कि निजी वाहन में यात्रा कर रहा एक यात्री जांच स्थल से गुजरते वक्त तलाशी से बचने का प्रयास कर रहा है। नाका दल तुरन्त हरकत में आया और यात्री को धर दबोचा। वहीं पर उससे सवाल-जवाब किए गए जिसमें उसने अपनी पहचान एल ई टी संगठन से संबंध बशीर अहमद मीर उर्फ हारून पुत्र मीर जमान मीर निवासी उरी बारामुला के रूप में बतायी। आगे और पूछ-ताछ के दौरान उसने बेमिना बाइपास पर हुए फिदायीन हमले की जिम्मेदारी भी स्वीकार की। उसके द्वारा किए गए खुलासे से यह

बात पता चली कि मोहम्मद जुबैर उर्फ तल्हा जरार निवासी मुल्तान, पाकिस्तान नामक एक आतंकवादी, जो फिदायीन हमले में भी शामिल था, ने उसकी सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था भी की थी तथा चट्टा बल श्रीनगर में अपने एक संबंधी के रिहायशी मकान में उक्त आतंकवादी को आश्रय भी दिलवाया था। तदनुसार, अभियान की योजना बनाई गई और उस दल को अग्रिम तौर पर स्थल के लिए रवाना किया गया ताकि उस लक्षित मकान की पहचान की जा सके जहां वह पाकिस्तानी आतंकवादी छिपा हुआ था।

दिनांक 14.03.2013 को, उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा की अगुवाई में पी सी श्रीनगर के एक पुलिस दल, जिसकी सहायता एस जी सी टी शकील-उर-रहमान कर रहे थे, ने चट्टाबल इलाके की घेराबंदी की। उस लक्षित मकान का पता लगाया गया, जहां वह पाकिस्तानी आतंकवादी छिपा हुआ था। अधिक क्षति से बचने के लिए, पुलिस दल को दो समूहों में विभाजित किया गया, पहला दल, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एस जी सी टी शकील-उर-रहमान, एवं अन्य शामिल थे, अंदरूनी घेराबंदी के लिए था तथा दूसरा दल बाहरी घेराबंदी के लिए था। 0130 बजे, पुलिस अधीक्षक पी सी श्रीनगर, जो अभियान के समग्र प्रभारी थे, ने लक्षित मकान के लोगों को बाहर निकालने तथा उसके बाद आतंकवादी को मार गिराने के लिए उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा की कमान में पी सी श्रीनगर का एक छोटा दल बनाया। दल ने युक्तिपूर्वक और बहादुरी के साथ उस पुरानी घनी आबादी वाले शहर के आस-पास के मकान के लोगों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सर्वप्रथम, अंदर छिपे आतंकवादी से आत्मसमर्पण का विकल्प चुनने के लिए कहा गया जिस पर उसने ध्यान नहीं दिया और अभियान बल पर गोलियां चलाने लगा। अंदरूनी घेराबंदी दल ने इसका प्रत्युत्तर दिया। इसके पश्चात् लगभग 0400 बजे मकान में घुसने की योजना बनाई गई। तथापि, जैसे ही हमला दल लक्षित मकान के समीप पहुंचा, उस पर छिपे हुए आतंकवादी ने जबरदस्त गोलीबारी की। आतंकवादी ने अभियान दल की तरफ दो ग्रेनेड भी फेंके। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, जो अंदरूनी घेराबंदी दल के प्रभारी थे, ने मकान में आगे की ओर के साथ-साथ पीछे की ओर से मकान में प्रवेश करने के लिए दो और छोटे दल बनाए। जैसे ही दूसरे दल ने पीछे की तरफ से मकान में घुसने का प्रयास किया, छिपे हुए आतंकवादी ने खिड़की से ग्रेनेड फेंका। तत्पश्चात् अमित वर्मा के नेतृत्व वाला पहला दल रेंगते हुए खिड़की के पास पहुंच गया, जिससे आतंकवादी झुंझला गया और घेराबंदी तोड़ने और वहां से भाग निकलने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। आतंकवादी के प्रयासों को देखते हुए, निरीक्षक शीतल चरक के नेतृत्व वाले दूसरे दल ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकवादी को भागने से रोक दिया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी बौखला गया। इस मौके पर कम से कम दो मिनट तक शांति छायी रही। यह अनुमान लगाया गया कि या तो छिपे हुए आतंकवादी का गोलाबारूद खत्म हो गया है या वह और अधिक से अधिक क्षति पहुंचा कर सुरक्षित बाहर भागने का अंतिम प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर अंदर छिपे आतंकवादी को पुन: आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। आतंकवादी चतुराई से पुलिस बल को धोखा देने के लिए आत्मसमर्पण करने पर सहमत हो गया। तब उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा एवं एस सी जी टी शकील-उर-रहमान वाला पुलिस दल हॉल में खुले में आ गया और बहादुरी के साथ आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। तभी आतंकवादी अलमारी के पीछे से पुलिस दल के सामने आया और भागने के लिए खिड़की से कूद गया लेकिन पुलिस दल ने तत्काल फुर्ती दिखाते हुए हथियार और गोलाबारूद के साथ उस पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी को पकड़ लिया। उप पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा और एस जी सी टी शकील-उर-रहमान ने बहादुरी और धैर्य प्रदर्शित करके पाकिस्तानी आतंकवादी की गिरफ्तारी तथा उसके पास से भारी मात्रा में हथियारों/गोलाबारूद की बरामदगी को संभव बनाया।

बरामदगी-

1.	ए के 47	-	01
2.	मैगजीन एके-47	-	04
3.	राउंड ए के 55	-	177
4.	हैंड ग्रेनेड (ब्लू)	-	17
5.	हैंड ग्रेनेड (ग्रे)	-	19
6.	यूबीजीजी थ्रोअर	-	01
7.	यूबीजीएल ग्रेनेड शेल सिल्वर कलॅर	-	40
8.	हाई एक्सप्लोसिव बॉक्स (भरा हुआ)	-	02
9.	टाइमर (कैसियो-एफ-19 डब्ल्यू)	-	02
10.	फ्यूज कम डेटोनेटर	-	02

11.	रिमोट कंट्रोल किट	-	12
12.	मानचित्र	-	01
13.	जीपीएस जर्मन एट्रेक्स	-	03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अमित वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक और शकील-उर-रहमान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.03.2013 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 139-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मोहम्मद आरशी, आई पी एस
एस डी पी ओ

02. अजय ठाकुर,
उप निरीक्षक

03. सुबोध कुमार,
कांस्टेबल

04. जावेद अख्तर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

विशिष्ट आसूचना जानकारी के आधार पर, पुलिस थाना-चैनपुर, जिला-गुमला (झारखंड) के अंतर्गत गांव सरगांव के निकट कार्य कर रहे माओवादियों के शिविरों की खोज करने तथा उन्हें नष्ट करने के उद्देश्य से दिनांक 12.03.2015 को एक विशेष अभियान "नेप्च्यून स्पीयर-15" आरंभ किया गया। विशेष अभियान के लिए, 209 कोबरा, झारखंड जगुआर के एक हमला दल तथा गुमला पुलिस के अधिकारियों और कार्मिकों के 4 दलों वाले संयुक्त अभियान दल को एक साथ मिलाकर अन्य हमला दलों, एक कट-ऑफ दल और दो बेस शिविरों में विभाजित किया गया।

अभियान की योजना के अनुसार, दो हमला दलों में से एक हमला दल का नेतृत्व एस डी पी ओ गुमला सह ए एस पी गुमला श्री एम. आरशी, आईपीएस के पास था, जिनके साथ उनके पुलिस अंगरक्षक सुबोध कुमार, कांस्टेबल जावेद अख्तर, पालकोट पुलिस थाने, गुमला के प्रभारी अधिकारी उप निरीक्षक अजय ठाकुर, 209 बटालियन कोबरा के चार दल और अधिकारियों और जवानों के साथ झारखंड जगुआर का एक हमला दल भी था।

यह निर्णय लिया गया कि श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ गुमला के नेतृत्व वाला हमला दल पूर्व दिशा से गांव सरगांव के जंगल में प्रवेश करेगा। दिनांक 13.03.2015 को लगभग 0730 बजे जब हमला दल लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था, तब उसमें हमला दल के कमांडर श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ गुमला, अपने अंगरक्षकों कांस्टेबल सुबोध कुमार, कांस्टेबल जावेद अख्तर, उप निरीक्षक अजय ठाकुर, श्री विवेकानंद सिंह, उप कमांडेंट और एस आई/जीडी लखन लाल मीना आगे-आगे बढ़ रहे थे। आगे चल रहे सदस्यों ने लक्ष्य से कुछ मीटर पूर्व एक नाले में कुछ संदिग्ध आवाजाही देखी। हमला कमांडर श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ, गुमला ने तत्काल पूरे दल को सतर्क किया और अपने अंगरक्षकों कांस्टेबल सुबोध कुमार और कांस्टेबल जावेद अख्तर और 209 कोबरा के श्री विवेकानंद, उप कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी लखन लाल मीना के साथ सुनियोजित ढंग से आगे बढ़े, लेकिन माओवादियों ने उन टुकड़ियों को अपनी ओर आते भांप

लिया और इस अग्रिम दल को आगे बढ़ने से रोकने के लिए भारी गोलीबारी करने लगे, ग्रेनेड फेंकने लगे और आई ई डी विस्फोट किया। हमला होने पर मोर्चे पर मौजूद हमला दल ने तत्काल पोजीशन ले ली और श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ, गुमला ने माओवादियों को चेतावनी दी कि "हम पुलिस हैं, अपने हथियार फेंक दो और आत्मसमर्पण करो"। लेकिन माओवादियों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया और एल एम जी, ग्रेनेड और अन्य परिष्कृत स्वचालित हथियारों से अलग-अलग दिशाओं से मोर्चे पर मौजूद दल को निशाना बनाने लगे। हमलावार माओवादियों को एस डी पी ओ गुमला और एस आई अजय ठाकुर द्वारा लगातार और जोर-जोर से आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी जा रही थी, लेकिन माओवादियों ने आत्मसमर्पण की इस आवाज को बिल्कुल अनसुना कर दिया तथा लक्ष्य बनाकर पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे। तत्पश्चात् हमला दल के कमांडर श्री एम.आरशी, एस डी पी ओ ने आत्म-रक्षा के लिए सैन्य टुकड़ी को माओवादी हमले का जवाब देने के लिए समय-समय पर गोलियां चलाने का आदेश दिया।

श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ, ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना माओवादियों पर गोलियां चला रहे थे तथा अपनी निजी सुरक्षा को बिल्कुल ताक पर रखते हुए अभियान दल के अन्य सदस्यों की तरफ रेंगते हुए बढ़ रहे थे ताकि वे गोलीबारी के लिए साथियों को प्रोत्साहित कर सकें और उन्हें निर्देश दे सकें। श्री एम. आरशी एस डी पी ओ ने अपने अंगरक्षकों कांस्टेबल सुबोध कुमार और कांस्टेबल जावेद अख्तर और 209 कोबरा के श्री विवेकानंद, उप कमांडेंट, एस आई/जीडी लखन लाल मीना के साथ अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी की दिशा में बढ़ना जारी रखा। उनकी साहसिक कार्रवाई के कारण दल के अन्य सदस्य भी प्रभावी तरीके से जवाबी कार्रवाई के लिए प्रोत्साहित हुए। श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ, गुमला के नेतृत्व में अग्रिम दल की जवाबी गोलीबारी के कारण हमलावर माओवादियों को जबरदस्त क्षति पहुंची, माओवादियों का मनोबल टूटने से वे कमजोर पड़ने लगे और लगातार पीछे हटने लगे जिससे माओवादियों को अपनी सुरक्षित जगह से हटने पर मजबूर होना पड़ा।

जब श्री एम. आरशी, के नेतृत्व में अग्रिम दल आगे से गोलीबारी कर रहा था, तब एस आई अजय ठाकुर, अपनी दाहिनी ओर पहाड़ी पर कुछ संदिग्ध आवाजाही देखी। उन्होंने तत्काल अपने साथियों को संदिग्ध आवाजाही के बारे में सतर्क किया। एस आई अजय ठाकुर, 209 कोबरा के कर्मियों और उनकी टुकड़ियां पहाड़ी की ओर सुनियोजित ढ़ंग से बढ़ रही थीं, लेकिन जैसे ही वे पहाड़ी की ओर अग्रसर हुए पहाड़ी पर पहले से मजबूत स्थिति में मौजूद माओवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी और दल के सदस्यों को आगे से बढ़ने से रोकने के लिए आई ई डी विस्फोट करने लगे। भीषण गोलीबारी से सामना हो जाने के बावजूद, 209 कोबरा के श्री कुमार ब्रजेश, सहायक कमांडेंट, एस आई/जीडी भवानी सिंह मीणा, सी टी/जीडी वी.डी. कमलाकर सहित एस आई अजय कुमार ठाकुर, ओ सी पालकोट पुलिस थाना अचानक हुए हमले से बिना विचलित हुए बिना पहाड़ी पर आगे बढ़ना जारी रखा और साथ-साथ जवाबी कार्रवाई करते रहे। उनकी साहसिक कार्रवाई को देखते हुए दल के अन्य सदस्य भी उस दिशा में धावा बोलने के लिए प्रोत्साहित हुए और एक माओवादी को मार गिराने तथा अन्य को भाग जाने के लिए मजबूर करते हुए माओवादी हमले को विफल कर दिया। यह गोलीबारी लगभग 0900 बजे तक जारी रही और माओवादियों द्वारा की जा रही अंधाधुंध गोलीबारी और आई ई डी विस्फोट के बावजूद श्री एम. आरशी, एस डी पी ओ, गुमला की अनुकरणीय कमान में सैन्य टुकड़ियों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया और कई बेशकीमती प्राणों की रक्षा हो सकी।

यह पूरा अभियान अनुकरणीय ढ़ंग से निष्पादित किया गया जो सफल अभियानों के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। लाभ की स्थिति में होने के बावजूद माओवादी आश्चर्यचकित रह गए, उन्हें विफल कर दिया गया और उन्हें अपने स्थान से हटने के लिए मजबूर कर दिया गया। वे अपने पीछे एक माओवादी के शव को छोड़कर उस स्थान से भाग खड़े हुए। तलाशी अभियान के दौरान, माओवादियों के भागने वाले रास्ते पर खून के धब्बे और रक्तस्राव की लकीर पाई गई। विश्वस्त सूत्रों ने सूचित किया कि मुठभेड़ के दौरान कुछ अन्य माओवादी भी मारे गए थे और कुछ अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए थे, लेकिन माओवादी घने जंगल और पहाड़ियों का लाभ उठाकर उन्हें अपने साथ ले गए। माओवादी के शव के साथ-साथ, वहां एक अमेरिकन अर्द्ध-स्वचालित राइफल (यू एस राइफल, स्प्रिंग फील्ड), 02 मैगजीन, 110 गोलियां, 01 हैंड ग्रेनेड, 01 वॉकी-टॉकी (मोटरोला) और अन्य वस्तुएं भी मिलीं। मृतक की पहचान, बाद में, सब-जोनल कमांडर भूपेश उर्फ दीपक जी के रूप में हुई। इस अभियान से माओवादियों के मनोबल तथा तैयारी को अभूतपूर्व क्षति हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मोहम्मद आरशी, आई पी एस, एस डी पी ओ, अजय ठाकुर, उप निरीक्षक, सुबोध कुमार, कांस्टेबल और जावेद अख्तर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.03.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 140-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. नितिन अंकुश माने,
सहायक पुलिस निरीक्षक

02. मल्लेश पोचम केदमवार,
हेड कांस्टेबल

03. जितेन्द्र मोतिराम मारगाये,
नायक

04. गजेन्द्र हीरजी सौन्जल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.05.2016 को 1645 बजे अपर पुलिस अधीक्षक (आप्स), गढ़चिरौली को विश्वस्त सूत्रों से होरेकासा के जंगल क्षेत्र में 10 से 12 सशस्त्र नक्सलियों तथा गांव में 2-3 नक्सली काडरों की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने तत्काल अभियान की योजना बनाई तथा पी एस आई राजेश खाण्डवे की अगुवाई वाले मल्लेश कदमवार सी-60 दल को इलाके में नक्सल-रोधी अभियान चलाने का जिम्मा सौंपा। पी एस आई राजेश खाण्डवे, सी-60 दल के कमांडर मल्लेश कदमवार अपने 14 कमांडो के साथ 1730 बजे अभियान के लिए चल पड़े।

यह पुलिस दल 1830 बजे होरेकासा के जंगल में पहुंचा और तत्पश्चात योजना के मुताबिक तीन छोटे समूहों में बंट गया। उन्होंने तीन दिशाओं से गांव को घेर लिया तथा प्रत्येक गली और मकान की तलाशी लेते हुए समीप जाने लगे। जैसे ही पुलिस दल गांव के बीचों बीच स्थित एक मकान के पास पहुंचा, उस मकान से उन लोगों पर गोलियां दागी गईं। पुलिस कार्मियों ने तत्काल जमीन पर कवर लिया तथा नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की। मकान का तीन हिस्सा ग्रामीणों के मकानों से घिरा हुआ था जबकि चौथा हिस्सा स्थिर बांस की बाड़/दीवार से घिरा हुआ था। मकान की अवस्थिति पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि वहां कवर लेने तथा शत्रु पर गोलियां चलाने की कोई जगह मौजूद ही नहीं थी। इसके अलावा, शत्रु मकान की पहली मंजिल पर था और पहली मंजिल पर केवल भूतल की छत पर जाने की जगह पर लगी सीढ़ी के द्वारा ही जाया जा सकता था।

मकान में मौजूद नक्सलियों ने मकान में पहले से मौजूद दो ग्रामीणों को बंधक बना लिया। एच सी/1961 मल्लेश कदमवार और उनके दल ने गांव पाटील (गांव प्रमुख) और ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नक्सली काडरों के पास पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का संदेश पहुंचा दें। तथापि, मकान में मौजूद नक्सली काडरों ने गांव पाटील को लौटा दिया और उन्हें चेतावनी दी कि "यह मामला पुलिस और उनके बीच है। अच्छा होगा कि गांव वाले इस मामले में हस्तक्षेप न करें, हम पुलिस दल को इतनी आसानी से जाने नहीं देंगें। इसके पश्चात, नक्सलियों ने पुलिस दल के ऊपर भारी गोलीबारी की जिसमें कवर लेने के दौरान 1) एन पी सी/1683 जितेन्द्र मारगाये और 2) पी सी/3083 रमेश असम नामक दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। कोई समय गंवाए बिना एच सी मल्लेश कदमवार अपनी जान जोखिम में डालकर नक्सलियों पर जवाबी गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े, कि एन पी सी/168 जितेन्द्र मारगाये ने उन्हें कवर फायर दिया। इस मौके पर, ए पी आई नितिन माने और पी सी/830 गजेन्द्र सौन्जल भारी जोखिम उठाते हुए सीढ़ी की सहायता से दीवार पर चढ़ गए और लोहे की रॉड से खिड़की को चकनाचूर कर दिया। इसके पश्चात, उन्होंने खिड़की में बनी जगह से कमरे में दनादन गोलियां चलाईं। इसके बाद ये दोनों लोग छत पर चढ़ गए और वहां से अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं (छत की कुछ टाइलों को हटाने के बाद)। यह अत्यधिक जोखिम भरा कार्य था क्योंकि वे बिना कवर के इतने नजदीक से गोलियां चला रहे थे। पी एस आई राजेश खाण्डवे ने अपर पुलिस अधीक्षक को संदेश भेजा और अतिरिक्त बल की मांग की।

यह सूचना प्राप्त होते ही अपर पुलिस अधीक्षक (आप्स.) गढ़चिरौली ने तत्काल योजना बनाई, उचित प्रकार से जवानों को जानकारी दी और अतिरिक्त जनशक्ति भेजी। तदनुसार, 2100 बजे पी सी/2279 शामराव डुग्गा पुलिस दल के साथ होरेकासा पहुंचे और दक्षिण की तरफ से मकान को घेर लिया। लगभग 2100 बजे, ए पी आई नितिन माने ने 9 जवानों के साथ मकान को उत्तर की ओर से

घेरा लिया तथा 2130 बजे 15 जवानों तथा चिकित्सकों के एक दल के साथ उप पुलिस अधीक्षक घटना-स्थल पर पहुंचे और घायल जवानों को चिकित्सीय उपचार के लिए भेज दिया जबकि नक्सली पुलिस बलों की ओर गोलियां चलाते रहे।

गांव के कुछ नक्सली समर्थकों ने चल रहे अभियान में हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया और पुलिस दल के लिए एक और मुसीबत खड़ी कर दी। उप पुलिस अधीक्षक आप्स. ने अपने दल की सहयता से गोलीबारी की जगह से ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला जाना सुनिश्चित किया। उन्होंने एक बार फिर नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की, लेकिन उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां दागी। उप पुलिस अधीक्षक ने जवानों से नियंत्रित गोलीबारी करने के लिए कहा। वे और पांच अन्य जवान अपने प्राणों को दांव पर लगाकर बारूदी सुरंग रोधी वाहन को कवर के लिए मकान के समीप ले आए और नक्सलियों पर नियंत्रित गोलीबारी की नक्सलियों द्वारा की जा रही भीषण गोलीबारी के बावजूद, वे मकान की ओर बढ़े और मकान की पहली मंजिल पर जाने वाली सीढ़ी को खींच लिया। उन्होंने और उनके दल ने सबसे पहले मकान में मौजूद बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। उसके पश्चात्, उन्होंने स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कुछ समय के लिए उन्हें आघात पहुंचाने के लिए भूतल पर सुनियोजित ढ़ंग से एक हैंड ग्रेनेड फेंका। पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली ने अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन को घटना-स्थल पर भेजने का निर्णय लिया। 11 कमांडो के साथ अपर पुलिस अधीक्षक बारूदी सुरंग रोधी वाहनों पर घटना-स्थल पर तत्काल पहुंचे। उन्होंने चल रहे अभियान की बागडोर अपने हाथ में ले ली। मकान में मौजूद नक्सलियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। पुलिस के लिए मुख्य चुनौती आस-पास के मकानों में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना था ताकि हताहत होने और भारी क्षति होने से बचा जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक और उनके दल ने अपनी जानों को जोखिम में डालते हुए घटना-स्थल और आस-पास के मकानों से ग्रामीणों और नक्सल समर्थकों को सुरक्षित बाहर निकाला जाना सुनिश्चित किया। तीन कमांडों के साथ वे उत्तरी दिशा से मकान की ओर बढ़े। जब वे आगे की ओर रेंग रहे थे, तब उन्हें बिल्कुल सामने से गोलियों की बरसात का सामना करना पड़ा। ऐसी भयावह स्थिति में नक्सलियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के सामने बिना झुके हुए उन्होंने अन्य जवानों का मनोबल बढ़ाने में मदद की तथा मकान की एक ओर बांस से बनी बाड़ तक पहुंच गए। उधर पीसी/3634 शिवा गोर्ले के साथ अपर पुलिस अधीक्षक कवर फायर की सहायता से बांस की बाड़ को हटाने में जुटे थे, उन पर नक्सलियों ने और गोलियां दागी। बांस की बाड़ को नीचे गिराने के बाद, उन्होंने पीसी/3634 शिवा गोर्ले को भूतल के दरवाजे से यू बी जी एल शेल दागने का आदेश दिया तथा पीसी/3634 शिवा गोर्ले को कवर फायर प्रदान किया उनके पीछे पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए कवर फायर में, वे पी सी 3634/शिवा गोर्ले के साथ मकान के दरवाजे के निकट पहुंच गए और बहुत नजदीक जाकर उन्होंने गोलियां चलाई।

इस भीषण गोलीबारी के कारण मकान में आग लग गई और भूतल की छत नीचे गिरने लगी तथा जलने लगी। इसलिए, ए पी आई नितिन माने, पी सी/830 गजेन्द्र सौन्जल, अपर पुलिस अधीक्षक (आप्स.) और पी सी/3634 शिवा गोर्ले ने एकाएक अपने आपको अपनी-अपनी जगहों से हटा लिया और पोजीशन ले ली। इस बीच, नक्सली पी सी/165 अरविन्द कुमार मदावी के नेतृत्व वाले पुलिस कॅट ऑफ दल पर भारी गोलीबारी करते हुए मकान के बाहर आ गए। उसने अपनी जान को जोखिम में डालकर जवाबी गोलीबारी के द्वारा उस नक्सली पर हमला बोल दिया और उस दुर्दात नक्सली को घायल करने में सफल हो गए। परन्तु घायल होने के बावजूद वह नक्सली रात के अंधेरे में घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गया। जब गोलीबारी पूरी तरीके से बंद हो गई, तब पुलिस दल ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने के लिए हर-संभव प्रयास किया। अपर पुलिस अधीक्षक (आप्स.) ने दमकल बुलाया और जब आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया, तब वे अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ मकान के अन्दर गए। मकान की तलाशी लेने पर, एक शव, एक एके-47 राइफल, एक .303 राइफल, एके-47 राइफल के खाली खोखे और .303 राइफल पाई गई।

इस पूरे अभियान को खत्म करने में 11 घंटे लगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के इतिहास में यह पहला अवसर था जब नक्सलियों और पुलिस के बीच इतनी लंबी अवधि के लिए गोलियां चली हों और वह भी गांव में। इस अभियान में पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि आम नागरिकों या पुलिस से कोई हताहत नहीं हुआ। बंधक वाली स्थिति में 11 घंटे चले इस अभियान के कारण राजीता उर्फ साम्मा बिरजा उसेन्डी, एरिया कमेटी सेक्रेट्री चटगांव दलम नामक दुर्दात नक्सली और वरिष्ठ नक्सली काडर मारी गई। उसने विगत में गढ़चिरौली जिलों में सैकड़ों अपराध किए थे और उस पर 16 लाख का इनाम भी था।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री नितिन अंकुश माने, सहायक पुलिस निरीक्षक, मल्लेश पोचम केदमवार, हेड कांस्टेबल, जितेन्द्र मोतिराम मारगाये, नायक और गजेन्द्र हीरजी सौन्जल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.05.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 141-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. दत्तात्रेय भीमराव काले,
उप निरीक्षक

02. डोगे डोलू अतराम, (मरणोपरान्त)
नायक

03. स्वरूप अशोक अमरूतकर, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.03.2015 को मुखबिर से प्राप्त गुप्त जानकारी और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश और मार्गदर्शक अनुदेशों के अनुसार तीन दल कमांडरों अर्थात् एन पी सी/531 विनोद हिचामी, एन पी सी/2320 शंकर गोटा, एन पी सी/2276 राजेश टोपो के साथ पी एस आई दत्तात्रेय काले और पी एस आई दिलीप लोखंडे ने अपने दलों के साथ पुलिस थाना इटापल्ली के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत हिक्कर जंगल क्षेत्र में नक्सल-रोधी तलाशी अभियान आरंभ किया जो नक्सलियों का एक मजबूत गढ़ है। वे सुनियोजित ढ़ंग से दो समूहों में बँट गए और पहाड़ी एवं हिक्कर जंगल क्षेत्र में घने जंगलों वाले भू-भाग में पैदल चल रहे थे। लगभग 1650 बजे दल 1 किमी उत्तर मुसपरशी गांव की ओर बढ़ रहा था। जब पुलिस दल परलकोट नदी को पार कर रहा था तब 60 से 70 सशस्त्र नक्सलियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। जंगल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने पुलिस दल को अपनी जद में आता देख एकाएक अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। पुलिस कार्मिकों ने चट्टानों के पीछे उपलब्ध आड़ लेते हुए जमीन पर तत्काल पोजीशन ले ली और साथ-साथ नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब दिया।

पूर्व में भूभाग की लाभप्रद की स्थिति में होने के कारण माओवादियों द्वारा आरंभ में प्रभुत्व बनाए रखने के बावजूद, एन पी सी/2724 डोगे अतराम ने नक्सलियों की ओर गोलियां चलाई ताकि उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए दवाब बनाया जा सके और वे स्वयं नि:स्वार्थ तरीके से नक्सलियों के समूह की ओर आगे बढ़े। तथापि, बायीं ओर से अंधाधुंध गोलीबारी के कारण, एन पी सी/2724 डोगे अतराम को गोलियां लगी और वे नीचे गिर पड़े। नक्सली उन्हें तथा उनके हथियार-गोलाबारूद को ले जाने वाले ही थे, लेकिन पी सी/5589 कन्ना हिचामी ने कवर फायर दिया और घुटनों पर रेंगते हुए एन पी सी/2724 डोगे अतराम की ओर बढ़े और नक्सलियों पर गोलियां दागी तथा उन्हें रक्तरंजित कार्य करने से रोक दिया। इस मौके पर उन्हें उनके बायें कंधे पर गोली लगी। घायल होने के बावजूद उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उनका साथी सिपाही और उसका हथियार सुरक्षित रहे।

इसके साथ, पीएसआई दत्तात्रेय काले और एनपीसी/2990 स्वरूप अमृतकर, जो दूसरी छोर पर थे, ने उन नक्सलियों पर गोलियां चलाना आरंभ किया जो बायीं ओर से दल को घेरने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों ओर से हो रही गोलीबारी के दौरान एन पी सी/2990 स्वरूप अमृतकर को नक्सलियों द्वारा चलाई गई गोली लगी और वहीं उनका प्राणान्त हो गया। तथापि, पी एस आई दत्तात्रेय काले नक्सलियों की गोलीबारी के बीच आगे बढ़ते रहे और यह सुनिश्चित किया उनके दल को कम से कम क्षति हो। उस समय एन पी सी/2718 गोमजी मट्टामी ने बहादुरी के साथ कवर फायर देते हुए पी एस आई दत्तात्रेय काले की सहायता की तथा सुनियोजित ढंग से उन पहाड़ियों की ओर बढ़े जहां नक्सलियों ने पोजीशन ली हुई थी।

इस गोलीबारी के दौरान, एन पी सी/2438 याकूब पठान ने तत्काल कुछ लोगों को साथ में लिया तथा एक ओर से नक्सलियों की ओर बढ़ने लगे तथा नक्सलियों की गोलियों का बहादुरीपूर्वक सामना करते हुए अपने प्राणों को संकट में डालकर शत्रु की दिशा में बढ़ने लगे और साथ-साथ अपनी जान की परवाह न करते हुए यह सुनिश्चित किया कि उनके साथी और अधिकारी घेर लिए जाएं और सामूहिक नरसंहार न हो जाए। उपर्युक्त पुलिस कर्मी की पहल से दल के बाकी सदस्य भी प्रेरित हुए और वे भी अलग-अलग कोणों और पोजीशनों से आक्रामक होकर गोलियां चलाने लगे। इस आक्रामक रूख से नक्सलियों में भय फैल गया और वे घने जंगल और पहाड़ी भू-भाग की आड़ लेकर दूर भागने लगे। दोनों ओर से यह गोलीबारी लगभग 30 से 35 मिनट तक जारी रही।

इस प्रकार, उपर्युक्त पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण बहादुरी और अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता ने गंभीर रूप से नक्सल प्रभावित जिलों में कार्य कर रहे अन्य पुलिस कर्मियों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री दत्तात्रेय भीमराव काले, उप निरीक्षक, स्वर्गीय डोगे डोलू अतराम, हेड कांस्टेबल और स्वर्गीय स्वरूप अशोक अमरूतकर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22.03.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 142-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. एम. राजकुमार, आई पी एस
अपर पुलिस अधीक्षक

02. प्रफुल्ल प्रभाकर कदम,
उप निरीक्षक

03. विजय रमेशराव रत्नपारखी,
उप निरीक्षक

04. प्रमोद रंगनाथ भिंगरे,
उप निरीक्षक

05. मोतीराम बक्का मदावी,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.06.2014 को अपर पुलिस अधीक्षक एम. राजकुमार के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन किया गया। इसमें ए पी आई प्रफुल्ल कदम, ए पी आई विजय रत्नपारखी, पी एस आई प्रमोद भिंगरे, दल कमांडर ए एस आई। 1331 मोतीराम मदावी और 23 जवान, दल कमांडर प्रभुदास डुग्गा और 24 जवान शामिल थे। वे जूरी के जंगलों में पहुंचे और वाहनों से उतर गए। उसके पश्चात्, दल ने रणनीति बनाई और मंडोली, मेंधारी, पैदी और गडपल्ली के जंगलों में पैदल चलने लगे और नक्सल-रोधी अभियान आरंभ कर दिया।

दिनांक 14.06.2014 को सुबह लगभग 0900 बजे जब पुलिस दल मंदोली और पैदी के जंगलों में तलाशी ले रहा था, तभी अचानक ओलिव ग्रीन वर्दीधारी 30 से 40 सशस्त्र नक्सलियों ने पुलिस दल को मार डालने तथा उनसे आग्नेयास्त्र छीनने की मंशा से पुलिस दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री एम. राजकुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (आप्स.) के अनुदेशों पर, पुलिस दल ने पास के पेड़ों और चट्टानों के पीछे पोजीशन लेकर अपना बचाव किया। तदनुसार, पुलिस दलों ने भी आत्म-रक्षा में जबाव दिया। ए पी आई प्रफुल्ल कदम के साथ श्री राजकुमार सावधानीपूर्वक नक्सलियों की ओर आगे बढ़े और साथ ही साथ नक्सलियों पर गोलियां चलाई, जवाबी कार्रवाई संबंधी उनके अथक प्रयासों और धैर्यपूर्ण समन्वय से पुलिस दलों का मनोबल बढ़ा। ए पी आई रत्नपारखी, पी एस आई भिंगरे, पार्टी कमांडर ए एस आई/1331 मोतीराम मदावी अपने जवानों सहित पूर्व दिशा से आगे बढ़े। ये जवान नक्सलियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद तथा अपनी जानों को जोखिम में डालकर आगे बढ़ते रहे।

इस बीच, नक्सलियों के एक दल ने ताबडतोड़ गोलियां चलाकर ए पी आई रत्नपारखी, पी एस आई भिंगरे, ए एस आई/मोतीराम मदावी पर हमला किया। यह भांपते हुए कि उक्त कार्मिक घात लगाकर किए गए हमले का शिकार हो गए हैं, श्री राजकुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तत्काल उनकी मदद के लिए आगे बढ़े और नक्सलियों पर गोलियां बरसाने लगे। इस अवसर पर, ए पी आई प्रफुल्ल कदम श्री एम. राजकुमार के साथ हो लिए और वे दोनों एक साथ नक्सलियों के साथ भीषण गोलीबारी

करने लगे। इस बीच मोतीराम मदावी को भी गोली लगाई। नक्सली अपने साथियों को जोर-जोर से उनके नाम पुकार कर संबोधित कर रहे थे और एक-दूसरे को पुलिस कर्मियों को घेरने के लिए कह रहे थे। नक्सली गोलीबारी में कोई कमी नहीं आई थी।

घायल होने के बावजूद, पार्टी कमांडर ए एस आई/मोतीराम मदावी भी नक्सलियों की ओर आगे बढ़े और पूरे दमखम और प्रतिबद्धता के साथ नक्सलियों के हमले का मुकाबला किया। श्री राजकुमार ने गोलियां चलाते हुए नक्सलियों के खिलाफ चल रही लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई तथा यह सुनिश्चित किया कि दल का कोई व्यक्ति हमले का शिकार न हो जाए। जब गोलियां चलनी रूक गई, तब पुलिस दल ने क्षेत्र की तलाशी ली और निम्नलिखित सामानों की बरामदगी की:

1) 9 एम एम पिस्तौल (सर्विस)-1, 2) हैंड मेड पिस्तौल-1, 3) 9 एम एम राउंड-7, 4) .303 राइफल कारतूस-1, 5) क्लेमोर माइन्स पाइप-3, 6) माइन स्टील केटल)-1, 7) जिलेटीन, 8) डेटोनेटर्स-6, 9) इनके अलावा, उन्होंने ओलिव ग्रीन वर्दीधारी एक माओवादी का शव भी बरामद किया।

मंडोली मुठभेड़ विश्वसनीय सूचना के आधार पर चलाए गए नक्सल-रोधी अभियान का परिणाम थी और यह एक रणनीति तैयार करके निष्पादित की गई थी। पुलिस दल ने असाधारण बहादुरी तथा अपने कर्तव्य के निर्वहन के प्रति सर्वश्रेष्ठ समर्पण का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त, पूरे अभियान के दौरान उन्होंने अपने सामरिक कौशल का परिचय दिया और यह सुनिश्चित किया कि पुलिस बल वाले दल को कम से कम क्षति पहुंचे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एम. राजकुमार, आई पी एस, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रफुल्ल प्रभाकर कदम, उप निरीक्षक, विजय रमेशराव रत्नपारखी, उप निरीक्षक, प्रमोद रंगनाथ भिंगरे, उप निरीक्षक और मोतीराम बक्का मदावी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.06.2014 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 143-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. देवेन मावलीन,
निरीक्षक

02. जोस समर,
कांस्टेबल

03. ग्रोहन के. मारक,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

रोंगथोक गांव में लगभग 10 (दस) से 12 (बारह) की संख्या में प्रतिबन्धित संगठन गारो नेशनल लिबरेशन आर्मी (जी एन एल ए) के भारी मात्रा में हथियारों से लैस उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय सूत्र से मिली सूचना के आधार पर, शालांग, वेस्ट खासी हिल्स, मेघालय में स्थिति 4 एम एल पी बटालियन के उप कमांडेंट श्री बी.डी. मारक, एम पी एस द्वारा एक अभियान की योजना तैयार की गई ताकि उग्रवादियों को पकड़ने के लिए मेघालय पुलिस के स्वाट द्वारा तलाशी अभियान आरंभ किया जा सके। बी एन सी/562 जोस समर और बी एन सी/2712 ग्रोहन के. मारक सहित निरीक्षक देवेन मावलीन, सर्किल निरीक्षक, नोंगस्टोइन वाले तलाशी दल को दिनांक 2 मार्च, 2016 को लगभग 01.00 बजे रोंगथोक गांव के बाहर भेजा गया।

ग्रामीणों द्वारा पहचान लिए जाने से बचने के लिए, तलाशी दल अंधेरे में ऊबड़-खाबड़ और कठिन भू-भाग से होकर गया तथा रोंगथोक गांव पहुंचने पर संदिग्ध स्थल पर जाने से पूर्व वे जंगल-क्षेत्र में छिप गए। बी एन सी जोस समर और बी एन सी ग्रोहन के. मारक सहित निरीक्षक देवेन मावलीन की अगुवाई वाला दल लगभग 0700 बजे लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ा जहां जी एन एल ए के काडर आश्रय लिए हुए थे। यह उल्लेखनीय है कि दल के नेता ने पौ फटने तक तलाशी अभियान को रोके रखा क्योंकि पारंपरिक तरीका यही है कि प्रत्येक समय सुबह होते ही उग्रवादियों पर हमला बोला जाए। तथापि, पिछले अभियानों से यही सीख मिली है कि वे उस समय पर बेहद सतर्क और चौकस होते हैं। उपर्युक्त कारणों से, निरीक्षक देवेन मावलीन, बी एन सी/562 जोस समर और बी एन सी ग्रोहन के. मारक ने जान बूझकर तलाशी अभियान में देरी की। जब संदिग्ध स्थान लगभग 200 मीटर रह गया था, तब पुलिस दल जोड़ियों में बँट गया और आगे बढ़ने लगा। तलाशी दल को बेहद सावधानीपूर्वक और सुनियोजित ढ़ंग से आगे बढ़ना था। जैसे ही निरीक्षक देवेन मावलीन, बी एन सी जोस समर और बी एन सी ग्रोहन के. मारक आगे बढ़े, वैसे ही भारी मात्रा में हथियारों से लैस लगभग 7 से 8 जी एन एल ए काडरों ने, जो लगभग 30 मीटर की दूरी पर अनुकूल स्थिति में थे, आगे बढ़ रहे पुलिस दल पर अपने परिष्कृत हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी की और आगे बढ़ रहे दल को कवर लेने पर मजबूर कर दिया।

निरीक्षक देवेन मावलीन, बीएनसी जोस समर और बी एन सी ग्रोहन के मारक ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी द्वारा प्रत्युत्तर दिया और न केवल शत्रुओं, जो पुलिस दल पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे, की तरफ आगे बढ़ते हुए बल्कि अपनी जानों को जोखिम में डालकर असाधारण बहादुरी और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इसके साथ उन्हें वहां मौजूद बच्चों और महिलाओं का भी ध्यान रखना था।

निरीक्षक देवेन मावलीन, बी एन सी/562 जोस समर और बी एन सी ग्रोहन के. मारक ने प्रतिबद्धता और दृढ़निश्चय के साथ उग्रवादियों पर गोलीबारी करना जारी रखा और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया तथा उग्रवादियों को अपनी जान बचाकर भागने के लिए मजबूर कर दिया। भागते समय उग्रवादी दो दिशाओं में बँट गए। पुलिस दल भी दो दलों में बँट गया और भाग रहे उग्रवादियों का जमकर पीछा किया। इस कार्रवाई में, पुलिस दल पर उन भाग रहे उग्रवादियों द्वारा भीषण गोलीबारी की गई जो पहाड़ी की चोटी पर जा बैठे थे। ऐसी स्थिति में भी, दल के सदस्यों ने जबरदस्त धैर्य और प्रतिबद्धता का परिचय दिया और जवाबी गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े। यह गोलीबारी लगभग 30 (तीस) मिनट तक जारी रही जिसमें एक उग्रवादी मारा गया। तथापि, अन्य जी एन एल ए काडर बचकर भागने में सफल हो गए और मारे गए जी एन एल ए काडर के पास से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद हुईं:

1 (एक) ए के 56 राइफल

2 (दो) ए के 56 मैगजीन

12 (बारह) जिंदा ए के राउंड

11 (ग्यारह) ए के राइफल के खाली खोखे

1 (एक) 7.65 पिस्तौल

1 (एक) 7.65 मैगजीन

2 (दो) जिंदा 7.65 राउंड

1 (एक) हैंड हेल्ड सेट

1 (एक) मोबाइल हैंड सेट

उपर्युक्त तीनों द्वारा संकट की घड़ी और प्रतिकूल परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर प्रदर्शित दृढ़ निश्चय, असाधारण साहस, धैर्य अपने कर्तव्य के प्रति सर्वश्रेष्ठ समर्पण अत्यन्त सराहनीय है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री देवेन मावलीन, निरीक्षक, जोस समर, कांस्टेबल और ग्रोहन के. मारक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.03.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 144-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विक्टर नैंगमिंजा संगमा,
उप पुलिस अधीक्षक

02. निकचैंग सेंगा सीएच. मोमिन,
उप पुलिस अधीक्षक

03. जेस्टर ए. संगमा,
कांस्टेबल

04. मैक्डोनाल्ड थोंगनी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13 अप्रैल, 2016 को, विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर उप पुलिस अधीक्षक (पी) विक्टर एन. संगमा और उप पुलिस अधीक्षक (पी) निकचैंग सेंगा सी एच. मोमिन के नेतृत्व में अभियान की योजना बनाई गई, और वे विलियमनगर से चिचरा क्षेत्र के लिए चले और रोंगजेंग रिजर्व वन में प्रवेश कर गए। पूरे दल को तीन उप-दलों में विभाजित किया गया। जब वे घात लगाकर एक घंटे तक बैठे रहे, तब सादे कपड़ों में संदिग्ध दिख रहा एक व्यक्ति दिखाई पड़ा, जैसे ही वह संदिग्ध व्यक्ति घात वाले स्थान के निकट पहुंचा, उन्होंने उसे पकड़ लिया और उससे सवाल-जवाब किए। उसने बताया कि ए के राइफलों से लैस लगभग 10-12 उग्रवादी दिनांक 12 अप्रैल, 2016 की रात्रि में उसके घर आए थे, उसे मारा-पीटा तथा उसकी पत्नी को धमकाया और बाद में बंदूक की नोंक पर बलपूर्वक सिम कार्ड सहित एक मोबाइल फोन दिया ताकि वह पुलिस की आवाजाही के बारे में उन्हें सूचित करे। आगे और पूछताछ तथा निरीक्षण करने पर, उक्त व्यक्ति ने अपनी पहचान के तौर पर अपना नाम श्री वाल्सरंग एन. अरेंग बताया। उसी क्षण उसके मोबाइल फोन पर एक एस एम एस आया, जिसमें इलाके में पुलिस की उपस्थिति के बारे में सवाल किया गया था। आगे और पूछताछ के बाद अभियान दल ने अपना कार्य जारी रखने का निर्णय लिया। इस अवसर का उपयोग करते हुए उप पुलिस अधीक्षक (पी) निकचैंग सेंगा सीएच मोमीन ने पहल की और पकड़े गए व्यक्ति के उसी मोबाइल फोन से एस एम एस के द्वारा यह जवाब भेज दिया कि "कोई पुलिस नहीं दिखी"। तब पुलिस दल ने उस व्यक्ति को उग्रवादियों को एक मोबाइल कॉल करने और उन्हें यह सूचित करने के लिए कहा कि उसने कोई पुलिस नहीं देखी और वे सुरक्षित रूप से गांव में आ सकते हैं। 15 मिनट के बाद एक ए के राइफल के साथ दो काडर जंगल से बाहर निकले और लक्षित मकान में गए। कुछ देर बाद दो, ए के राइफलों सहित तीन अन्य काडर सामने आए। तथापि, लक्षित मकान में श्री वाल्सरंग एन. अरेंग की अनुपस्थिति से उन्हें संदेह हुआ क्योंकि वे उसे ढूंढ़ नहीं पाए थे। इसलिए उन्होंने शेष दल को सतर्क कर दिया और अपने छिपने के ठिकाने पर लौटने लगे। जब वह उग्रवादियों का दल वापस लौट रहा था, तब श्री विक्टर एन. संगमा, उप पुलिस अधीक्षक (पी) ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया और उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े लेकिन उग्रवादी ने पुलिस दल को देखकर अपने परिष्कृत हथियारों से उन पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। यद्यपि पुलिस दल शत्रु की भीषण गोलीबारी का सामना कर रहा था, फिर भी उन्होंने शत्रुओं पर असरदार जवाबी गोलीबारी की जो लगभग 15 मिनट तक चली। दोनों ओर से भारी गोलीबारी के बाद, उग्रवादी घने जंगलों का लाभ उठाकर घाटी में लौटने लगे। उग्रवादी गोलियां चलाते रहे तथा पुलिस दल भी जवाबी गोलीबारी करता रहा। उप पुलिस अधीक्षक (पी) विक्टर एन. संगमा और उप पुलिस अधीक्षक (पी) निकचैंग सेंगा सीएच मोमिन दोनों बी एन सी मैक्डोनाल्ड थोंगनी और बी एन सी जेस्टर ए. संगमा के साथ गोलियां चला रहे उग्रवादियों की ओर आक्रामक होकर बहादुरी के साथ बढ़े और उन पर जबरदस्त गोलीबारी की ताकि दोनों अधिकारियों अर्थात् विक्टर और निकचैंग को कवर प्रदान किया जा सके जिससे उग्रवादियों का हमला विफल हो गया। इस प्रकार पुलिस दल ने बेहद बहादुरी के साथ उग्रवादियों का मुकाबला और अंततः उग्रवादी घने जंगलों का फायदा उठाकर घटनास्थल से भाग निकले। अच्छी तरह से तलाशी लिए जाने के दौरान, हथियारों और गोलाबारूद के साथ एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ। बाद में, उस मृतक की पहचान आगस्टीन मराक, कमांडर-इन-चीफ, एल ए ई एफ के रूप में हुई।

बरामदगी:

9.	ए के 47	-	01
10.	ए के मैगजीन	-	01
11.	ए के गोलाबारूद	-	72 राउंड
12.	मोबाइल फोन	-	03
13.	सिम कार्ड	-	10

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विक्टर नेंगमिंजा संगमा, उप पुलिस अधीक्षक, निकचेंग सेंगा सीएच. मोमिन, उप पुलिस अधीक्षक, जेस्टर ए. संगमा, कांस्टेबल और मैक्डोनाल्ड थोंगनी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.04.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 145-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री भबानी प्रधान,
हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

विशिष्ट आसूचना जानकारी के आधार पर, राउरकेला पुलिस, एफ/19 बटालियन सी आर पी एफ, डी वी एफ और एस ओ जी के चार दलों द्वारा दिनांक 10.11.2015 को 2300 बजे पुलिस थाना चंडीपोश और गुरूंडिया के अन्तर्गत असुरखोल पहाड़ और आस-पास के क्षेत्रों में 'सरग्रम' नामक एक संयुक्त अभियान चलाया गया। दिनांक 11.11.15 को अभियान के दौरान लगभग 0930 बजे, पुलिस थाना चंडीपोश के अंतर्गत कुलझर नाला के निकट असुरखोल पहाड़ क्षेत्र में सी ओ जी क्रैक टीम और माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई जिसमें भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद और अन्य वस्तुओं सहित एक माओवादी का शव बरामद हुआ था।

गोलीबारी के बाद, विश्वसनीय सूत्रों से और सूचना मिली कि लगभग 03-04 माओवादियों का एक छोटा दल पुलिस थाना चंडीपोश के अंतर्गत गहमी और आस-पास के क्षेत्रों में चला गया है। आसूचना जानकारी के आधार पर, पुलिस अधीक्षक राउरकेला द्वारा दिनांक 11.11.15 को 2000 बजे से 24 घंटों के लिए काम्बिंग एवं सर्च के एक और अभियान 'सरग्रम-2' की योजना बनाई गई तथा कमांडेंट 19 बटालियन, सी आर पी एफ, राउरकेला तथा ए एस आई एन. पट्टा, पुलिस थाना चंडीपोश और हवलदार/604 भवानी प्रधान, श्री राकेश शर्मा, सहायक कमांडेंट के प्रभार में डी वी एफ सहित बी/19 के दल को गहमी के वन क्षेत्र, जो पुलिस थाना चंडीपोश के अंतर्गत ब्राहमणी नदी के पश्चिमी किनारे पर स्थित है, में अभियान के बारे में जानकारी दी गई/ अभियान के लिए तैनात किया गया। अभियान दल 2000 बजे चंडीपोश शिविर से रवाना हुआ तथा सुनियोजित ढंग से दल ड्रापिंग ड्रिल के जरिए जी पी एस की मदद से पैदल ब्राहमणी नदी क्षेत्र की ओर चला तथा 2130 बजे ब्राहमणी नदी को पार कर गया। नदी पार करने के बाद, दल प्वाइंट नं. 05 पर पहुंचा। नवीनतम आसूचना जानकारी के आधार पर, अभियान दल का रास्ता प्वाइंट नं. 5 से मोड़कर उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर कर दिया गया जिसकी सूचना दल के कमांडर श्री राकेश शर्मा, सहायक कमांडेंट को दी गई। तदनुसार, हवलदार भवानी प्रधान के मार्गदर्शन के सहारे अभियान दल प्वाइंट नं. 5 से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा। गहमी गांव के निकट वन क्षेत्र में गहन छानबीन और खोज के दौरान मार्गदर्शक हवलदार भवानी प्रधान, डी वी एफ और स्काउट सी टी/जी डी गगनदीप सिंह और सी टी/जी डी विशाल पटेल ने जंगलों में से नदी घाट की ओर अंधेरे में आ रहे सशस्त्र माओवादियों के एक समूह को देखा। पूरे अभियान दल को सतर्क कर दिया गया। इस अवसर पर, श्री राकेश शर्मा, ए सी ने स्थिति का जायजा किया और दल को तीन उप दलों में विभाजित किया। दल 1 बायां कट ऑफ, दल 2 दायां कट ऑफ तथा तीसरा दल हमला दल था जिसमें श्री राकेश शर्मा, ए सी, सी टी/जी डी गगनदीप सिंह, सी टी/जी डी विशाल पटेल और हवलदार भवानी प्रधान, डी वी एफ शामिल थे। दल के नेता ने तत्काल सभी दलों को अपनी-अपनी पोजीशन लेने का संकेत दिया और माओवादियों

के नजदीक आने की प्रतीक्षा करने लगे। इस मौके पर सामने से आ रहे माओवादियों में से पहला सदस्य अचानक "पुलिस" चिल्लाया और अभियान दल पर अंधाधुंध गोलियां चलाने लगा। पूरा माओवादी दल, जो लगभग 08-10 के बीच रहा होगा, पुलिस दल की हत्या करने की मंशा से घातक/परिष्कृत हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। दल कमांडर और स्थानीय गाइड हवलदार भवानी प्रधान ने माओवादियों को गोलीबारी रोकने तथा आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन माओवादी रूके नहीं और वे पुलिस दल पर लगातार गोलियां चलाते रहे। अपने दल के सदस्यों तथा स्थानीय ग्रामीणों की जान और माल को होने वाले खतरे का आकलन करते हुए तथा अपनी आत्मरक्षा में अभियान दल ने नियंत्रित गोलीबारी के जरिए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें ए सी और अभियान दल सी आर पी एफ के दो स्काउटों ने नियंत्रित गोलीबारी आरंभ की तथा हवलदार भवानी प्रधान अपनी ओर गोलियां न चलाने तथा दोनों तरफ से गोलियां चलने की संभावना से बचने के लिए दायीं और बायीं दिशा से शत्रुओं की गतिविधियों पर नजर रखने के बारे में अपने दल के सदस्यों को संकेत देने के बाद रेंगते हुए आगे बढ़ने लगे। शत्रुओं द्वारा भारी गोलीबारी के बावजूद और अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री राकेश शर्मा, ए सी, सी टी/जी डी गगनदीप सिंह, सी टी/जी टी विशाल पटेल और डी वी एफ हवलदार भवानी प्रधान सामने से शत्रुओं से लोहा लेने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़े, जबकि अभियान दल के अन्य सदस्य कवर फायर देने की स्थिति में मौजूद थे, जिसके परिणामस्वरूप माओवादियों के पैर उखड़ गए और वे जंगल की ओर लौटने लगे। माओवादियों द्वारा की गई गोलीबारी भीषण थी, जो संभवत: स्वचालित हथियारों से की गई थी। इस प्रकार की कार्रवाई माओवादियों ने पुलिस बल के साथ-साथ स्थानीय लोगों के मन में आतंक पैदा करने की मंशा से भी की गई थी। दोनों ओर से गोलीबारी लगभग 10 से 15 मिनट तक जारी रही और जब दोनों ओर से गोलीबारी रूकी, तब श्री राकेश शर्मा, ए सी ने अभियान दल को कवर लेने और आगे बढ़ने की रणनीति का अनुसरण करते हुए सुनियोजित ढंग से क्षेत्र की तलाशी लेने का संकेत दिया। हवलदार भवानी प्रधान के मार्गदर्शन में पुलिस दल ने क्षेत्र की तलाशी की तथा घटना-स्थल से एक वर्दीधारी माओवादी का खून से लथपथ शव, दो .303 राइफलें (मार्क-IV), दो .303 राइफल मैगजीन, .303 राइफल के 113 गोलाबारूद, एयर गन के 11 गोलाबारूद, 03 .303 चार्जर क्लिप, 01 मोटरोला मैन पैक सेट, माओवादी साहित्य और अन्य विविध सामग्रियां तथा अभियान-क्षेत्र में खून के निशान प्राप्त हुए। पुलिस की साहसिक जवाबी कार्रवाई के कारण, माओवादी दल घने जंगलों का फायदा उठाकर भाग खड़ा हुआ। इस जोखिमपूर्ण लेकिन सफल अभियान के परिणामस्वरूप संग्राम बारी (सेक्शन कमांडर) नामक सी पी आई (माओवादी) की सारांडा सब जोनल कमेटी का एक दुर्दांत काडर मारा गया। पुलिस ने घायलों, यदि कोई हो, का पता लगाने के लिए आस-पास के क्षेत्रों में खोज की लेकिन कोई घायल नहीं मिला।

हवलदार भवानी प्रधान की वीरतापूर्वक कार्रवाई:

स्थानीय गाइड और भू-भाग से अच्छी तरह से परिचित होने के कारण डी वी एफ हवलदार भवानी प्रधान ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने स्वयं हमला दल का हिस्सा बनने की इच्छा बताकर सामने से शत्रुओं से लोहा लेने में माओवादियों की दिशा में पूरे दल का मार्गदर्शन किया। हमला दल में उनकी पोजीशन एकदम बायीं ओर थी और अभियान की सफलता में उन्होंने अहम भूमिका निभायी। अभियान दल के वे एकमात्र व्यक्ति थे, जो स्थानीय भू-भाग से परिचित थे और उन्होंने अभियान के दौरान पूरे अभियान दल का मार्गदर्शन किया। वे उन लोगों में से थे जिन्होंने सर्वप्रथम माओवादियों की आवाजाही देखी और इसकी सूचना दल के नेता श्री राकेश शर्मा को दी। माओवादियों से हुई गोलीबारी के दौरान उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डाला क्योंकि वे एकदम बायीं ओर थे तथा शत्रु के भी बायीं ओर होने के कारण वे शत्रु के सबसे निकट थे और इस बात की पूरी संभावना थी कि माओवादी उन्हें घेर करके उधर से उन पर गोलियां दागते। यह उनकी सर्तकता और तत्काल प्रत्युत्तर का नतीजा था कि दल के अन्य सदस्यों के प्राणों की रक्षा हो सकी क्योंकि वे अपने लक्ष्य की ओर पहाड़ी क्षेत्र में आगे बढ़ रहे थे। डी ए एफ हवलदार भवानी प्रधान हमला दल के सबसे बायीं ओर थे और स्थिति की मांग के अनुसार आगे बढ़ते रहे। वे माओवादियों की विस्तृत स्थिति और उनकी गोलीबारी की दिशा का पता लगाने के लिए आगे की ओर बढ़ते रहे। चूंकि वह माओवादियों के सबसे निकट थे, इसलिए उन्हें दोनों पक्षों अर्थात् माओवादियों और पुलिस दल, दोनों से खतरा था। चूंकि वे अभियान दल के आधार-स्तंभ थे, इसलिए उन्होंने सदैव दल के नेता के साथ समन्वय बनाए रखा। कठिन परिस्थितियों में उनका समन्वय और उनकी बहादुरी, दोनों उल्लेखनीय रही। उनकी साहसिक कार्रवाई से न केवल एक दुर्दांत माओवादी का अंत हुआ बल्कि बाद में ग्रामीण द्वारा सूचित किए गए अनुसार, कई अन्य माओवादी भी गंभीर रूप से घायल हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री भवानी प्रधान, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.11.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 146-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. किरण कुमार
उप-सूबेदार

02. मनोरंजन नायक
कांस्टेबल

03. उदय शंकर पात्रा
कांस्टेबल

04. धनेश्वर मुदुली
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10/11/2015 को अनमोल के नेतृत्व में जिला-सुंदरगढ़ के पुलिस स्टेशन चंडीपोश और गुरूंडिया के अन्तर्गत असुरखोल क्षेत्र और उसके साथ लगे सीमावर्ती जंगल/गांव में लगभग 30 सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) काडरों की आवाजाही के संबंध में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अनुसार, माओवादियों ने स्थानीय ग्रामीणों के दिमाग में भय पैदा करने तथा उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए पुलिस मुखबिर के नाम पर कुछ नागरिकों की हत्या करने की योजना बनाई थी। इसका मुकाबला करने के लिए डीवीएफ (जिला स्वैच्छिक बल), एसओजी (विशेष अभियान समूह) और के.रि.पु.ब. (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) को शामिल करते हुए तीन इकाइयों को वहां खोज एवं तलाशी अभियान चलाने के लिए तैनात किया गया। श्री किरण कुमार, उप-निरीक्षक (शस्त्र) और उनकी क्रैक टीम को भी खोज अभियान की ड्यूटी पर लगाया गया। असुरखोल जंगल के जलजला पहाड़ पर खोज अभियान के निष्पादन के समय, उस दल के स्काउट की नजर किसी समूह की संदिग्ध गतिविधि की ओर गई। तुरन्त उस दल ने पोजीशन ले ली और उन्होंने यह देखा कि वह माओवादियों का समूह था, क्योंकि उनमें से कुछ ने जैतून की तरह हरे रंग की वर्दी पहन रखी थी और उनके हाथों में हथियार थे। पुलिस दल ने इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि वह माओवादियों का ही समूह था, उस संदिग्ध समूह की पहचान को पुख्ता करने के लिए कुछ और समय तक उनके ऊपर निगाह रखी। तब तक, माओवादियों ने वहां पुलिस दल की मौजूदगी को देख लिया। पुलिस दल को देखकर, माओवादियों ने उनकी हत्या करने के इरादे से उनके ऊपर अपने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। सभी एहतियाती उपाय करने के बाद दल के कमांडर और सदस्यों ने माओवादियों पर चिल्लाते हुए उन्हें गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन माओवादियों ने उनकी बात को अनसुना करते हुए पुलिस दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। वहां इतनी भारी गोलाबारी हो रही थी कि पुलिस को अपनी सुरक्षा के लिए आड़ के पीछे जाना पड़ा। माओवादियों ने आधा घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी जारी रखी। पुलिस कार्मिकों की जान को बहुत अधिक खतरा था क्योंकि संम्पूर्ण पुलिस दल माओवादियों की मारक जोन के अंदर था। ऐसे समय में, दल के नायक ने पुलिस कार्मिकों के जीवन की रक्षा के लिए कुछ करने का निर्णय लिया। दल को तीन हिस्सों में विभाजित किया गया। कांस्टेबल धनेश्वर मुदुली, कांस्टेबल मनोरंजन नायक और कांस्टेबल उदय कुमार पात्रा के साथ उप-निरीक्षक (शस्त्र) किरण कुमार को शामिल करते हुए एक हमला दल का गठन किया गया। माओवादी कैंप पर हमला करने के लिए आगे बढ़ते समय हमला दल को कवर फायर देने के लिए शेष दो दलों का गठन कट ऑफ दलों के रूप में किया गया, ताकि पुलिस कार्मिकों के जीवन की रक्षा की जा सके। एक कट ऑफ दल को बाएं किनारे को कवर करने का कार्य सौंपा गया, जबकि दूसरे कट ऑफ दल को दाहिने किनारे को कवर करने का कार्य सौंपा गया। हमला दल मध्य में था। माओवादियों द्वारा की जा रही लगातार गोलीबारी के दौरान दोनों कट ऑफ दलों ने रेंगते हुए माओवादी कैंप के बांई और दाहिनी ओर पोजीशन ले ली। सुरक्षा दल द्वारा एक बार पोजीशन ले लिए जाने के बाद, हमला दल को पुलिस दल के सदस्यों की जान बचाने के लिए आड़ से बाहर निकलना था। दोनों कट ऑफ दलों द्वारा पोजीशन ले लिए जाने के पश्चात, हमला दल अपनी आड़ से बाहर आ गया और उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर और अपने सहकर्मी पुलिस कार्मिकों की जान की रक्षा करने के लिए माओवादी कैंप पर धावा बोल दिया। इन चार बहादुर कार्मिकों ने पुलिस के साथ-साथ नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर सर्वोच्च स्तर के शौर्य का परिचय दिया। यह राउरकेला पुलिस के इतिहास में एक बेमिसाल वीरतापूर्ण कृत्य है। लगभग आधे घंटे की गोलीबारी के बाद, माओवादियों ने गोलीबारी रोक दी और वे घने जंगल के भीतर भागने में सफल हो गए। गोलीबारी के बाद पुलिस दल ने उस क्षेत्र की तलाशी ली और उन्हें घटना स्थल से सिर एवं पैर में

जख्म के निशान तथा साथ खून के रिसाव के साथ वर्दी में एक माओवादी का शव, दो .303 राइफल, .303 राइफल की दो मैगजीनें, एसएलआर की एक मैगजीन, तीन हथगोले, किट बैग, माओवादी की वर्दी, माओवादी साहित्य, खाना पकाने के बर्तन आदि और अभियान क्षेत्र खून के धब्बे भी मिले। पुलिस की ओर से वीरतापूर्ण जवाबी कार्रवाई के कारण, माओवादी समूह वहां से घनी झाड़ियों की आड़ का लाभ उठाते हुए भाग गया। इस सफल किन्तु जोखिमपूर्ण अभियान के परिणामस्वरूप मधुसूदन तारकोट नामक सीपीआई (माओवादी) का एक सारंडा उप-जोनल समिति कमांडर को ढेर किया जा सका, जिसके ऊपर ओडिशा सरकार ने एक लाख रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। इसके अलावा पुलिस दल ने घायल माओवादियों, यदि कोई हो, की तलाश करने के लिए निकटवर्ती क्षेत्र की भी तलाशी ली लेकिन उन्हें वहां कोई घायल माओवादी नहीं मिला।

अभियान के दौरान पुलिस कार्मिकों ने बेहतर रणनीतिक स्थान पर डटे हुए दुश्मनों के विरुद्ध बेहद दुर्गम स्थल में अत्यंत मुश्किल भरे हालातों पर विजय पाने के लिए बहादुरी, साहस, दृढ़ निश्चय और सर्वोच्च स्तर की कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया और नागरिकों एवं पुलिस कार्मिकों के जीवन को किसी भी प्रकार की प्रासंगिक क्षति के बिना सफलता सुनिश्चित की।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री किरण कुमार, उप-सूबेदार, मनोरंजन नायक, कांस्टेबल, उदय शंकर पात्रा, कांस्टेबल और धनेश्वर मुदुली, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.11.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 147-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. प्रेमानन्द प्रधान,
कांस्टेबल

02. महादेव गहीर,
कांस्टेबल

03. हेमंत प्रधान,
कांस्टेबल

04. टुनू साहू,
सार्जेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.04.2016 को, कोकसारा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आने वाले सहजखोल रिजर्व वन क्षेत्र में सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र काडरों की गतिविधियों के संबंध में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि वे स्थानीय युवाओं को प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी संगठन) से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करने के अलावा नागरिकों की हत्या करने, सरकारी संपत्ति को नष्ट करने आदि जैसी अनेक हिंसक गतिविधियों में शामिल होने की भी योजना बना रहे हैं। तदनुसार, प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों को पकड़ने के लिए सार्जेंट टुनू साहू के नेतृत्व में एसओजी टीम सं. 05 को एक माओवादी-रोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। जब यह एसओजी टीम वन क्षेत्र में पहुंची, तब माओवादियों ने अकारण उनके ऊपर स्वचालित हथियारों से अचानक गोलीबारी शुरू कर दी और किनारे से हमला कर दिया, जिससे पुलिस दल दो दिशाओं से होने वाली भारी गोलीबारी के कारण असुरक्षित स्थिति में आ गया और इसमें एसओजी के पांच कमांडो घायल हो गए। इस गोलीबारी से विचलित हुए बगैर, सार्जेंट टुनू साहू के नेतृत्व में एसओजी टीम ने संख्या में कम होने और भौगोलिक स्थलाकृति संबंधी कठिन सीमाओं के बावजूद निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना बहादुरीपूर्वक जवाब दिया। सार्जेंट टुनू साहू ने कमांडो श्री प्रेमानंद प्रधान, श्री महादेव गहीर और श्री हेमंत प्रधान के साथ मिलकर भारी गोलीबारी का सामना करते हुए बिल्कुल सामने से

बेहद जोखिमपूर्ण रूप से दुश्मनों पर धावा बोल दिया और माओवादियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। दूसरे छोटे दल ने, जिसमें छह कमाण्डो शामिल थे, दाहिने किनारे से जवाबी हमला किया और उन्होंने निडरतापूर्वक माओवादियों को चुनौती पेश की। दल के नायक सार्जेंट टुनू साहू और अन्य कमांडो ने अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों का पूरे जोश एवं सामर्थ्य के साथ डटकर सामना किया और उन्होंने संख्या में अधिक एवं रणनीतिक रूप से बेहतर स्थान में डटे हुए दुश्मनों के विरुद्ध एक प्रेरणादायक मुकाबला किया। उनके इस कृत्य के परिणामस्वरूप सीपीआई माओवादी संगठन की प्रथम बटालियन की प्रथम कंपनी से संबद्ध तीन महिला माओवादी काडरों को ढेर किया जा सका और वहां से दो .303 राइफल, एक 12 बोर की बंदूक, एक 9एमएम की पिस्तौल, दो टिफिन बम, भारी संख्या में गोलाबारूद और कैंप से संबंधित अन्य सामग्रियां बरामद की गईं।

दल के नायक एवं अन्य अन्य कमाण्डो के बहादुरीपूर्ण एवं शौर्यपूर्ण कृत्य ने दुश्मनों के बीच अफरा-तफरी मचा दी, जिसमें तीन माओवादी काडर मारे गए तथा माओवादियों के घृणित इरादों को नाकाम करते हुए एक बड़ी हिंसक घटना को रोका जा सका।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री प्रेमानन्द प्रधान, कांस्टेबल, महादेव गहीर, कांस्टेबल, हेमंत प्रधान, कांस्टेबल और टुनू साहू, सार्जेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.04.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 148-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. बिकाश पात्र,
उप-निरीक्षक

02. राज किशोर प्रधान,
कांस्टेबल

03. हृषिकेश जल,
कांस्टेबल

04. राम चंद्र हेंग्रम,
कांस्टेबल

05. सामंत माझी,
कांस्टेबल

06. सुरेश चंद्र हेंग्रम, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.01.2016 को, अंगुल-देवगढ़ सीमा के वन क्षेत्र में गणेश्वरपुर गांव के निकट आतंक फैलाने के लिए निर्दोष नागरिकों की हत्या करने जैसी हिंसक गतिविधियों की निश्चित योजनाओं के साथ पहाड़ी की चोटी पर प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के कलिंगनगर डिवीजन के कैंप की मौजूदगी के बारे में प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, पल्लाहारा पुलिस स्टेशन के स्थानीय पुलिस प्रतिनिधि को साथ में लेकर प्रतिबंधित माओवादी काडरों को पकड़ने के लिए बिकाश पात्रा, उप निरीक्षक के नेतृत्व में एसओजी और एसआईडब्ल्यू की टीम द्वारा एक नक्सल-रोधी अभियान शुरू किया गया। घने पहाड़ी जंगल में गहन तलाशी अभियान के पश्चात, अगले दिन (24.01.2016) दोपहर में अभियान दल ने गणेश्वरपुर गांव से लगभग 5-6 कि.मी. की दूरी पर घने पहाड़ी जंगल में उस माओवादी

कैंप को देखा। अभियान दल ने युक्ति पूर्वक उन्हें पकड़ने के लिए उस कैंप की घेराबंदी करने का प्रयास किया। पुलिस बल द्वारा स्पष्ट एवं तेज आवाज में उन्हें आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया, जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। इसकी बजाय, माओवादियों ने अचानक स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें अभियान दल के तीन सदस्य घायल हो गए। वहां की स्थलाकृति की खतरनाक बनावट एवं सशस्त्र उग्रवादियों की बैचेनी को देखते हुए, यह अभियान खतरे एवं जोखिम से भरा हुआ था। लेकिन शारीरिक रूप से घायल होने और संख्या में कम होने के बावजूद उपर्युक्त पुलिस कार्मिक अपनी जान को जोखिम में डालते हुए माओवादी समूह की गोलीबारी से विचलित हुए बिना युक्तिपूर्वक आगे बढ़ते हुए उनके करीब पहुंच गए और उन्होंने निडरतापूर्वक सामने से बेहद जोखिमपूर्ण हमला करते हुए माओवादियों को जवाब दिया जिससे वे वहां से बचकर भागने पर मजबूर हो गए। दोनों ओर से लगभग 25 मिनट तक गोलीबारी जारी रही। उनके वीरतापूर्ण कृत्य के कारण, सुशील उर्फ सुनील उर्फ पी. कुमार स्वामी (सचिव, कलिंगनगर डिवीजन और राज्य समिति सदस्य) और सोनी उर्फ सिंदरी लिंगो (डिवीजनल समिति सदस्य) के रूप में पहचान किए गए दो खतरनाक माओवादी काडरों को ढ़ेर किया जा सका और वहां से एक 5.56 इंसास, एक 9एमएम कारबाइन, 18 राउंड जिंदा गोलाबारूद, 37 खाली कारतूस, मोबाइल, लैपटॉप, माओवादी साहित्य और कैंप संबंधी अन्य वस्तुएं आदि बरामद की गईं। मारे गए दोनों खतरनाक माओवादी नेताओं पर ओडिशा सरकार ने क्रमशः 20 लाख रु. और 5 लाख रु. का इनाम घोषित कर रखा था। वे पिछले एक दशक के दौरान चार जिलों में अनेक जघन्य अपराधों एवं विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त थे।

उपर्युक्त पुलिस कार्मिकों ने खतरनाक परिस्थितियों में अनुकरणीय निजी दिलेरी, अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प एवं कर्तव्य के प्रति असाधारण प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने उल्लेखनीय शौर्यपूर्ण कृत्य के द्वारा उन्होंने न सिर्फ कैंप को ध्वस्त करते हुए राज्य के दो खतरनाक सशस्त्र माओवादी काडरों को ढ़ेर किया बल्कि उन्होंने आतंक का प्रभाव फैलाने के सीपीआई (माओवादी) संगठन के घातक इरादे को भी नाकाम किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बिकाश पात्र, उप-निरीक्षक, राज किशोर प्रधान, कांस्टेबल, हृषिकेश जल, कांस्टेबल, राम चंद्र हेंग्रम, कांस्टेबल, सामंत माझी, कांस्टेबल और स्वर्गीय सुरेश चंद्र हेंग्रम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.01.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 149-प्रेज/2017- राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सांतनु कुमार प्रधानी
सार्जेंट

02. अमित कुमार बिस्वाल
हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गांव गच्छखोला के निकट सदर पुलिस स्टेशन भवानीपटना के अन्तर्गत कानामंजूर रिजर्व वन के निकट सशस्त्र माओवादियों द्वारा शिविर स्थापित करने और राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के भाग के रूप में उनके द्वारा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, सरकारी भवनों आदि पर हमले जैसी विध्वंसक गतिविधियों में शामिल होने तथा नागरिकों की हत्या करके वहां आतंक फैलाने का आपराधिक षड्यंत्र रचने से संबंधित एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर दिनांक 11.02.2016 को पुलिस अधीक्षक, कालाहांडी द्वारा एक माओवाद-रोधी तलाशी अभियान की शुरूआत की गई। अभियान दल में डीवीएफ, कालाहांडी के सार्जेंट सांतनु कुमार प्रधानी और 03 कमांडो के साथ एसओजी के एसआई (ए) परमेश्वर हंसदा और 16 कमांडो शामिल थे।

जब उक्त दल दिनांक 11.02.2016 को गांव गच्छखोला के निकट सदर पुलिस स्टेशन भवानीपटना के अन्तर्गत कानामंजूर वन के निकट तलाशी अभियान का संचालन कर रहा था, तभी सशस्त्र माओवादियों के एक समूह ने उनकी हत्या करने की नीयत से अकारण पुलिस दल के ऊपर अत्याधुनिक हथियारों से अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

जब ग्रेनेड फेंके जाने के कारण 08 पुलिस कार्मिक छर्रे लगने से घायल हो गए, तो सार्जेंट सांतनु कुमार प्रधानी एवं अन्य कार्मिकों ने जवाबी हमला किया। संख्या में कम होने तथा दुर्गम स्थलाकृति की सीमाओं के बावजूद सार्जेंट सांतनु कुमार प्रधानी अपने अन्य सहकर्मियों के साथ अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर तथा अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए आगे बढ़े और माओवादियों के ऊपर किनारे से जोरदार हमला शुरू कर दिया, जिससे माओवादी पीछे हटने पर मजबूर हो गए। दोनों ओर से लगभग आधे घण्टे तक गोलीबारी जारी रही।

इस अभियान में, प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन की प्रथम बटालियन की प्रथम कंपनी की मितिकी नामक एक महिला माओवादी को ढ़ेर कर दिया गया और वहां से मैगजीन के साथ एक एमके-।।। .303 राइफल, .303 राइफल के 04 गोलाबारूद, 02 डेटोनेटर, 13 थैले, माओवादी साहित्य, तार, इलेक्ट्रॉनिक एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं आदि बरामद की गई। सीपीआई (माओवादी) संगठन की प्रथम बटालियन के माओवादी बेहद खूंखार माने जाते हैं और उन्होंने विगत में बड़ी संख्या में पुलिस कार्मिकों की हत्या की है। जैसा कि ऊपर बताया गया है सार्जेंट सांतनु कुमार प्रधानी के अधीन पुलिस दल के सदस्यों ने अत्यधिक खूंखार माओवादी समूह द्वारा किए गए जोरदार हमले को सफलतापूर्वक निष्फल किया, जिससे पुलिस दल के सदस्यों को भी हताहत होने से बचाया गया और उस हिंसक गतिविधि को भी रोकने में सहायता मिली, जिसके निष्पादन के लिए वे इकट्ठा हुए थे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सांतनु कुमार प्रधानी, सार्जेंट और अमित कुमार बिस्वाल, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.02.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 150-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गुरनाम सिंह, कांस्टेबल (मरणोपरांत)

02. भूपिंदर सिंह
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19 अक्टूबर, 2016 को, लगभग 2345 बजे, जब निरीक्षक भूपिंदर सिंह, सं. 050011977, सीमा चौकी बोबिया फार्वर्ड के चौकी कमांडर (एक्स 173 .बटालियन) सीमा से लगे ट्रैक पर बीपी जिप्सी में वाहन से गश्त लगा रहे थे, तभी सीमा चौकी सं. 96 के समनुरूप पाकिस्तानी भू-भाग के भीतर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 मीटर की दूरी से उनके वाहन तथा नाका टीलों की ओर उग्रवादियों द्वारा एक आरपीजी राउंड और उसके बाद स्वचालित हथियारों से लंबी दूरी वाली धमाकेदार गोलीबारी की गई। सौभाग्यवश आरपीजी राउंड निशाने से चूक गया और वह सीमा के ट्रैक पर फट गया। उसी समय कांस्टेबल गुरनाम सिंह, सं. 110411381 ने, जो नाका टीला सं. 02 पर तैनात थे, पाकिस्तान की ओर से भारी गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों को देख लिया और उन्होंने उग्रवादियों की ओर से हो रही सीधी एवं भारी गोलीबारी के समक्ष अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर तत्काल उनके ऊपर एलएमजी से लक्षित एवं सटीक भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसके परिणामस्वरूप, उग्रवादियों को प्रभावी तरीके से वहीं उलझा दिया गया। तथापि, कुछ समय बाद उग्रवादियों द्वारा बीपी वाहन पर आरपीजी का दूसरा राउंड दागा गया, जो पुनः अपने लक्षित निशाने से चूक गया और वह टीला सं. 02

के पीछे उससे लगभग 100 मीटर की दूरी पर फट गया। उसी टीले पर तैनात कांस्टेबल गुरनाम सिंह ने उस स्थिति में जवाबी कार्रवाई के लिए लड़ाई की भावना का बखूबी प्रदर्शन किया और उन्होंने उग्रवादियों पर सटीक भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसके परिणामस्वरूप, दो उग्रवादी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनमें से एक आश्रय लेने के लिए मजबूर हो गया और उसने नाका के टीलों के साथ-साथ कमांडर को निशाना बनाने के स्पष्ट इरादे के साथ-साथ उस बीपी वाहन के ऊपर भी भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें निरीक्षक भूपिंदर सिंह मौजूद थे। अपनी सैन्य टुकड़ी का प्रभावी रूप से नेतृत्व करने और इस भयानक स्थिति को संभालने के लिए निरीक्षक भूपिंदर सिंह, अपनी निजी सुरक्षा एवं जान की परवाह किए बगैर गोलियों की भारी बौछार का दिलेरीपूर्वक सामना करते हुए सूझ-बूझ के साथ टीला सं. 02 पर पहुंच गए। उन्होंने उस स्थल की पहचान करने सहित, जहां से उग्रवादी निकटवर्ती नाका टीलों को उलझाए हुए थे और वहां की समग्र स्थिति का आकलन करने के पश्चात वहां की स्थिति को नियंत्रण में लिया और टीलों पर तैनात सैनिकों को उग्रवादियों के स्थानों पर समन्वित तरीके से भारी गोलीबारी करने का निर्देश दिया। तदनुसार, उग्रवादियों के ऊपर सभी नाका टीलों से सटीक एवं प्रभावी गोलीबारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप उग्रवादियों के घुसपैठ के घृणित इरादे को नाकाम कर दिया गया और अंततः वे अपनी जान बचाने के लिए पाकिस्तान की ओर भागने में सफल हो गए।

बाद में, एचएचटीआई की रिकॉर्डिंग और 51एमएम का रोशनी बम दाग कर उस क्षेत्र में की गई रोशनी से एक मृत/घायल उग्रवादी को घसीट कर पाकिस्तान की ओर ले जाने की पुष्टि हुई। संपूर्ण अभियान लगभग 16 मिनट तक चला, जिससे उग्रवादी गंभीर रूप से घायल हो गए और वापस भागने के लिए मजबूर हो गए।

भारतीय भू-भाग के भीतर उग्रवादियों के जबरन घुसपैठ के प्रयास के दौरान, कांस्टेबल गुरनाम सिंह ने उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बीच अदम्य बहादुरी का प्रदर्शन किया और घुसपैठ करने वाले उग्रवादियों पर सटीक एवं प्रभावी गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप उग्रवादी घायल हो गए/मारे गए और शेष पीछे हटने पर मजबूर हो गए। तथापि, कांस्टेबल गुरनाम सिंह, सं. 110411381, जो मुठभेड़ में दाहिनी कनपटी में गोली लगने से घायल हो गए थे और जिन्हें उपचार हेतु जीएमसी जम्मू में दाखिल करवाया गया था, की घायल होने की वजह से दिनांक 22.10.2016 को लगभग 2315 बजे मृत्यु हो गई और उन्होंने शहादत प्राप्त की।

उपर्युक्त अभियान के दौरान, निरीक्षक भूपिंदर सिंह, चौकी कमांडर, सीमा चौकी बोबिया फार्वर्ड ने भी भारी बाधाओं के बीच गोलीबारी का निर्देश देने में संपूर्ण अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई। उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के समक्ष अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर, उन्होंने सामने रहकर अपने दल की अगुवाई की और अत्यधिक सूझ-बूझ से प्रभावी तरीके से संपूर्ण अभियान को समन्वित किया, जिसके परिणामस्वरूप 01 उग्रवादी मारा गया/घायल हुआ और घुसपैठ के एक बड़े प्रयास को नाकाम किया जा सका।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री स्व. गुरनाम सिंह, कांस्टेबल और भूपिंदर सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक19.10.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 151-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

02. सतीश चंद, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03. तपन कुमार राज, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04. आर. सिद्दैया, सहायक उप-निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का बार, मरणोपरांत)

05. रविचंद्रन एम, हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक, मरणोपरांत)

06. जी.एस. अबिलाष कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक, मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीओबी जानबाई से लगभग 6 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में सरकीबांधा क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के संबंध में मलकानगिरी पुलिस द्वारा प्रदान की गई एक सूचना के आधार पर कमांडेंट, 104 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल द्वारा विस्तृत योजना बनाए जाने के बाद श्री राजेश टी.के. लाकड़ा, सहायक कमांडेंट/कम्पनी कमांडर, सीओबी बड़ापाड़ा, 11 अधीनस्थ अधिकारियों, 63 अन्य रैंकों, 04 सी.सु.ब. वाटर विंग के कार्मिकों और 01 ओएसएपी (कुल 81) को साथ लेकर श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सी.सु.ब. के एक अभियान दल द्वारा अभियान की शुरूआत की गई।

श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट ने 12 कार्मिकों के साथ पहली नाव में स्वयं इस अभियान का नेतृत्व किया। योजनानुसार पहली नाव में सवार अभियान दल लक्षित क्षेत्र की ओर और आगे जाने के लिए दिनांक 26 अगस्त, 2015 को लगभग 0630 बजे पलंगराईघाट पहुंच गया। घाट पर पहुंचने के तत्काल बाद और उस घाट को सुरक्षित बनाने तथा वहां उतरते समय और नाव का लंगर डालते समय एक निकटवर्ती पहाड़ी पर लाभप्रद रूप से ऊंचे स्थान में छिपे हुए नक्सलियों ने वहां एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से विस्फोट किया और विभिन्न दिशाओं से सी.सु.ब .के अभियान दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट के निर्देशों के अधीन सैन्य टुकड़ी ने तत्काल गोलीबारी का जबाव दिया और उन्होंने अपना धैर्य खोये बगैर लड़ाई लड़ी और सफलतापूर्वक नक्सलियों की घात का सामना किया। इसी बीच नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलीबारी के बीच तीन और आईईडी का भी विस्फोट किया, जिसके कारण अभियान दल के नौ सदस्य गोलियां और छर्रे लगने से घायल हो गए।

नक्सलियों द्वारा आईईडी के विस्फोट और अंधाधुंध गोलीबारी के कारण गोलियों तथा छर्रे से गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, आईआरएलए सं. 11 216360श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन अभियान दल ने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और उन्होंने अपने सहकर्मियों के साथ बहादुरीपूर्वक लड़ते हुए अपने जान की परवाह किए बगैर नक्सलियों पर जवाबी हमला किया, जिसके कारण नक्सली, जोकि अधिक लाभप्रद स्थिति में थे और सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी से संख्या में कई गुणा अधिक थे, अपने इरादे में सफल नहीं हो सके और उनकी पराजय हुई। दूसरे दल ने भी, जो कि पहली नाव के पीछे चल रहा था, कवर फायर प्रदान किया और नक्सलियों को बांध कर रखा। सी.सु.ब. की सैन्य टुकड़ी द्वारा दृढ़ संकल्प के साथ किए गए वीरतापूर्ण मुकाबले के कारण नक्सली अपनी ओर से लगाए गए शेष चार आईईडी में विस्फोट नहीं कर सके और वे अपने हथियार लूटने के मुख्य इरादे में भी विफल होकर अपने मृत सहकर्मियों को अपने शव और घायल सहकर्मियों को साथ लेकर वहां से भाग गए।

इस वीरतापूर्ण कार्रवाई में, दुर्भाग्यवश सी.सु.ब. की 104वीं बटालियन के तीन बहादुर सैनिकों ने कर्तव्य की राह में वीरगति प्राप्त की और छह सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दल के सदस्यों द्वारा निभाई गई भूमिकाः

(i) गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद बगैर विचलित हुए श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट ने तत्काल स्थिति का विश्लेषण किया और माओवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के प्रकार एवं उसकी दिशाओं को भांपते हुए उन्होंने लाइव वायर के रूप में कार्य करते हुए सामने रहकर नेतृत्व प्रदान किया, और अपने कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जिन्होंने माओवादियों को ढेर एवं पराजित करने के लिए उनका अनुसरण किया।

(ii) हेड कांस्टेबल (ईडी) तपन कुमार राज, सं 901110015 ने अपने जख्मों की परवाह किए बगैर नाव को सुरक्षित रूप से किनारे लगाया और अत्यधिक साहस एवं सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों से तब तक मुकाबला किया, जब तक कि वे वहां से भाग खड़े नहीं हुए।

(iii) कांस्टेबल सतीश चंद, सं 092543962 ने आईईडी विस्फोट/नक्सलियों की गोलीबारी के कारण अपने गंभीर जख्मों की परवाह किए बगैर प्रभावी रूप से माओवादियों को जवाब दिया और उन्हें और अधिक आईईडी विस्फोट करने से रोका।

(iv) स्व. एएसआई (जी) आर सिद्दैया, सं 870091250 ने गोली एवं छर्रे से हुए गंभीर जख्मों की परवाह किए बगैर माओवादियों पर गोलीबारी जारी रखी। उनके आक्रामक एवं साहसी कृत्य ने माओवादियों के घृणित इरादों को नाकाम कर दिया और उग्रवादी वहां से भाग गए और अंततः उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

(v) स्व. हेड कांस्टेबल (जीडी) रविचंद्रन एम., सं 930096229 ने अपने गंभीर जख्मों की परवाह किए बगैर आक्रामक रूप से अपने व्यक्तिगत हथियार से माओवादियों पर गोलीबारी जारी रखी ,जिसने माओवादियों के घृणित इरादों को नाकाम कर दिया और उग्रवादी वहां से भाग गए। उन्होंने स्वयं माओवादियों की भारी गोलीबारी का सामना किया और अत्यधिक साहस का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों के साथ वीरतापूर्वक मुकाबला किया और अंततः उन्होंने अपना सर्वोच्च का बलिदान कर दिया।

(vi) स्व. कांस्टेबल (क्रू) जी.एस. अबिलाष, सं 112050032 ने अपने गंभीर जख्मों की परवाह किए बगैर माओवादियों को उलझाए रखा तथा उन्हें और अधिक आईईडी विस्फोट करने से रोका। उन्होंने स्वयं माओवादियों की भारी गोलीबारी का सामना किया और अत्यधिक साहस का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादियों के पलायन करने तक उनके साथ वीरतापूर्वक मुकाबला किया और अंततः उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

की गई बरामदगीः

1.	आईईडी	:	04 (03 कि.ग्रा. प्रत्येक)
2.	छाता	:	04
3.	7.62 एमएम एसएलएफ ईएफसी	:	08
4.	7.62 एमएम एसएलआर	:	02 जिंदा राउंड
5.	एके 47 ईएफसी	:	42
6.	एके 47 गोलाबारूद	:	01 साउंड (मिसफायर)
7.	फ्लेक्सि वायर	:	75 माटर

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट, सतीश चंद, कांस्टेबल, तपन कुमार राज, हेड कांस्टेबल, स्व. आर सिद्दैया, सहायक उप-निरीक्षक, स्व. रविचंद्रन एम, हेड कांस्टेबल और स्व. जी.एस. अबिलाष, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक26.08.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 152-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जितेंद्र कुमार सिंह, (मरणोपरांत)
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26/27 अक्टूबर, 2016 की मध्य रात्रि में लगभग 0120 बजे चपरार सेक्टर में स्थित पाकिस्तानी सीमा चौकियों, जमशेद, लाबेक, बनौट टेकरी और चपरार फार्वर्ड ने सी.सु.ब. की 127वीं बटालियन की सीमा चौकियों के एओआर, अब्दुलियन और ट्यूबवेल-5 में मुख्यतः अग्रणी ड्यूटी प्वाइंट्स (नाका टीले), सीमा चौकियों तथा निकटवर्ती नागरिक क्षेत्रों को भी निशाना बनाते हुए बगैर अचानक सशस्त्र हथियारों से अकारण भारी गोलीबारी एवं मध्यम/भारी मोर्टारों से शेलिंग शुरू कर दी। सी.सु.ब. की 127वीं बटालियन की 'डी' कंपनी के हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सिंह, सं. 910061650 ने, जो कि एक अग्रणी ड्यूटी प्वाइंट, अर्थात सीमा चौकी ट्यूबवेल-5 के

नाका टीला सं. 02 पर तैनात थे, अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर समग्र स्थिति का जायजा लिया और उपयुक्त जवाब देने के लिए उन्होंने अपने सहकर्मियों को पाकिस्तानी अग्रणी मोर्चों/बंकरों पर गोलीबारी शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, एचसी जितेंद्र कुमार सिंह ने उक्त ड्यूटी प्वाइंट पर लगाई गई एंटी-मटीरियल राइफल (एएमआर) के ऊपर स्वयं पोजीशन ले ली और उन्होंने सभी अग्रणी ड्यूटी प्वाइंट्स पर लगातार गोलीबारी कर रही पाकिस्तानी सीमा चौकी जमशेद के अग्रणी मोर्चों/बंकरों को निशाना बनाते हुए त्वरित जवाबी कार्रवाई की। बेहद नजदीक स्थित सर्वाधिक अग्रणी ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात होने के कारण, दुश्मन की प्रचंड गोलीबारी के मुख्य प्रहार का सामना नाका टीला सं. 02 पर तैनात सैनिकों द्वारा किया जा रहा था। तथापि, दुश्मन की भारी गोलीबारी के बीच अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रभावी तरीके से पाकिस्तान की चौकी जमशेद के अग्रणी मोर्चों/बंकरों को उलझा कर रखा और उन अग्रणी एचएमजी मोर्चों पर तैनात पाकिस्तानी रेंजरों/सैनिकों को घायल कर दिया। एचसी जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा सटीक गोलीबारी के परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अग्रणी मोर्चों/बंकरों से कुछ देर के लिए गोलीबारी रूक गई। तथापि, भोर के समय पाकिस्तान ने सी.सु.ब. के पोजीशनों पर पुनः भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसी बीच, पाकिस्तानी चौकी जमशेद के अग्रणी मोर्चों/बंकरों ने विशेष रूप से टीला सं. 02 को निशाना बनाना शुरू कर दिया, जहां एचसी जितेंद्र कुमार सिंह एएमआर के साथ तैनात थे। पाकिस्तानी गोलीबारी की तीव्रता से विचलित हुए बगैर, एचसी जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रभावी जवाब देने के लिए एक बार पुनः अपने सहकर्मियों को प्रोत्साहित किया और उन्होंने स्वयं एएमआर से गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, पाकिस्तान की ओर से पुनः शुरू हुई इस ताजा गोलीबारी में, जिसकी प्रचंडता और अधिक थी, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सिंह के पेट के ऊपरी हिस्से में गोली लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घातक रूप से घायल होने और शरीर से खून का अधिक रिसाव होने के बावजूद, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सिंह ने वहां से स्वयं को तत्काल निकाले जाने की मांग किए बगैर दुश्मन को लगातार उपयुक्त जवाब देते रहे। तथापि, चौकी से बीपी बंकर वाहन से तत्काल वहां कैजुअल्टी इवैकुएशन पार्टी को भेजा गया और गंभीर रूप से घायल एचसी जितेंद्र कुमार सिंह को तत्काल वहां से निकाल कर सी.सु.ब. की 192वीं बटालियन के नजदीकी चिकित्सा जांच (एमआई) कक्ष में ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया और फिर उन्हें वहां से 166 सेना अस्पताल (एमएच) सतवारी ले जाया गया। सेना अस्पताल, सतवारी ले जाते समय एचसी जितेंद्र कुमार सिंह ने घायल होने के कारण अपने प्राण त्याग दिए और उन्होंने उसी दिन लगभग 0940 बजे शहादत प्राप्त की। बाद में, जैसा कि आसूचना स्रोतों के माध्यम से पुष्टि हुई, पाकिस्तानी पक्ष की ओर चपरार सेक्टर में दो पाकिस्तानी सैनिकों की मौत सहित उनके अन्य जवान घायल हुए और सामान की भारी क्षति हुई।

इस कार्रवाई में स्व. श्री जितेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.10.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 153-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. निशी कान्त,
सहायक कमांडेंट

02. खाडे नन्द किशोर मधुकरराव,
कांस्टेबल

03. शाहनवाज वाली भट्ट,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीमा सुरक्षा बल की 140वीं बटालियन छत्तीसगढ़ के एक अत्यधिक संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है और वहां की भौगोलिक स्थितियों के कारण इस यूनिट के अभियान का अधिकांश क्षेत्र कठिनाई भरा है और इस क्षेत्र में अभियानों का संचालन बेहद कठिन और अपने आप में चुनौतीपूर्ण है। गांव-केशोकोरी (पीओओ) के चारों ओर का आम क्षेत्र उपर्युक्त क्षेत्रों में से एक है, जो अपनी भौगोलिक स्थलाकृति के कारण माओवादियों की मौजूदगी के लिए बेहद बदनाम है।

दिनांक 02 फरवरी, 2016 को, उपलब्ध आसूचना के विस्तृत विश्लेषण के पश्चात केशोकोरी के क्षेत्र में श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट की प्रत्यक्ष कमान में सी.सु.ब. की 140वीं बटालियन के कमांडो प्लाटून तथा छत्तीसगढ़ पुलिस/एसटीएफ द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया, जिसमें कमांडो प्लाटून यूनिट के 04 अधीनस्थ अधिकारी, 31 अन्य रैंक और एसटीएफ/ छत्तीसगढ़ पुलिस के कार्मिक लगभग 1330 बजे युक्तिपूर्वक उस क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए और गोपीनीयता बरतते हुए लक्षित क्षेत्र की ओर रवाना हो गए।

गांव केशोकोरी के निकट पहुंचने पर, श्री निशि कांत, सहायक कमांडेंट ने जमीनी स्थिति का आकलन किया और उन्होंने क्रमश: दाहिने और बाएं किनारे से गांव की घेराबंदी करने के लिए क्रमशः अभियान दल को दो हिस्सों में अर्थात् सी.सु.ब. कमांडो प्लाटून और छत्तीसगढ़ पुलिस/एसटीएफ में विभाजित किया। गांव की घेराबंदी करते समय श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट अपने साथ कांस्टेबल के. नंद किशोर एम., एचसी रमेश चंद्र बुधानी और कांस्टेबल शाहनवाज वली भट को लेकर बीएसएफ कमांडो प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। घेराबंदी करते समय, श्री निशि कांत, सहायक कमांडेंट ने दो सशस्त्र अज्ञात लोगों को अपनी दिशा में गांव की ओर बढ़ते हुए देखा और उन्होंने तत्काल कमांडो प्लाटून को पोजीशन लेने का आदेश देते हुए उन व्यक्तियों को नजदीक आने देने के लिए कहा ताकि उनकी पहचान की पुष्टि की जा सके। उन्होंने अपने साथ मौजूद पुलिस प्रतिनिधि से भी छत्तीसगढ़ पुलिस/एसटीएफ से इस बात की पुष्टि करने के लिए भी कहा कि क्या वे उनसे संबंधित कार्मिक हैं या अन्य व्यक्ति हैं। इसी बीच, उपयुक्त सशस्त्र व्यक्तियों ने श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल के. नंद किशोर एम., सं.02216490 को देख लिया, जिन्होंने एक साथ लगभग 80 मीटर की दूरी पर पोजीशन ले रखी थी और उन माओवादियों ने श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल के. नंद किशोर एम. के ऊपर तत्काल गोलीबारी शुरू कर दी। अपने ऊपर गोलीबारी होने पर उपर्युक्त अधिकारियों ने अपनी आत्मरक्षा में उक्त अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों के ऊपर धमाकेदार गोलीबारी की। इसके परिणामस्वरूप, दोनों माओवादी गोली लगने से घायल होकर जमीन पर गिर गए, लेकिन तत्पश्चात उनमें से एक ने उठकर अपनी पोजीशन बदलते हुए लगातार गोलीबारी जारी रखी। कम लाभप्रद पोजीशन में होने के बावजूद, श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल के. नंद किशोर एम., सं.02216490 ने माओवादियों की गोलीबारी का प्रभावी तरीके से जवाब देना जारी रखा।

जब श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल के. नंद किशोर एम. के ऊपर सशस्त्र माओवादी गोलीबारी कर रहे थे, तब कांस्टेबल शाहनवाज वली भट, जिन्होंने अग्रणी सेक्शन से थोड़ा पीछे पोजीशन ले रखी थी, अपनी जान की परवाह न करते हुए फौरन पोजीशन लेते हुए माओवादियों की गोलीबारी की दिशा में आगे बढ़ते हुए श्री निशी कांत, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल के. नंद किशोर एम. के साथ शामिल हो गए, जो माओवादियों की गोलीबारी का लगातार जवाब दे रहे थे। अपना स्थान बदलते समय, कांस्टेबल शाहनवाज वली भट के बाएं पैर में माओवादियों की एक गोली लग गई और खून का अत्यधिक रिसाव होने लगा, लेकिन उन्होंने अपना हौसला गंवाए बगैर माओवादियों पर लगातार जवाबी गोलीबारी करते रहे।

इस अभियान के दौरान अधिकारी ने कांस्टेबल के. नंद किशोर एम. सं.02216490 और कांस्टेबल शाहनवाज वली भट सं. 124204210 के साथ असाधारण बहादुरी, प्रशंसनीय नेतृत्व गुण, उच्च स्तर के पेशेवर नजरिये का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप एक दुर्दांत माओवादी मारा गया और एक एसएलआर एवं माओवादियों से संबंधित अन्य सामग्रियां बरामद हुईं तथा अन्य माओवादी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागने पर मजबूर हो गए। सी.सु.ब. की 140वीं बटालियन की सैन्य टुकड़ी द्वारा एक सफल एवं परिणामोन्सुख वाले अभियान का निष्पादन किया गया और अद्वितीय अदम्य वीरतापूर्ण कार्रवाई एवं पेशेवरता का एक उदाहरण स्थापित किया गया जिससे सीमा सुरक्षा बल को सम्मान हासिल हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री निशी कान्त, सहायक कमांडेंट, खाडेनन्द किशोर मधुकरराव, कांस्टेबल और शाहनवाज वाली भट्ट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.02.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 154-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुशील कुमार, (मरणोपरांत)
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21 अक्टूबर, 2016 से 1 नवम्बर, 2016 तक जम्मू अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा-पार गोलीबारी के दौरान, दिनांक 23/24 अक्टूबर, 2016 की मध्यरात्रि में लगभग 2315 बजे, पाकिस्तानी रेंजरों ने अचानक सी.सु.ब. की 107वीं बटालियन की सीमा चौकियों मंगराल, संगराल और खाटमरियान के दायित्व वाले क्षेत्र में मुख्य रूप से अग्रणी ड्यूटी पाइंट्स (नाका टीले), सीमा चौकियों और निकटवर्ती आम नागरिक वाले क्षेत्रों को भी अपना निशाना बनाते हुए पाकिस्तानी चौकियों पुतवाल मोर्चा, चपरार और चपरार फॉर्वर्ड से भारी स्वचालित/फ्लैट ट्रैजेक्टरी वाले हथियारों और मध्यम/भारी मोर्टारों से अकारण भारी मात्रा में गोलीबारी और शेलिंग शुरू कर दी। 127वीं बटालियन की 'जी' कंपनी के हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, सं.920061969 अपनी पार्टी के साथ, जिसमें कांस्टेबल पुरुषोत्तम ध्रुव, सं.021445961 और कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, सं.10255752 शामिल थे, नाका कमांडर के रूप में सीमा चौकी संगराल के नाका टीला संख्या 04 पर तैनात थे। पाकिस्तान की ओर से तीव्र एवं निशाने पर की जा रही गोलीबारी के कारण नाका टीला संख्या 04 सहित अनेक फॉर्वर्ड ड्यूटी प्वाइंट्स पाकिस्तानी एचएमजी/बीएमजी की भारी गोलीबारी की जद में आ गए और वे बुरी तरह से घिर गए। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, नाका टीला संख्या 04 के नाका कमांडर के रूप में हेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने समग्र स्थिति का जायजा लिया और सावधानीपूर्वक विश्लेषण के पश्चात उन्होंने यह पाया कि एचएमजी से गोलीबारी कर रहा पाकिस्तानी चौकी पुतवाल मोर्चा का एक अग्रणी मोर्चा/बंकर प्रभावी तरीके से उनके ठिकानों को घेर रहा था। हेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने अपनी पार्टी को अपने-अपने हथियारों के द्वारा दुश्मन की अग्रणी पोजीशन पर तैनात लोगों को उलझाने का निर्देश दिया और उन्होंने स्वयं नाका प्वाइंट पर लगाए गए ऑटोमैटिक ग्रेनेड लॉन्चर (एजीएल) को संभाल लिया और उक्त अग्रणी मोर्चा/बंकर को निशाना बनाना शुरू कर दिया। हेड कांस्टेबल सुशील कुमार द्वारा दिए जा रहे सटीक जबाव के परिणामस्वरूप, पाकिस्तानी चौकी पुतवाल मोर्चा का उक्त बंकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उस बंकर के भीतर मौजूद पाकिस्तानी रेंजर/सेना कर्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल मिली इस सफलता के पश्चात रूके बगैर, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने भली-भांति इस बात को जानते हुए कि इस भीषण गोलीबारी में वे दुश्मन की गोलीबारी का स्पष्ट लक्ष्य बन गए हैं और उनका जीवन खतरे में है, अपने अटल जोश के साथ दुश्मन के अन्य अग्रणी ठिकानों को लगातार उलझाए रखा। नाका टीला सं. 04 से हुई अचानक एवं प्रभावी जवाबी गोलीबारी के परिणामस्वरूप दुश्मन के लगभग सभी अग्रणी बंकरों को प्रभावी रूप से उलझा लिया गया और उन्होंने तत्काल गोलीबारी रोक दी। तथापि, एक संक्षिप अंतराल के पश्चात, पाकिस्तानी सेना कर्मियों की सहायता से पाकिस्तानी रेंजरों ने दोबारा अपना मोर्चा संभाल लिया और उन्होंने विशिष्ट रूप से नाका टीला सं. 04 को अपना निशाना बनाते हुए पुनः भारी गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, अपनी निजी सुरक्षा एवं जान की परवाह किए बगैर हेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने दुश्मन के ठिकानों को उलझाए रखा और उन्होंने ठोस जवाब देने के लिए अपने नियंत्रणाधीन सैनिकों को भी प्रोत्साहित किया।

दोनों ओर से निरंतर हो रही भारी गोलीबारी के दौरान, दिनांक 24 अक्टूबर, 2016 को लगभग 0025 बजे, टीला सं. 04 के निकट 82 एम.एम. मोर्टार का एक सेल आकर गिरा और लूप होल के माध्यम से उसके छर्रे हेड कांस्टेबल सुशील कुमार के शरीर के ऊपरी हिस्से अर्थात् छाती/गर्दन पर लगे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार ने वहां से स्वयं को तत्काल निकाले जाने से मना कर दिया और उन्होंने दुश्मन के उन ठिकानों पर, जो अग्रणी ड्यूटी प्वाइंट्स/नाका टीलों पर प्रभावी गोलीबारी कर रहे थे, अपनी ओर से लगातार गोलीबारी जारी रखी। इस प्रक्रिया में, उन्होंने एक बार पुनः घातक प्रहार किया और पाकिस्तानी चौकी, पुतवाल मोर्चा के एक अन्य अग्रणी मोर्चा/बंकर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी बीच, चौकी से बीपी बंकर वाहन में तत्काल कैजुअल्टी इवैकुएशन पार्टी को बुलाया गया और गंभीर रूप से घायल एचसी सुशील कुमार को तत्काल सी.सु.ब. की 192वीं बटालियन के नजदीकी चिकित्सा जांच (एमआई) कक्ष में ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया और फिर उन्हें वहां से निकाल कर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जम्मू ले जाया गया। तथापि, घायल होने के कारण रास्ते में ही उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए और दुर्भाग्यवश उन्हें लगभग 240230 बजे चिकित्सा अधिकारियों ने मृत लाया हुआ घोषित कर दिया। दुश्मन की भारी गोलीबारी के समक्ष एचसी सुशील कुमार द्वारा प्रदर्शित वीरतापूर्ण एवं साहसी कार्रवाई के कारण, पाकिस्तानी चौकी पुतवाल मोर्चा के दो अग्रणी मोर्चों/बंकरों को प्रभावी रूप से क्षतिग्रस्त किया जा सका और उसके साथ ही उनके अन्य कार्मिकों एवं सामानों को भी नुकसान पहुंचाया गया।

सी.सु.ब. की 127वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, बल सं.920061969 ने दुश्मन की भीषण गोलीबारी के बीच न केवल अदम्य साहस और दुश्मन को उपयुक्त एवं ठोस जवाब देने में आसाधारण युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि उन्होंने अपने

नियंत्रणाधीन सहकर्मियों को प्रभावी तरीके से जवाब देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। तथापि, इस प्रक्रिया में, अपनी मातृभूमि की रक्षा करते समय उन्होंने सर्वोच्च बलिदान किया।

इस कार्रवाई में स्व. श्री सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.10.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 155-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एन. बिनो,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23/24 अक्टूबर, 2016 की मध्य रात्रि में पाकिस्तान ने सी.सु.ब. की 192वीं बटालियन तथा जम्मू फ्रंटियर की अन्य यूनिटों की जिम्मेवारी वाले क्षेत्रों में अकारण गोलीबारी और मोर शेलिंग शुरू कर दी और सतत् गोलीबारी/शेलिंग 01नवम्बर, 2016 तक लगातार जारी रही। इस अवधि के दौरान, अर्थात् दिनांक 27 अक्टूबर, 2016 को सं. 0216 41042कांस्टेबल एन. बिनो, कांस्टेबल जे.एस. अमित और कांस्टेबल रजत कुमार बेहरा एक सर्वाधिक असुरक्षित अग्रणी ड्यूटी प्वाइंट, अर्थात् सी.सु.ब. की 192वीं बटालियन की सीमा चौकी एस एच वे के ओपी सं. 02/नाका टीला सं. 03पर 1200 बजे से 1800 बजे तक ओपी ड्यूटी के लिए तैनात थे। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि सीमा चौकी एस एच वे के उक्त ओपी/नाका टीले को अग्रणी पोजीशनों में दुश्मन की गतिविधियों पर सीधी एवं नजदीकी नजर रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के काफी नजदीक बेहद सावधानीपूर्वक स्थापित किया गया है। उक्त ओपी/नाका टीला पाकिस्तानी अग्रणी बंध पर स्थित मोर्चों/बंकरों से 30 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस प्रकार, नजर से नजर मिलाने वाली स्थिति में उक्त ओपी/नाका प्वाइंट पर बेहद नजदीक तैनात सैन्य टुकड़ी दुश्मन की सीधी गोलीबारी की स्थिति में हमेशा असुरक्षित रहती है। अतः वहां की समग्र असुरक्षा को नजर में रखते हुए और उक्त ड्यूटी प्वाइंट की समग्र गोलीबारी की क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वहां एक 7.62 एमएम की एमएमजी भी तैनात की गई है। पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा उक्त 7.62 एमएम वाली एमएमजी को भी खतरा माना जाता था क्योंकि वह पाकिस्तानी बंध पर स्थित उसके अधिकांश अग्रणी मोर्चों/बंकरों को प्रभावी तरीके से उलझा रहा था और पाकिस्तानी चौकी न्यू हट भी उसके निशाने पर थी।

जब सी.सु.ब. की192 वीं बटालियन के संपूर्ण क्षेत्र में लगातार गोलीबारी एवं मोर शेलिंग हो रही थी, तब लगभग 1315 बजे कांस्टेबल एन. बिनो और उनके दल ने पाकिस्तानी अग्रणी बंध के पिछले हिस्से में छिपकर आगे बढ़ रहे दो पाकिस्तानी रेंजरों को देखा, जिसमें से एक पाकिस्तानी रेंजर ने अपने कंधे पर रॉकेट लान्चर रखा हुआ था, जिनका स्पष्ट इरादा उनके ड्यूटी प्वाइंट अर्थात् ओपी सं. 02/नाका सं. 03 को नष्ट करना और वहां तैनात सी.सु.ब. के सैन्य दल को हताहत करना था। इसी बीच, दोनों रेंजर तेजी से ऊपर चढ़ते हुए पाकिस्तानी अग्रणी बंध पर आ गए और उनमें से एक के कंधे पर अभी भी रॉकेट लान्चर रखा हुआ था और उसका दूसरा सहकर्मी उसे सहायता/निर्देश दे रहा था। पाकिस्तानी रेंजरों को देखकर, कांस्टेबल एन. बिनो ने उनके घृणित इरादों को भांप लिया और उन्होंने रॉकेट लान्चर की सीधी एवं आसन्न गोलीबारी से अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर यह जानते हुए भी कि उनकी अपनी जान पर भारी खतरा मंडरा रहा है, एक साहसिक कदम उठाने का निर्णय लिया और तुरंत रॉकेट लान्चर की गोलीबारी की सीधी दिशा में 7.62 एमएम की एमएमजी से लंबी दूरी वाली 14 राउंड धमाकेदार गोलीबारी की और इसी प्रक्रिया में उन्होंने अन्य ओपी प्वाइंट को भी सतर्क कर दिया। उनकी इस सटीक गोलीबारी, युद्ध क्षमता और साहसिक कार्रवाई के फलस्वरूप, एक पाकिस्तानी रेंजर को गोली लगी और वह उसी स्थान पर गिर गया, जबकि दूसरा रेंजर भी गोली लगने से घायल हो गया। दोनों पाकिस्तानी रेंजर अग्रणी बंध और घनी झाड़ियों की आड़ का लाभ उठाते हुए तुरंत पीछे की ओर भाग गए। कांस्टेबल एन. बिनो द्वारा प्रभावी एवं सटीक गोलीबारी के कारण, अग्रणी बंध पर स्थित एक अस्थाई पाकिस्तानी ओपी प्वाइंट में भी आग लग गई, जो बाद में जल गया। बाद में, सी.सु.ब. के साथ-साथ अन्य सहयोगी

एजेंसियों की रिपोर्टों के आधार पर, इस बात की पुष्टि हुई कि इस सटीक गोलीबारी के कारण मंजूर, निवासी गांव दालूवाली निकट सियालकोट नामक 12 विंग सीआर का एक पाकिस्तानी रेंजर मारा गया और दूसरा रेंजर (जिसके नाम का पता नहीं चला) गंभीर रूप से घायल हो गया। कांस्टेबल एन. बिनो की शौर्यपूर्ण एवं साहसी कार्रवाई से न केवल अपने सहकर्मियों की जान बचाई जा सकी, बल्कि एहतियाती कार्रवाई के द्वारा दुश्मन के घृणित इरादों को भी नाकाम किया जा सका।

दुश्मन की ओर से रॉकेट लान्चर की आसन्न गोलीबारी के बीच जिसमें मामूली गलती भी उनके जीवन को खतरे में डाल सकती थी, परंतु उसके परिणामों की परवाह न करते हुए पूर्ण युद्ध क्षमता और फौलादी इरादों से उन्होंने दुश्मनों को भारी आघात पहुंचाते हुए उन्हें सीधी चुनौती दी। सी.सु.ब. की 192वीं बटालियन के 'एसपी' कंपनी के कांस्टेबल एन. बिनो, रेजिमेंट सं. 021641042 ने एक बहादुर सीमा प्रहरी होने की अपनी दिलेरी को साबित किया।

इस कार्रवाई में श्री एन. बिनो, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.10.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 156-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बलेन हरिजन, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16.06.2016 को 203 कोबरा को पुलिस स्टेशन-पीरटांड़, जिला-गिरिडीह, झारखंड के अन्तर्गत गांव- घटियारी, जमुआ और हेसालो के आम क्षेत्र में माओवादियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में स्वयं अपने स्रोतों से एक खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। उस जानकारी के आधार पर कमांडेंट, 203 द्वारा 203 कोबरा के तीन दलों तथा राज्य पुलिस के घटक को शामिल करते हुए एक अभियान की योजना बनाई गई। उस क्षेत्र को लक्ष्य बनाने के लिए ये दल लगभग 2130 बजे पुलिस स्टेशन पीरटांड़ से रवाना हुए और वे 2330 बजे तक कंपनी बेस मधुबन पहुंच गए। वहां से ये दल तीन भिन्न दिशाओं से लक्षित क्षेत्र में इकट्ठा होने के लिए दिनांक 17.06.2016 को 0245 बजे अलग-अलग हिस्सों में रवाना हो गए। एक दल ने गांव चिरकी के निकट बस को छोड़ दिया जबकि दो अन्य दलों ने गांव पालगैंग के निकट बस को छोड़ दिया। तत्पश्चात तीनों दल पृथक मार्गों एवं दिशाओं से लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ गए।

जब एक दल अर्थात् दल संख्या 1 सावधानीपूर्वक क्षेत्र की तलाशी लेते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा था, तभी दल के कार्मिकों ने वहां गीली भूमि पर पांव के कुछ निशान देखे। उस समय, वह दल लक्ष्य से बमुश्किल 300 मीटर पीछे था। अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए वह दल लक्ष्य के और करीब पहुंचने लगा, लेकिन तभी अचानक माओवादियों ने उनके ऊपर भारी एवं अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। दल के कार्मिकों ने तत्काल पोजीशन ले ली और उन्होंने माओवादियों पर भारी गोलीबारी करते हुए उसका जवाब दिया। माओवादी आड़ के पीछे सुरक्षित स्थिति में थे और उनकी योजना सुरक्षा बलों को भारी संख्या में हताहत करने की थी। उनकी ओर से गोलीबारी तथा हथगोले फेंकने की मात्रा माओवादियों के इरादे को स्पष्ट कर रही थी। माओवादियों की युक्ति का मुकाबला करने तथा रणनीतिक रूप से उनके द्वारा लिए जा रहे ऊंचे स्थान के लाभ को व्यर्थ करने के लिए, यह दल छोटे हिस्सों में विभाजित हो गया और वे माओवादियों के स्थान के किनारे में फैल गए। वांछित संघटन तैयार करने के बाद दल के सदस्यों ने माओवादियों के ऊपर भारी गोलीबारी की। भारी गोलीबारी सुप्रशिक्षित दल के पराक्रम को साबित कर रही थी, जिसे देखकर माओवादी जंगल में भागने के प्रयास में पीछे हटने लगे।

इस स्थिति में, कांस्टेबल बलेन हरिजन, जो सक्रिय रूप से माओवादियों पर गोलीबारी करने का निर्देश दे रहे थे, बहादुरीपूर्वक आड़ से निकलकर बाहर आ गए और उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा के बारे में एक पल भी सोचे बगैर भाग रहे माओवादियों के ऊपर गोलीबारी करते हुए उनका पीछा करना शुरू कर दिया। दल के कार्मिकों ने कांस्टेबल बलेन हरिजन द्वारा चलाई गई गोलियों के लगने से एक माओवादी को नीचे गिरते देखा। जल्द ही कांस्टेबल बलेन हरिजन ने अन्य माओवादियों द्वारा कवर फायर की सहायता से

माओवादियों के एक समूह को वहां से भागने की कोशिश करते हुए देखा। उन्होंने उन माओवादियों पर गोलीबारी करने का निर्णय लिया और वे अपनी यूबीजीएल को भरने के लिए घुटनों के बल बैठ गए। जब कांस्टेबल बलेन हरिजन अपनी यूबीजीएल को भर रहे थे, तभी माओवादियों द्वारा चलाई गई एक गोली ने उनके नाक के बांई ओर उनके चेहरे को भेद दिया ,जिससे वे बुरी तरह से घायल हो गए। असहनीय पीड़ा और रक्त का तेज रिसाव भी उन्हें लेटकर पोजीशन लेने और माओवादियों पर गोलीबारी करने से रोक नहीं पाया। घायल होने और आगे बढ़ने में कठिनाई महसूस करने के बावजूद, वे अपने दल को आक्रमण जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। दल के सदस्यों द्वारा निरंतर आक्रमण के कारण उस स्थान से भागने के पूर्व माओवादियों को भारी क्षति हुई। खून के भारी मात्रा में रिसाव के कारण बहादुर कांस्टेबल बलेन हरिजन, जो उस समय तक गंभीर जख्मों के बावजूद जमीन पर डटे हुए थे, अचेत हो गए। उसके बाद उन्हें वहां से निकालकर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, पीरटांड़ ले जाया गया, जहां उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया गया। बहादुर कांस्टेबल बलेन हरिजन ने कर्तव्य की राह पर अपना जीवन बलिदान कर दिया और शहादत प्राप्त की।

संपूर्ण अभियान के दौरान कांस्टेबल बलेन हरिजन ने असाधारण साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया। घायल होने के बावजूद बहादुर सैनिक की ओर से लगातार की गई गोलीबारी ने माओवादियों से बहादुरीपूर्वक लड़ने में उनके दल की ताकत और आत्मविश्वास में इजाफा किया। उस क्षेत्र की बाद में तलाशी में एक एसएलआर, 02 मैगजीन, 130 जिंदा राउंड और नकदी के साथ उत्तरी छोटा नागपुर के जोनल कमांडर, बेहराम हंसदा उर्फ गाजो उर्फ पंकज मांझी नामक एक माओवादी का शव बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में स्व. श्री बलेन हरिजन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.06.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 157-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. पवन कुमार सिंह,
सहायक कमांडेंट

02. सोमदेव आर्य,
उप निरीक्षक

03. हरि सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जिला-बीजापुर के बासागुडा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत डुअल लेंड्रा और इतवार गांव के आम क्षेत्र में माओवादियों के प्रशिक्षण शिविर की मौजूदगी के संबंध में एक विश्वसनीय आसूचना प्राप्त होने पर, लक्षित क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ श्री हनुमान प्रसाद, डीसी और श्री पवन कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट की कमान में 204 कोबरा बटालियन द्वारा एक तलाशी एवं नष्ट करने संबंधी अभियान (एसएडीओ) की योजना बनाकर उसकी शुरूआत की गई। चूंकि शिविर के वास्तविक स्थान का पता नहीं लग सका, इसलिए 03 दिन और 02 रात के एक विस्तृत अभियान की योजना बनाई गई, जिसे माओवादी प्रशिक्षण शिविर की तलाश करके माओवादियों को पकड़ने के लिए आगे और बढ़ाकर 05 दिन और 04 रात के लिए कर दिया गया। अभियान वाला क्षेत्र कथित तौर पर माओवादियों का गढ़ समझा जाता है और वहां इस प्रकार के लंबे एवं थकाऊ अभियान की योजना/निष्पादन अपने आप में एक वास्तविक उपलब्धि थी।

इस अवसर को हाथ में लेते हुए, संयुक्त अभियान दल दिनांक 22.11.2015 को अपने बेस कैंप से रवाना हो गए। अभियान की योजना का अनुपालन करते हुए, सैन्य टुकड़ी ने माओवादी प्रशिक्षण शिविर के स्थान का पता लगाने के लिए युक्तिपूर्वक लक्षित क्षेत्र पर आधिपत्य कायम करते हुए वहां की तलाशी ली और वे दिनांक 22.11.2015, 23.11.2015 और 24.11.2015 को लक्षित क्षेत्र के जंगलों

में ठहरे। सैन्य टुकड़ी तीन दिनों तक लक्षित स्थान की तलाश करने का लगातार प्रयास कर रही थी ,लेकिन उन्हें वहां कुछ भी उल्लेखनीय नहीं मिला। यह सैन्य टुकड़ी और उनके कमांडरों का उत्साह और जोश था, जिससे उन्होंने इस अभियान को जारी रखने का निर्णय लिया।

माओवादियों के गढ़ में लम्बे समय तक ठहरना हमेशा ही जोखिमपूर्ण रहा है। उपर्युक्त के कारण इसमें निहित खतरे से बेपरवाह रहते हुए सैन्य टुकड़ी ने लगातार अपना लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया। इस जोखिम ने तब अपना आकार ग्रहण किया, जब दिनांक 25.11.2015 को लगभग 1730 बजे जब सैन्य टुकड़ी गांव-कुरचोली के जंगल क्षेत्र में युक्तिपूर्वक धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी ,तब वह माओवादियों के घात में फंस गई। सुरक्षा बलों को अपने घात क्षेत्र में पाकर माओवादियों ने राज्य पुलिस के दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका आत्मरक्षा में पुलिस दल द्वारा ठोस जवाब दिया गया। इसी बीच, दल के कमांडर द्वारा 204 कोबरा की सैन्य टुकड़ी से अतिरिक्त बल की मांग की गई। उपर्युक्त निर्देश को सुनने पर, कोबरा कमांडो हरकत में आ गए और वे माओवादियों को घेरने के लिए सभी दिशाओं से परस्पर सहयोग करते हुए गोलीबारी स्थल की ओर युक्तिपूर्वक आगे बढ़ने लगे।

माओवादियों की भारी गोलीबारी और उनकी अतिसुरक्षित युक्तिपूर्ण ठिकानों से हतोत्साहित हुए बगैर, श्री पवन कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट ने असाधारण साहस एवं युक्तिपूर्ण कौशल का प्रदर्शन करते हुए माओवादी ठिकानों पर जवाबी आक्रामक हमला शुरू कर दिया। गोलियों की बौछारों के बीच, जहां कोई भी कदम घातक हो सकता था, श्री पवन कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, एसआई (जीडी) सोमदेव आर्य और कांस्टेबल (जीडी) हरि सिंह ने बहादुरीपूर्वक माओवादियों के ऊपर हमला किया और उनके ठिकानों की ओर आगे बढ़े। गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की विवेकपूर्ण युक्ति अपनाते हुए और अदम्य बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए, वे अपनी-अपनी जान पर गंभीर खतरा होने के बावजूद जमीन पर डटे रहे और उन्होंने माओवादियों का खात्मा करने के लिए प्रभावी गोलीबारी की। गोलीबारी लगभग एक घंटे तक जारी रही। इस असाधारण साहस और मजबूत जवाबी आक्रमण से भौंचक्का होते हुए, माओवादी घने जंगल एवं वहां की स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए उस स्थान से भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद उस स्थान में ली गई तलाशी के दौरान, सैन्य टुकड़ी ने वहां से हथियार/गोलाबारूद, हथगोले और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ वर्दी में एक दुर्दान्त माओवादी का शव बरामद किया, बाद में जिसकी पहचान कुन्जम सुकाऊ, पुत्र कुन्जम सांडी के रूप में की गई।

अभियान में लगातार चौथे दिन की थकान के बावजूद, सैन्य टुकड़ी ने अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए तथा एक-दूसरे की रक्षा करने के लिए गोलीबारी की राह में अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए बहादुरीपूर्वक लड़ाई लड़ी।

की गई बरामदगीः-

1.	12 बोर राइफल	:	01
2.	देशी राइफल	:	01
3.	.303 गोलाबारूद	:	07 राउंड
4.	हैंड ग्रेनेड नं. 36	:	01
5.	डेटोनेटर	:	02
6.	टिफिन बम	:	01
7.	कोरटेक्स वायर	:	200 मीटर
8.	इलेक्ट्रिक वायर	:	30 मीटर
9.	पिटठू	:	04

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पवन कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, सोमदेव आर्य, उप निरीक्षक और हरि सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.11.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 158-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. नीरज कुमार,
सहायक कमांडेंट

02. किशोर लाल,
निरीक्षक

03. पवन कुमार,
कांस्टेबल

04. नैनी गोपाल मैती,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट, 168वीं बटालियन, के.रि.पु.ब. द्वारा पुलिस स्टेशन-बासागुडा, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़ के अन्तर्गत माओवादियों के मजबूत गढ़ गांव-बासागुडा, चिन्नागेलूर, पेड्डागेलूर, गुंडम, कोटेगुडा, तारेम और पेगडापल्ली के जंगलों में गहन तलाशी अभियान चलाने की एक योजना बनाई गई। तदनुसार, राज्य पुलिस कार्मिकों के साथ ए/168 और विशेष कार्रवाई दल में से प्रत्येक की एक-एक प्लाटून ने दिनांक 18.08.2015 की भोर में गोपनीय तरीके से जंगल में प्रवेश किया और उन्होंने उस क्षेत्र की तलाशी शुरू की। चिन्नागेलूर, पेड्डागेलूर और गुंडम नामक गांवों में गहन तलाशी अभियान के संचालन के पश्चात, सैन्य टुकड़ी ने गांव कोटेगुडा के निकट जंगल में एक जगह आराम (एलयूपी) किया। अगले दिन, सैन्य टुकड़ी ने गांव पुशवाका और पेगडापल्ली में तलाशी का कार्य किया, लेकिन जब उन्हें माओवादियों का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने रणनीतिक तौर पर उस क्षेत्र से अलग रास्ते से वापस लौटने की योजना बनाई।

लगभग 1730 बजे, वापस लौटते समय, जब सैन्य टुकड़ी एक पहाड़ी के निकट पहुंच रही थी, तभी वहां पहाड़ी की चोटी पर घात लगाकर छिपे हुए माओवादियों ने उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक किशोर लाल की कमान में आगे चल रहे सैनिकों, मुख्य रूप से कांस्टेबल पवन कुमार और कांस्टेबल नैनी गोपाल मैती ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और उन्होंने उपलब्ध आड़ के पीछे पोजीशन ले ली। माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देते समय निरीक्षक किशोर लाल ने दुश्मन के स्थान और उनकी संख्या का आकलन किया और उसके बारे में अपने कमांडर श्री नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट को सूचित किया। श्री नीरज कुमार ने रणनीतिक जवाबी हमला शुरू करने के लिए अपनी टुकड़ी को दो हिस्सों में विभाजित किया और उन्होंने दो दिशाओं से सटीक हमला शुरू करने के लिए एसआई वैभव दीक्षित को अपने दल के साथ बांई ओर से पहाड़ी की ओर बढ़ने का आदेश दिया। तत्पश्चात वे स्वयं अपनी टुकड़ी की सहायता के लिए गोलियों की बौछार के बीच आगे बढ़े। आगे पहुंचने पर, उन्होंने स्थिति का आकलन किया और माओवादियों की ओर से की जा रही गोलीबारी की मात्रा से उन्हें यह लग गया कि उनकी संख्या एक प्लाटून से अधिक नहीं थी। दुश्मन की सीमित संख्या पर विचार करते हुए, उन्होंने उनसे आमने-सामने लड़ने का निर्णय लिया और वे निरीक्षक किशोरी लाल, कांस्टेबल पवन कुमार और कांस्टेबल नैनी गोपाल मैती के साथ कवरिंग एवं सहायक गोलीबारी के भीतर रेंगते हुए आगे बढ़े। सैन्य टुकड़ी ने भी अपने कमांडरों का अनुसरण किया और दल गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की युक्ति का प्रयोग करते हुए आगे बढ़ा।

बमुश्किल सैन्य टुकड़ी 20 मीटर आगे बढ़ी थी, तभी उनके ऊपर की जा रही गोलीबारी की मात्रा अचानक बढ़ गई और उसमें अधिक संख्या में स्वचालित हथियारों का प्रयोग किया जा रहा था। श्री नीरज कुमार को यह समझने में देर नहीं लगी कि यह उनके अनुमान से काफी बड़ी घात थी। यह माओवादियों द्वारा बिछाया गया एक जाल प्रतीत हो रहा था, जिसमें उन्होंने पहले सीमित गोलीबारी करने और बाद में सैन्य टुकड़ी के नजदीक आने पर उनके ऊपर भीषण आक्रमण करने की रणनीति बनाई थी। इस प्रकार की आकस्मिक स्थिति और औचक हमले के लिए भली-भांति तैयार रहते हुए, श्री नीरज कुमार ने एसआई वैभव दीक्षित को तेज गति से आगे बढ़कर माओवादियों पर जवाबी हमला करने का आदेश दिया। जब एसआई वैभव दीक्षित ने अपने कमांडर तथा अन्य सैनिकों की जान को गंभीर जोखिम में पाया, तब उन्होंने कांस्टेबल शोभा राम बर्मन और कांस्टेबल धीरज सिंह को अपने साथ लिया और वे तीनों लोग चारों ओर हो रही गोलियों की बौछार की परवाह किए बगैर माओवादी ठिकानों की ओर पहाड़ी के ऊपर दौड़कर चढ़ते हुए आगे बढ़ने लगे। माओवादी

ठिकानों के नजदीक पहुंचने पर, उन्होंने सुरक्षित ठिकानों में मौजूद माओवादियों के ऊपर गोले दागने के साथ-साथ भारी गोलीबारी शुरू कर दी। अपने कार्य को पूरा करने और माओवादियों को वहां से उखाड़ फेंकने के लिए, उन्होंने अपने सामने न्यूनतम आड़ में खड़े-खड़े गोला दागते हुए अपनी जान को भी जोखिम में डाल दिया। बहादुर सैनिकों की चाल तथा जवाबी हमले से भौंचक्का होते हुए, माओवादियों को अनिच्छापूर्वक लड़ाई का दूसरा मोर्चा खोलना पड़ा। जैसे ही माओवादियों की ओर से गोलीबारी की क्षमता विभाजित हुई, श्री नीरज कुमार ने कुशलतापूर्वक अपने दल को माओवादी ठिकानों की ओर भेज दिया। सैन्य टुकड़ी अंतिम प्रहार करने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़ी, लेकिन उन्होंने यह पाया कि माओवादी अस्थाई रूप से निर्मित सुरक्षित मोर्चों के पीछे डटे हुए हैं। दुश्मनों की ओर उनकी बंदूकों की गर्जना की स्थिति में आगे एक भी कदम बढ़ाना सैन्य टुकड़ी के लिए घातक हो सकता था।

इस गतिरोध से बाहर निकलने के लिए, श्री नीरज कुमार ने सामने वाले पहले मोर्चे पर किनारे से हमला शुरू करने के लिए सहयोगियों वाले दो समूहों का गठन किया। श्री नीरज कुमार और कांस्टेबल पवन कुमार वाला पहला समूह रेंगते हुए दाहिनी ओर गया और निरीक्षक किशोर लाल तथा कांस्टेबल नैनी गोपाल मैती वाला दूसरा समूह रेंगते हुए बांई ओर गया और उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर अत्यधिक साहस एवं अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए हमला करने के लिए उपयुक्त पोजीशन प्राप्त करने हेतु भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़ना जारी रखा। जब उन्होंने वह पोजीशन हासिल कर ली, तब वे मोर्चा पर भारी गोलीबारी करने लगे। जल्द ही माओवादियों को यह अहसास हो गया कि वे तीन दिशाओं से घेरे जा चुके हैं और उन्होंने सैन्य टुकड़ी को भयभीत करने के लिए ग्रेनेड फेंकने के साथ-साथ अपने शस्त्र भंडार में मौजूद प्रत्येक शस्त्र का प्रयोग किया, लेकिन जल्द ही उनके पांव उखड़ गए और उन्होंने एक-एक करके वहां से भागना शुरू कर दिया। जब माओवादियों की ओर से गोलीबारी की मात्रा कम हो गई और सैन्य टुकड़ियों को आगे बढ़ने के लिए कुछ स्थान मिला, तब तीनों समूह गोलीबारी और ग्रेनेड के धमाकों की परवाह किए बगैर अविचलित होकर आगे बढ़े और उन्होंने अनुकरणीय साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए माओवादियों के ऊपर अंतिम धावा बोल दिया। दोनों ओर से होने वाली इस नजदीकी गोलीबारी में, उन्होंने दो माओवादियों को मार गिराया जबकि अन्य माओवादी घनी झाड़ियों तथा ऊबड़-खाबड़ स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए वहां से भागने लगे। सैन्य टुकड़ियों ने माओवादियों का पीछा किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के पश्चात उस क्षेत्र की तलाशी ली गई और वहां से एक .303 राइफल, 33 राउंड गोलाबारूद, 3 पाइप बम, 3 बंडल तार, 26 स्पाइक, एक तीर-धनुष, गोलाबारूद की एक थैली, चार माओवादी बैनर एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ दो माओवादियों (बाद में जिनकी पहचान हेमला नंदा और सोधी विचयम के रूप में की गई) के शव बरामद किए गए।

श्री नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट (आईआरएलए-8875), निरीक्षक किशोरी लाल, सं. 971320263 और कांस्टेबल पवन कुमार, सं. 041662782 एवं कांस्टेबल नैनी गोपाल मैती, सं. 065102605 नामक उनके सहयोगियों ने योजना बनाने के चरण से लेकर उसके सटीक निष्पादन तक इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जवाबी हमले के दौरान उन्होंने सामने रहकर मुकाबला किया और गैर-लाभप्रद स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया। इस भीषण गोलीबारी में उनकी बहादुरी के परिणामस्वरूप दो माओवादियों का सफाया किया जा सका।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री नीरज कुमार, सहायक कमांडेंट, किशोर लाल, निरीक्षक, पवन कुमार, कांस्टेबल, और नैनी गोपाल मैती, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.08.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 159-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राजीव कुमार चौधरी,
कमांडेंट

02. नरेश कुमार,
सहायक कमांडेंट

03. पी.के. पांडा,
कांस्टेबल

04. एस. प्रकाश,
कांस्टेबल

05. विश्वभान सिंह,
कांस्टेबल

06. बजेश बी.,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

कश्मीर घाटी में राष्ट्रीय महत्व के दिनों को मनाना सुरक्षा बलों के लिए नई चुनौतियां पैदा करता है क्योंकि राष्ट्र-विरोधी ताकतें समारोहों में गड़बड़ी करने के भरसक प्रयास करती हैं। स्वतंत्रता दिवस, 2016 का समारोह, सुरक्षा बलों द्वारा एक "हिजबुल मुजाहिद्दीन" कमांडर के मारे जाने के परिणामस्वरूप घाटी में अत्यधिक अस्थिर और संवेदनशील कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के कारण और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया था। गड़बड़ियों को रोकने और उग्रवादियों के घृणित इरादों को विफल करने के लिए, श्रीनगर शहर को कड़ी निगरानी में रखा गया था।

दिनांक 15.08.2016 को, लगभग 0800 बजे, नौहट्टा चौक, श्रीनगर के नजदीक एक भवन में छिपे उग्रवादियों ने नौहट्टा चौक, श्रीनगर में तैनात 28 बटालियन के सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और एक भयंकर मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ की सूचना ऑपरेशनल रेंज और यूनिटों के सभी संबधित अधिकारियों के पास पहुंच गई जिन्होंने तुरंत प्रतिक्रिया की और वे अपने संबंधित सैन्य दलों के साथ घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। श्री राजीव कुमार चौधरी, कमांडेंट 28 बटालियन, श्री प्रमोद कुमार कमांडेंट-49 बटालियन और श्री राजेश कुमार 28 बटालियन के 2-आई/सी ने अन्य ऑपरेशनल कमांडरों के साथ स्थिति का विश्लेषण किया और एक जवाबी योजना के साथ उस स्थान की ओर चल पड़े, जहां उग्रवादी छिपे हुए थे। उग्रवादियों की ओर आगे बढ़ते समय, 2-आई सी ने कांस्टेबल/जीडी दिलिप दास को देखा जो बुरी तरह घायल हो गए थे। उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बीच, उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना उग्रवादियों पर गोलीबारी की और बहादुरी से उग्रवादियों की गोलीबारी की दिशा से उपर्युक्त घायल जवान को बाहर निकाला। इसी बीच, श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का वैली क्यूएटी घटना स्थल पर पहुंचा और उग्रवादियों के बच निकलने की किसी भी संभावना को रोकने के लिए घेराबंदी को मजबूत करना शुरू कर दिया।

जब क्यूएटी सैन्य दल लक्षित भवन जहां आतंकवादी छिपे थे, के आस-पास तैनात हो रहे थे, तो उनका उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी से स्वागत किया गया। घातक खतरे से बिना डरे, श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट अपने बहादुर सैन्य दलों के साथ उग्रवादियों के स्थान के निकट पहुंच गए और उनकी स्थिति का पता लगाया। जब वैली क्यूएटी सैन्य दल उग्रवादियों के साथ व्यस्त थे, तब श्री राजीव कुमार चौधरी, कमांडेंट - 28 बटा. कांस्टेबल/जीडी बजेश बी के साथ बचकर निकलने के मार्ग को अवरूद्ध करने के लिए छिपने के ठिकाने के पीछे की ओर आगे बढ़े परन्तु वे उग्रवादियों की नजर में आ गए, जिन्होंने तुरंत उन पर भारी गोलीबारी की जिसमें दोनों बहादुर सैनिक बाल-बाल बच गए, तथापि, यह उनको आगे बढ़ने से नहीं रोक सका दोनों यथोचित जोखिम उठाते हुए छिपने के ठिकाने के नजदीक पहुंच गए और उग्रवादियों के स्थान की ओर एचई-36 ग्रेनेड और फिर कई यूबीजीएल फेंके। विस्फोट से कुछ देर के लिए उग्रवादियों की गोलीबारी रूक गई और इससे दूसरी ओर के सैन्य दलों को नजदीक आने और उग्रवादियों पर गोलीबारी करने के लिए उपयुक्त पोजीशन लेने का मौका मिल गया। स्थिति का लाभ उठाते हुए, श्री प्रमोद कुमार, कमांडेंट-49 बटा. ने-2 आईसी के साथ उग्रवादियों की ओर गोलियों की तेज बौछार करते हुए उन पर हमला कर दिया। अपनी उग्र कार्रवाई से उग्रवादियों को काबू में करते समय, उन्होंने उग्रवादियों पर अंतिम प्रहार करने के लिए अपनी आड़ से बाहर आने का निर्णय लिया। वे दोनों सभी सावधानियों को ताक पर रख कर उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के लिए गोलीबारी करने और आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए अपनी आड़ से बाहर आ गए। लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते समय, बहादुर अधिकारियों ने उग्रवादियों की नजर में आ जाने के गंभीर खतरे को नजरअंदाज करते हुए भयंकर हमला किया और एक आतंकवादी को गोली मारकर घायल कर दिया, परन्तु इस प्रक्रिया में अचानक एक गोली श्री प्रमोद कुमार, कमांडेंट की खोपड़ी में लग गई। बहादुर अधिकारी की चोट लगने से मौत हो गई, और उन्होंने शहादत प्राप्त की। अपने वीर साथी की मृत्यु के बावजूद, 2-आईसी ने अपना हौंसला नहीं छोड़ा और उग्रवादियों पर लगातार हमला करते हुए दृढ़ता से मौर्चा संभाले रखा।

जब उग्रवादी उपर्युक्त सैन्य दलों के साथ गोलीबारी में व्यस्त थे तब श्री नरेश कुमार ने कांस्टेबल पी.के. पांडा, कांस्टेबल विश्वभान सिंह और कांस्टेबल पी. प्रकाश के साथ छिपने के ठिकाने के सामने एक मकान में पोजीशन ले ली। उस समय, अजीत बाबू, उप

कमांडेंट, जो महानिरीक्षक, श्रीनगर सेक्टर के साथ मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए थे, ने वैली क्यूएटी का साथ दिया और उनको मजबूती प्रदान की। अब उनकी बारी थी, क्योंकि क्यूएटी सैन्य दलों ने उग्रवादियों पर भारी जवाबी गोलीबारी की। उन्हें नुकसानदायक स्थिति में पाकर, उग्रवादियों ने क्यूएटी सैन्य दलों की ओर एक ग्रेनेड फैंका जो बिल्कुल नजदीक फट गया। शीघ्र प्रतिक्रिया दिखाते हुए, सैन्य दलों ने नाजुक स्थिति से स्वयं को बचाया। उग्रवादियों के रणनीतिक ढ़ंग से लाभपूर्ण स्थिति में होने के कारण, गोलियां पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो रही थीं। इसलिए, कांस्टेबल विश्वभान सिंह को उग्रवादियों की पोजीशन की ओर यूबीजीएल के स्टीक राउण्ड चलाने का आदेश दिया गया। इसे देखते हुए, उग्रवादियों ने कांस्टेबल/जीडी विश्वभान सिंह की यूबीजीएल से सधी हुई गोलीबारी को विफल करने के लिए अपनी गोलीबारी की दिशा उनकी ओर मोड़ दी। इस पर, श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट और श्री अजीत सी. बाबू अपनी पोजीशन से आगे की ओर बढ़े और कांस्टेबल/जीडी विश्वभान सिंह को प्रभावकारी कवर फायर प्रदान किया। सैन्य दलों का प्रयास सफल साबित हुआ क्योंकि कुछ समय के पश्चात छिपने के ठिकाने से जवाबी गोलीबारी बंद हो गई। तत्पश्चात, कांस्टेबल पी.के. पांडा, कांस्टेबल एस. प्रकाश और कांस्टेबल विश्वभान सिंह वाला वैली क्यूएटी कमांडो के एक दल ने एसओजी (जम्मू एवं कश्मीर पुलिस) के साथ अपनी जान को आसन्न खतरे की परवाह किए बिना युक्तिपूर्वक उस भवन में प्रवेश किया और अपनी किसी क्षति के बिना दो विदेशी उग्रवादियों के शव के साथ बाहर निकला।

अभियान के दौरान, सैन्य दलों ने विपरीत स्थिति में सौंपे गए कार्य के प्रति अत्यधिक निष्ठा और समर्पण के साथ अतुलनीय साहस का प्रदर्शन किया। उन्होंने शीघ्र दक्ष और प्रभावकारी ढंग से कार्य को पूरा किया। जीवन के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति में उनकी पूर्ण निष्ठा पहल और धैर्य के परिणामस्वरूप उनकी अत्यधिक सराहना हुई और इससे बल की भी प्रतिष्ठा बढ़ी।

की गई बरामदगीः-

1.	एके-47 राइफल्स	:	02
2.	एके-47 मैगजीन	:	06
3.	एके-47 राउण्ड	:	04

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राजीव कुमार चौधरी, कमांडेंट, नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, पी.के. पांडा, कांस्टेबल, एस. प्रकाश, कांस्टेबल, विश्वभान सिंह, कांस्टेबल और बजेश बी. कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.08.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 160-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री दीपु दास,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुवारती और टेकलगुरलम गांवों के सामान्य क्षेत्र में 30-40 सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर, 204 कोबरा के सैन्य दलों द्वारा पुलिस स्टेशन बासुगुडा, जिला-बीजापुर (छत्तीसगढ़) के अन्तर्गत नीलमगुट्टा, कोट्टागुडा गुंडुम, तारेम, पुवारती और टेकलगुरलम गांवों के सामान्य क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया गया। 7 दलों वाले 204 कोबरा के दो हमला दल दिनांक 25.04.2016 को 2000 बजे दो बेस कैंपों अर्थात् सरकेगुडा और न्यू तरेम से अभियान के लिए चल पड़े। सैन्य दल घने अंधेरे में चला और शांति और विस्मय को बनाए रखते हुए अपने मार्ग में आने वाली हर बाधा को पार किया। उस क्षेत्र में विस्मय में किसी भी चूक का मतलब यह था कि सैन्य दलों की गतिविधि का पता चल जाएगा और माओवादियों को घात लगाने का एक अवसर मिल जाएगा। सैन्य दलों को न केवल बाधाओं को पार करना था, बल्कि उन माओवादियों, जो उस क्षेत्र को अपनी निगरानी में रखे हुए थे, की सतर्क

निगाहों से भी बचना था। सभी सावधानियां बरतते हुए सैन्य दल दिनांक 26.04.2016 को 0225 बजे गुंडुम और चुटवाही गांवों के निकट पहुंच गया।

गांवों पर निगरानी रखने के लिए, उप-निरीक्षक/जीडी श्रवण कुमार के नेतृत्व में एक छोटा दल जिसमें कांस्टेबल/जीडी दीपु एक स्काउट के रूप में शामिल थे, गांव के नजदीक भेजा गया, जबकि शेष सैन्य दलों ने प्रतीक्षा की। यह चाल क्षेत्र में सैन्य दलों की मौजूदगी के विस्मय को बनाए रखने के लिए चली गई। जब निगरानी दल ने गांव के नजदीक पहुंचने के लिए एक नाले को पार किया, स्काउट सं.065132291 कांस्टेबल/जीडी दीपु दास ने अपने नाइट विजन डिवाइस से गांवों के ठीक पास में स्थित जंगल के बाहरी किनारे पर एक व्यक्ति को खड़े हुए देखा। छोटे दल ने संदिग्ध दिखने वाले उस व्यक्ति को पकड़ने का निर्णय लिया और साथ-साथ ही पीछे आ रहे कमांडर को अपनी चाल के बारे में सूचित भी किया। संदिग्ध व्यक्ति एक मिनट रूकने के पश्चात आगे बढ़ा और घने जंगल में चला गया।

छोटे दल ने उसका पीछा किया और जब इसने जंगल में प्रवेश किया, तो जंगल के भीतर से उनकी ओर अंधाधुंध गोलियों की एक बौछार आई। इस प्रकार के आश्चर्यजनक और अचानक हमले के लिए तैयार उक्त दल ने जवाबी हमला किया और निकट से बंदूकों की भयंकर लड़ाई शुरू हो गई। दुर्भाग्यवश, इस नजदीकी मुठभेड़ में 204 कोबरा के स्काउट नामतः कांस्टेबल दीपु दास को गोलियां लग गई और वे घायल हो गए। गोलियां लगने के बावजूद, वे रेंगकर एक पेड़ के पीछे गए और अपनी पोजीशन ले ली तथा लगातार माओवादियों को उलझाए रखा। घने जंगल के भीतर कहीं छिपे माओवादियों पर हमला करने के लिए, दूरी को और कम करना तथा उनकी वास्तविक पोजीशन का पता लगाना अनिवार्य था। परन्तु भारी गोलीबारी के बीच मजबूत शत्रु के नजदीक जाने का कार्य जान को जोखिम में डालने वाला था। एकमात्र संभावित रास्ता शत्रु की गोलीबारी को नियंत्रित करना और कवर गोलीबारी में आगे बढ़ना था। कांस्टेबल दीपु दास ने दल में अपनी पोजीशन अर्थात् स्काउट के महत्व को महसूस किया और अपनी चोट की परवाह किए बिना कवर गोलीबारी में आगे बढ़ने का निर्णय लिया। कष्टदायक पीड़ा और सभी ओर से गोलियों की सनसनाहट में हौसला दिखाते हुए, बहादुर सैन्य कर्मी गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की रणनीति को अपनाते हुए शत्रु की ओर बढ़ा और उन पर हमला कर दिया। उसके भयंकर हमले ने माओवादियों को पुनः अपनी रणनीति बनाने और पीछे हटने पर विवश कर दिया। बहादुर सैनिक का समर्पण और दृढ़ निश्चय ऐसा था कि जब उनको यह लगा कि वह अपने दाएं कंधे से गोलीबारी करने में सक्षम नहीं हैं, तो उन्होंने अपने बाएं कंधे का प्रयोग किया, परन्तु एक बार भी हमले को रोकने अथवा पीछे हटने के बारे में नहीं सोचा। दल के अन्य सदस्यों द्वारा पूर्ण सहायता से उनकी सधी हुई गोलीबारी के कारण घने जंगल के भीतर कहीं छिपे माओवादी गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए।

सैन्य दलों ने पूरी तरह से क्षेत्र की तलाशी ली और मुठभेड़ स्थल से हथियारों और विस्फोटक पदार्थों का जखीरा बरामद किया। तीन स्वदेश निर्मित राइफलें, एक पाइप बम, माओवादी यूनिफार्म के दो सेट, 50 ग्राम गन पाउडर, 50 से.मी. कोडेक्स वायर और भारी मात्रा में अन्य अभिशंसी सामग्रियां बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त, खून के धब्बों के साथ घसीटने के निशान भी देखे गए, जो यह दर्शाता था कि कुछ माओवादी मुठभेड़ में या तो मारे गए थे अथवा गंभीर रूप से घायल हुए थे, परन्तु उस क्षेत्र से भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री दीपु दास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.04.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 161-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. केशव कुमार मिश्रा,
सहायक कमांडेंट

02. भूमिरेड्डी श्रीनु,
कांस्टेबल

03. सुरेन्द्र बुड़ी,
कांस्टेबल

04. गुम्मिडी श्रीनिवासा राव,
कांस्टेबल

05. सुरजीत कुमार,
कांस्टेबल

06. ईफरान अली,
कांस्टेबल

07. बाबु लाल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आसूचना ब्यूरो द्वारा दी गई एक खुफिया जानकारी से यह संकेत मिला कि माओवादी बीजापुर शहर के नजदीक एक लक्ष्य पर हमला करने की योजना बना रहे हैं और इस उद्देश्य से 6-8 हथियारबंद काडर एक स्कॉर्पियो वाहन में शहर में आएंगे। उपर्युक्त सूचना के आधार पर, श्री मोहित गर्ग, जिला पुलिस के अपर पुलिस अधीक्षक, डीआरजी और जिला पुलिस कार्मिक, बीजापुर के साथ श्री केशव कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेंट की कमान में डीआईजी (ऑप्स.) बीजापुर के एक छोटे कार्य दल (एसएटी) ने दिनांक 10.07.2016 को लगभग 1900 बजे आईटीआई कॉलेज, बीजापुर, छत्तीसगढ़ के नजदीक बीजापुर-तुमनार सड़क पर घात/एमसीबी (नाका) लगाया। प्रभावशाली घात के लिए. संयुक्त दलों को प्रमुख और सामरिक दृष्टि से मजबूत पोजीशनों पर रखा गया। एफ/सं. 135271161 कांस्टेबल/जीडी गुम्मिडी श्रीनिवासा राव और एफ/सं. 035033037 कांस्टेबल/जीडी बाबु लाल को कुछ डीआरजी कार्मिकों के साथ संदिग्ध लोगों के आगमन की पूर्व चेतावनी देने के लिए मुख्य घात में आगे रखा गया। जब दोनों अपने नाइट विजन डिवाइस के माध्यम से सड़क पर आवाजाही का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर रहे थे, तब लगभग 1930 बजे, उन्होंने एक स्कॉर्पियों वाहन को अपनी ओर आते देखा। मुख्य घात दल को तत्काल वायरलेस के माध्यम से सतर्क किया गया। यह समयोचित और सुसमन्वित कार्रवाई बाद में एक सफल अभियान की धुरी साबित हुई। जब संदिग्ध वाहन को रूकने का आदेश दिया गया और उसमें सवार लोगों को उतरने के लिए कहा गया, तो वाहन में बैठे माओवादियों ने सैन्य दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी और नाका को तोड़कर भागने का प्रयास किया। गोलियों की बौछार से सैन्य दल बाल-बाल बच गए परन्तु अचानक एक गोली जिला पुलिस के उप निरीक्षक देवेन्द्र दारू को लग गई और वे घायल हो गए।

चमत्कारिक ढंग से बच निकलने के आघात को नजरअंदाज करते हुए, सैन्य दलों ने तत्काल प्रतिक्रिया की और वाहन के सामने पोजीशन लेकर सड़क को अवरूद्ध कर दिया, हालांकि इस कृत्य से उनकी जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। सैन्य दलों की तेज, रणनीतिक और साहसिक कार्रवाई ने माओवादियों को बचकर भागने से रोक दिया। फिर माओवादी वाहन से उतर गए, तितर-बितर हो गए और भ्रमित करने तथा संकेन्द्रित कार्रवाई से बचने के लिए सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। श्री केशव कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी भूमिरेड्डी श्रीनु और कांस्टेबल/जीडी सुरेन्द्र बुड़ी ने भाग रहे दो माओवादियों को रोक दिया। घिर जाने पर, दोनों माओवादियों ने उन पर काबू पाने और घटना स्थल से बच निकलने के लिए गोलियों की बौछार कर दी। परन्तु तीनों वीरों ने, बदले में बहादुरी से कार्रवाई की और अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़ रहे माओवादियों पर जोरदार हमला किया। दोनों तरफ से बिलकुल निकट से हुई गोलीबारी में, तीनों वीरों ने भाग रहे दोनों माओवादियों को ढेर कर दिया। इसी प्रकार, सैन्य दलों को झांसा देकर उस स्थान से भागने का प्रयास कर रहे दूसरे माओवादी का कांस्टेबल/जीडी सुरजीत कुमार और कांस्टेबल/जीडी इफरान अली से सामना हुआ। जब दोनों ने बचकर भाग रहे माओवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए चुनौती दी, तो उसने उनको लक्ष्य बनाकर गोलीबारी शुरू कर दी। अत्यधिक साहस का प्रदर्शन करते हुए, अपनी जान को खतरे से विचलित हुए बिना और सभी पूर्व सावधानियों को ताक पर रखकर, कांस्टेबल/जीडी सुरजीत कुमार और कांस्टेबल/जीडी इफरान अली ने माओवादी की गोलीबारी का निडरतापूर्वक सामना किया और उसकी गोलियों से बचते हुए सटीक गोलीबारी से उसे ढेर कर दिया।

माओवादियों को घेरने की रणनीति प्रभावकारी ढ़ंग से कार्य कर रही थी, क्योंकि कुछ माओवादी ढेर कर दिए गए थे, तथापि कुछ माओवादी अंधेरे की आड़ में घने जंगल में छिप गए थे। इस अवसर पर, कमांडर ने अपनी रणनीतिक सूझबूझ का प्रयोग किया और बम डिटैचमेंट को पैरा इल्यूमिनेटिंग बम चलाने का आदेश दिया। बम डिटैचमेंट ने लगातार 3 पैरा बम चलाए जिससे एक माओवादी की पोजीशन का पता चल गया। तत्पश्चात, उस माओवादी जिसने एक पेड़ के पीछे पोजीशन ले रखी थी, पर लक्ष्य बनाकर गोलीबारी शुरू कर दी। देख लिए जाने और गोलीबारी का सामना होने पर, माओवादी ने बम डिटेचमेंट पर जवाबी गोलीबारी की और तुमनार की ओर भागने

का प्रयास किया, जहां कांस्टेबल/जीडी गुम्मिडी श्रीनिवासा राव और कांस्टेबल/जीडी बाबु लाल ने पहले ही पोजीशन ले रखी थी। फिर वे दोनों भाग रहे माओवादी की गोलीबारी की सीधी दिशा में आ गए जिसने बच निकलने का रास्ता बनाने के लिए उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। परन्तु, कांस्टेबल/जीडी गुम्मिडी श्रीनिवासा राव और कांस्टेबल/जीडी बाबु लाल अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर अपनी कवर से बाहर आ गए और माओवादी को ढेर कर दिया। गोलीबारी बंद हो जाने पर, उस क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी की गई, जिसके दौरान एक 9 एमएम पिस्तौल, एक स्वदेश निर्मित .315 बोर की गन, एक मजल भरी गन, एक वायरलेस सेट (चाइनीज), जिंदा राउण्ड आदि के साथ चार शव बरामद किए गए।

अभियान के दौरान, माओवादियों के कायरतापूर्ण दुस्साहस का सैन्य दलों ने साहसिक निर्णय, नि:स्वार्थ नेतृत्व, अतुलनीय बहादुरी और दल भावना से सामना किया। श्री केशव कुमार मिश्र, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व वाला दल भली भांति यह जानते हुए कि प्रत्येक कदम घातक हो सकता है, शत्रु का मुकाबला करने के लिए गोलीबारी के बीच अपनी जान को जोखिम में डालकर बहादुरी से लड़े।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री केशव कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेंट, भूमिरेड्डी श्रीनु, कांस्टेबल, सुरेन्द्र बुड़ी, कांस्टेबल, गुम्मिडी श्रीनिवासा राव, कांस्टेबल, सुरजीत कुमार, कांस्टेबल, इफरान अली, कांस्टेबल और बाबु लाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.07.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 162-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सुनील खींची,
सहायक कमांडेंट

02. भानू प्रताप सिंह,
उप निरीक्षक

03. ललित कुमार,
कांस्टेबल

04. कवि चौधरी,
कांस्टेबल

05. किनू मुंदरी,
कांस्टेबल

06. रघुनाथ सरेन,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन-भेजी, सुकमा के अंतर्गत डुब्बाकोंटा और कोलाईमुडा के सामान्य क्षेत्र में 200 अन्य काडरों के साथ छत्तीसगढ़ क्षेत्र के शीर्ष माओवादी सैन्य नेताओं नामत: हिदमा, नागेश, सोनू और ऊधम सिंह (सभी पीएलजीए की पहली बटालियन से) की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। इन कुख्यात माओवादी सैन्य नेताओं ने अपनी क्रूर गतिविधियों से क्षेत्र में डरावना माहौल पैदा कर रखा है। डुब्बाकोंटा और कोलाईगुडा का क्षेत्र कथित रूप से माओवादियों का गढ़ माना जाता है और कई भयानक मुठभेड़ों का अभिसाक्षी है। उपर्युक्त मुश्किल परिस्थितियों से विचलित हुए बिना, कोबरा 208 के दलों ने इस जानकारी को आंतकी व्यक्तियों को

पकड़ने/समाप्त करने का एक दुर्लभ अवसर समझा और उपर्युक्त जानकारी के आधार पर दिनांक 18.11.2015 को 1700 बजे एक अभियान शुरू किया।

श्री सुनील खींची, सहायक कमांडेंट की समग्र कमान में कोबरा के तीन दलों ने 219 बटा. के दो दलों, 217 बटा. के एक दल और डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) के दो दलों के साथ निर्दिष्ट समय पर भेजी बेस कैंप से प्रस्थान किया। अंधेरी रात और विकट भौगोलिक क्षेत्र में, इन बहादुर व्यक्तियों ने सभी बाधाओं को पार किया और शांतिपूर्वक पूर्वनिर्धारित प्रारंभिक स्थल पर पहुंचे। प्रारंभिक स्थल से सभी दल लक्षित क्षेत्र की ओर जाने के लिए अपने संबंधित मार्ग पर चल पड़े। जब दल 1 अपने निर्दिष्ट मार्ग से आगे बढ़ रहा था, तब यह स्काऊट कांस्टेबल पंकज शर्मा और कांस्टेबल शेर सिंह की अत्यधिक सजगता और विंहगम पहुंच थी कि उन्हें आसपास के क्षेत्र में कोई संदिग्ध आवाज सुनाई दी। तत्काल, उन्होंने पीछे आ रहे सैन्य दलों को सांकेतिक ढंग से सतर्क किया।

कार्तिकेयन एस., सहायक कमांडेंट, जो दल का नेतृत्व कर रहे थे और स्काऊटों के पीछे चल रहे थे, चुपचाप आगे आए, दूरबीन का प्रयोग करके वहां पर अवलोकन किया और स्थिति का जायजा लिया और लगभग 70-80 मीटर की दूरी पर स्वचालित हथियार लिए हुए कुछ वर्दीधारी माओवादी काडरों को देखा। उन्होंने तुरंत वहां की स्थिति के बारे में दल कमांडर श्री सुनील खींची, सहायक कामंडेंट जो थोड़ी दूरी पर अन्य दल के पास मौजूद थे, को अवगत कराया। तत्काल कार्रवाई के लिए जल्दबाजी किए बिना, निडर और साहसिक निर्णय लेते हुए दल कमांडर ने कार्तिकेयन एस., एसी को माओवादियों के और निकट जाने और उनकी नफरी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त करने के लिए कहा। कार्तिकेयन एस., एसी ने आगे आने वाले खतरों का अनुमान लगाए बिना दल कमांडर के निदेश का पालन किया और तीन कांस्टेबलों के साथ माओवादियों की पोजीशन की ओर शांतिपूर्वक रेंगते हुए आगे बढ़ने लगे। चारों व्यक्ति माओवादियों की नफरी और स्थिति के संबंध में सटीक जानकारी के साथ लौटे और इसे अपने कमांडर को दे दिया। विशिष्ट सूचना के आधार पर, श्री सुनील खींची, एसी ने फिर माओवादियों को घेरने और पकड़ने के लिए डिजिटल मैप पर उस क्षेत्र की छानबीन करने की युक्ति बनाई। उन्होंने सभी संभावित बचाव मार्गों की रूपरेखा तैयार की और सभी दल कमांडरों को विशिष्ट स्थानों पर अवरोध लगाने का निर्देश दिया और अपने दल को भी एक रणनीतिक बचाव मार्ग पर तैनात कर दिया।

इसी बीच, दल को शांतिपूर्वक मैदान में डटे रहने के लिए कहा। यह एक अत्यधिक तनाव वाली स्थिति थी, जिसमें सैन्य दलों को गोपनीयता बनाए रखने के लिए अपना धैर्य बनाए रखने और सांसें रोक कर रखना था। किसी भी चूक का परिणाम सैन्य दलों और अभियान, दोनों के लिए भयानक हो सकता था। अपने उच्चकोटि के प्रशिक्षण और अनुशासन के बल पर, दल ने धैर्य के साथ लगभग 30 मिनट तक शत्रु से 50 मीटर की दूरी पर पूर्ण चुप्पी बनाए रखी।

जब सभी दलों ने अपनी-अपनी पोजीशन ले ली, तब एक दल माओवादियों के चारों ओर शिकंजा कसने के लिए आगे बढ़ा, परन्तु माओवादियों के एक संतरी ने अवांछित उपस्थिति को भांप लिया और दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। शीघ्र ही अन्य माओवादी भी सतर्क हो गए और उन्होंने भी सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। माओवादियों की अचानक कार्रवाई ने दल, विशेषकर अग्रणी दल के सदस्यों की जान को गंभीर खतरा पैदा कर दिया। तथापि, अग्रणी सदस्य यद्यपि कवर के अभाव में शत्रु की बरसती हुई गोलियों के सामने थे, फिर भी उन्होंने अपने पूरे सामर्थ्य से जवाबी हमला किया और कुछ माओंवादियों को ढेर कर दिया। कोबरा सैन्य दलों की भयंकर जवाबी कार्रवाई से परास्त होकर, माओवादियों ने घने जंगल और चट्टानी क्षेत्र का लाभ उठाकर अपने घायल और मृत लोगों को लेकर उस स्थान से भागना शुरू कर दिया।

दल कमांडर श्री सुनील खींची की रणनीतिक दूरदृष्टि उस समय सच साबित हुई, जब कुछ मिनट पश्चात भगोड़े माओवादी, जिन पर दल द्वारा भयंकर हमला किया गया था, पुन: इकट्ठे हो गए और कोलाईगुडा और एंतापाड गांव के अनुमानित जंगल क्षेत्र की ओर भागने लगे। श्री सुनील खींची, सहायक कमांडेंट के दल ने पहले ही उपर्युक्त मार्ग पर अपनी पोजीशन ले रखी थी। भाग रहे माओवादियों, जो लगभग 30-40 थे, ने अपने रास्ते में सैन्य दलों की उपस्थिति को भांप कर उन पर अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दलों का पहले ही पता लग जाने और माओवादियों द्वारा चलाई जा रही गोलियों की भारी बौछार के कारण श्री सुनील खींची, एसी ने अपनी हमले की योजना में सुधार किया और उप निरीक्षक/जीडी भानु प्रताप सिंह को अपनी सैन्य टुकड़ी के साथ बांयी ओर से आगे बढ़ने और माओवादियों को घेरने का निर्देश दिया। इसी बीच, वे कांस्टेबल किनू मुंदरी, कांस्टेबल रघुनाथ सरेन, कांस्टेबल कवि चौधरी और कांस्टेबल ललित कुमार के साथ चुपचाप अपनी पोजीशन से खिसक कर दांयी ओर आगे बढ़ गए। गोलियों की बौछार के बीच, जब सैन्य दल को अपनी जान के प्रति गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था, तब बगल वाले जवानों ने अनुकरणीय साहस और हिम्मत का प्रदर्शन किया, क्योंकि वे गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की रणनीति का प्रयोग करके चुपचाप आगे बढ़े और माओवादियों को घेरना शुरू कर दिया।

कमांडो की विस्मयकारी चाल से माओवादी हतप्रभ और अश्चर्यचकित हो गए। इस चाल का सामना करने के लिए कुछ माओवादियों ने बड़े पत्थरों के पीछे पोजीशन ले ली और एल.एम.जी. तथा अन्य अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग करके अपनी गोलीबारी

को तेज कर दिया। परन्तु उनकी यह चाल उप निरीक्षक भानु प्रताप सिंह को श्री सुनील खींची के दल, जो अपनी सधी हुई गोलीबारी से माओवादियों के हमले का सामना करते हुए रणनीतिक पोजीशन हासिल करने के लिए रेंगकर आगे बढ़ रहा था, को यूबीजीएल का प्रयोग करके कवर गोलीबारी प्रदान करने से नहीं रोक पाई। वांछित पोजीशन प्राप्त करने पर, दल ने तत्काल माओवादियों पर भंयकर हमला कर दिया जिसके परिणामस्वरूप कुछ माओवादी काडर मारे गए। बुरी तरह से घिर जाने पर और अपने काडरों को सैन्य दलों की गोलियों से हताहत होते हुए देखकर माओवादियों ने ऊबड़-खाबड़ भूभाग का लाभ उठाकर अपने मृत और घायल साथियों को साथ लेकर घटनास्थल से भागना शुरू कर दिया।

उस क्षेत्र की तलाशी के दौरान सैन्य दलों ने दो शव बरामद किए, जिसमें से एक शव भरमार गन के साथ एक महिला माओवादी (बाद में जिसकी पहचान आस जोगी, आई/सी सैन्य आसूचना कोंता क्षेत्र के रूप में की गई) का था और एक शव काले रंग की यूनिफार्म में एक पुरूष माओवादी (बाद में जिसकी पहचान मदकाम मुक्का उर्फ भास्कर, कमांडर कोंता एलओएस के रूप में की गई) का था, जो कोबरा पैटर्न का पाऊच पहने हुए था जिसमें दो बंदुकें और 31 राउण्ड के साथ 5.56 एमएम इंसास राइफल की दो मैगजीनें भी थीं।

दल मुठभेड़ के दौरान अपनी जान की परवाह किए बगैर निडरतापूर्वक और वीरता से लड़े। उन्होंने देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए गोलीबारी के बीच अपनी जान को जोखिम में डाल दिया। उपयुक्त कार्मिकों के बहादुरीपूर्ण कृत्य के परिणामस्वरूप कुछ खूंखार माओवादी मारे गए, जिनमें से दो माओवादियों के शव बरामद किए गए और कई अन्य घायल हो गए। यह अभियान अत्यधिक धैर्य, साहस, विश्वास, महान रणनीतिक कुशलता और उच्चकोटि के नेतृत्व एवं नियंत्रण का एक दुर्लभ उदाहरण था।

की गई बरामदगी:-

1.	12 बोर की स्वदेश निर्मित बंदूक	:	01
2.	भरमार	:	02
3.	इंसास मैगजीन	:	02
4.	जिंदा राउण्ड 5.56 एमएम	:	31
5.	5.56 एम के खाली डिब्बे	:	11
6.	12 बोर के जिंदा राउण्ड	:	13
7.	स्वदेश निर्मित ग्रेनेड	:	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुनील खींची, सहायक कमांडेंट, भानू प्रताप सिंह, उप निरीक्षक, ललित कुमार, कांस्टेबल, कवि चौधरी, कांस्टेबल, किनु मुंदरी, कांस्टेबल और रघुनाथ सरेन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.11.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 163-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अशोक कुमार,
द्वितीय कमान अधिकारी

02. श्रवण कुमार,
उप निरीक्षक

03. कौशल सिंह,
कांस्टेबल

04. तपन कुमार बर्मन,
कांस्टेबल

05. राजीव रंजन,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नाम्बी और गुंजेपाड़ा गांवों के जंगलों में 25-30 हथियारबंद माओवादियों के साथ सोमदू (एलओएस कमांडर, उसुर) और मनीला (पामेद एरिया कमेटी का डीबीसीएम) और पुलिस स्टेशन: उसुर जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पौरगुडा, पुजारीकांकेर और तुमरेल गांवों के निकटवर्ती जंगल में 30-40 हथियारबंद माओवादियों के एक अन्य समूह की मौजदूगी के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त होने के पश्चात, 05 दिन और 04 रातों के लिए एक संयुक्त तलाशी और विध्वंसकारी अभियान की योजना बनाई गई। अभियान को अंजाम देने के लिए, श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, 204 कोबरा की समग्र कमान में 204 कोबरा, एसटीएफ, डीआरजी और स्थानीय पुलिस के सैन्य दलों का एक दल तैयार किया गया।

सभी अवसरों/चुनौतियों का आकलन करके और माओवादियों के अड्डे में प्रभावकारी ढंग से कार्रवाई करने के लिए, श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने दल को चार हमला दलों में विभाजित किया, दल सं. 1- आवापल्ली पुलिस स्टेशन के राज्य पुलिस कर्मी, दल सं. 2- 204 कोबरा, दल सं. 3- डीआरजी और दल सं. 4-एसटीएफ। योजना के अनुसार, संयुक्त सैन्य दल दिनांक 15.07.2016 को 0400 बजे अपने बेस कैप आवापल्ली से लक्षित क्षेत्र की और चल पड़ा। पूरे दिन सैन्य दल ने उत्साहपूर्वक माओवादियों का पता लगाने का प्रयास किया, परन्तु सफल नहीं हो सके और रात को ठहरने के लिए ग्राम - टेकमेल्टा के नजदीक जंगल के क्षेत्र में एलयूपी लिया। लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, दिनांक 16.07.2016 को सुबह सैन्य दलों ने पोरगुडा गांव की ओर जंगल में छानबीन करना शुरू कर दिया। प्रमुख माओवादी प्रभुत्व वाला क्षेत्र होने के नाते, माओवादियों की घात/हमले की संभावना हमेशा बनी रहती है। अनुमानत:, माओवादियों द्वारा क्षेत्र में सैन्य दलों की उपस्थिति को भांप लिया गया था और जब सैन्य दल काम पर लगे हुए थे, तब लगभग 1330 बजे जब दल सं. 1 एक पहाड़ी पर चढ़ रहा था, तो चोटी पर स्थित माओवादियों ने उन्हें मारने और हथियार छीनने के इरादे से सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तत्काल कार्रवाई करते हुए, सैन्य दलों ने तुरंत पोजीशन ले ली और आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से गोलीबारी के बारे में सूचना मिलने पर, श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी जो दल सं. 2 का नेतृत्व कर रहे थे, हरकत में आ गए। अपनी रणनीतिक दक्षता का प्रयोग करते हुए, उन्होंने शीघ्र एक जवाबी कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की और दल सं. 3 और 4 को माओवादियों की पोजीशन के बाएं, दाएं और पीछे की ओर से मार्ग अवरूद्ध करने का आदेश दिया। वे स्वयं दांयी ओर से माओवादियों को घेरने के लिए दल सं. 2 के साथ आगे बढ़े। जब दल सं. 2 ने पहाड़ी की चोटी पर पहुंचने के लिए आधी दूरी तय कर ली थी, तब माओवादियों ने दल सं. 1 पर भारी गोलीबारी करके अपनी पोजीशन से पीछे हटना शुरू कर दिया था। गोलीबारी की कम होती हुई आवाज को सुनकर और माओवादियों के पीछे हटने का अनुमान लगाकर, श्री अशोक कुमार तेजी से आगे बढ़े और शीघ्रता से माओवादियों की पोजीशन के नजदीक पहुंचने के प्रयास में उन्होंने उप निरीक्षक/जीडी श्रवण कुमार, कांस्टेबल/जीडी कौशल सिंह, कांस्टेबल/जीडी तपन कुमार बर्मन और कांस्टेबल/जीडी राजीव रंजन को अपने साथ लिया और अन्य लोगों को पीछे आने का आदेश दिया। जब निडर सैनिकों का छोटा समूह और आगे बढ़ा, तो उनका सामना अचानक भारी हथियारबंद माओवादियों के एक समूह से हुआ, जो अपनी घात से पीछे हट रहा था। माओवादियों ने सैन्य दलों को देखकर तुरंत उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उस क्षेत्र से भागने का प्रयास किया। माओवादियों की गोलियां अपने लक्ष्य से चूक गईं। परन्तु, श्री अशोक कुमार माओवादियों को बच कर भागने देने के मूड में नहीं थे। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की अनदेखी करते हुए, उन्होंने भाग रहे माओवादियों पर गोलीबारी की और उनके पीछे दौड़ पड़े। अपने कमांडर के अदम्य साहस का अनुकरण करते हुए, सैन्य दल उनके पीछे गए और अपनी जान की परवाह किए बिना माओवादियों का पीछा किया। परन्तु ऐसा प्रतीत हुआ कि उस दिन भाग्य माओवादियों का साथ दे रहा था क्योंकि माओवादियों का एक अन्य समूह, जो स्वयं भी घात से पीछे हट रहा था, अचानक पीछे हटने के उसी मार्ग का अनुसरण करते हुए आ गया। इस समूह ने अपने साथियों को खतरे में देखकर सैन्य दलों पर तुरंत गोलीबारी शुरू कर दी और उनको घरेने का प्रयास किया। अन्य माओवादियों ने भी सहायता प्राप्त होने पर सैन्य दलों के घिरे हुए छोटे समूह पर गोलीबारी शुरू कर दी। श्री अशोक कुमार ने स्वयं और अपने बहादुर सैन्य दलों को माओवादियों से घिरा हुआ पाया जबकि शेष दल अभी भी कुछ दूरी पर था। परन्तु बहादुर सैन्य दल विचलित नहीं हुए। वे जवाबी हमले के लिए कवर तलाशने को गोलियों की बौछार के बीच रेंगकर गड्ढ़े में चले गए। जब एक बार सैन्य दलों ने पोजीशन ले ली, तो उन्होंने माओवादियों पर गोलियों की बौछार करते हुए जोरदार जवाबी हमला कर दिया। इस भयंकर जवाबी हमले में, सैन्य दलों ने

अपने अभीष्ट लक्ष्य पर हमला किया और अनेक माओवादी घायल हो गए जिससे माओवादियों का हौसला पस्त हो गया और उन्होंने उस स्थान से भागना शुरू कर दिया। परन्तु बहादुर सैन्य दल वहीं पर ही नहीं रूके और उन्होंने भाग रहे माओवादियों का तब तक पीछा किया जब तक कि वे जंगल की घनी झाड़ियों में गायब नहीं हो गए और अपनी गोलीबारी बंद नहीं कर दी। उसे पश्चात, श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने सभी चार दलों को उस क्षेत्र की संपूर्ण तलाशी करने के लिए कहा, जिसके दौरान, सैन्य दलों ने विभिन्न स्थानों पर झाड़ियों से स्वदेश निर्मित बंदूकों (एसबीएमएल) के साथ माओवादियों के 4 शव बरामद किए। आगे और तलाशी के परिणामस्वरूप एक शिविर को ध्वस्त किया गया, जहां से गोलाबारूद, विस्फोटक, बम आदि जैसी भारी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई। उस क्षेत्र में काफी अधिक खून के धब्बे भी देखे गए जो यह दर्शाता था कि कई अन्य माओवादियों को भी गोलियां लगी थीं, परन्तु वे घने जंगल और संकरे रास्तों का लाभ उठाकर भाग गए थे।

माओवादियों के गढ़ में यह अभियान एक बड़ी सफलता थी और यह श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी के असाधारण नेतृत्व में अग्रणी 204 कोबरा के कार्मिकों द्वारा प्रदर्शित विलक्षण साहस के कारण संभव हुआ। श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अत्यधिक सूझबूझ, उत्कृष्ट अभियान संबंधी समझ का प्रदर्शन किया और माओवादियों के विरूद्ध जवाबी आक्रमण करते समय असाधारण साहस, वीरता और अदम्य शौर्यपूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया। उप निरीक्षक/जीडी श्रवण कुमार, कांस्टेबल/जीडी कौशल सिंह, कांस्टेबल/जीडी तपन कुमार बर्मन और कांस्टेबल/जीडी राजीव रंजन ने भी असाधारण वीरता, नि:स्वार्थ दल भावना, अपनी सेवाओं के प्रति समर्पण और शौर्यपूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया जिसमें वे अपनी जान को जोखिम में डालते हुए निडरतापूर्वक आगे बढ़े और डटे हुए शत्रु पर हमला किया।

की गई बरामदगी:

1.	भरमार गन (एसबीएमएल)	:	04
2.	प्रेशर कुकर बम (5 ली.)	:	02
3.	पाइप बम	:	03
4.	टिफिन बम	:	01
5.	बैटरी	:	02
6.	लैपटॉप चार्जर (एचपी)	:	01
7.	फ्यूज वायर	:	02 मी.
8.	जिलेटिन	:	04
9.	खाली खोखे	:	32

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अशोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, श्रवण कुमार, उप निरीक्षक, कौशल सिंह, कांस्टेबल, तपन कुमार बर्मन, कांस्टेबल और राजीव रंजन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.07.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 164-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. नीरज कुमार उत्तम,
सहायक कमांडेंट

02. संदीप,
उप निरीक्षक,

03. पवन कुमार,
हेड कांस्टेबल

04. सरोज कुमार माथुर,
कांस्टेबल

05. शबीर अहमद खान,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में एक सूचना के आधार पर, दिनांक 16.05.2015 को पुलिस स्टेशन-बाराचट्टी जिला-गया और पुलिस स्टेशन-हंटरगंज, जिला-चतरा (झारखंड) के अंतर्गत दोआत, पिपरही, सोनदही और नारे गांवों के सामान्य क्षेत्र में 190 बटालियन, 22 बटालियन और 159 बटालियन सीआरपीएफ तथा राज्य पुलिस की सहायता में 205 कोबरा के सैन्य दलों द्वारा एक अन्तर-राज्य अभियान शुरू किया गया।

चूंकि, लक्षित क्षेत्र छुटपुट रूप से फैला हुआ था, इसलिए क्षेत्र की तलाशी के लिए आठ दल बनाए गए और प्रत्येक दल को एक विशिष्ट लक्ष्य दिया गया। ये दल चुपचाप रात के दौरान अपने बेस कैंप से निकल पड़े और सारी रात घने जंगल में चलने के बाद अगली सुबह अपने विशिष्ट लक्षित क्षेत्रों के नजदीक पहुंच गए। इसी प्रकार, श्री नीरज कुमार उत्तम, सहायक कमांडेंट की कमान वाला दल भी चुपचाप और विस्मय बनाते हुए सोनदही गांव अर्थात् अपने पहले मिलन स्थल के नजदीक पहुंच गया। जब निगरानी दल माओवादियों की मुखबिरी में बताए गए क्षेत्र में नजर रखे हुए था, तब उसने एक ग्रामीण को बड़े बर्तन के साथ गुप्त रूप से गांव के पीछे एक टीले की ओर जाते हुए देखा। थोड़ा सा अवलोकन और उस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति कमांडर के लिए माओवादियों के संदिग्ध स्थान का पता लगाने के पर्याप्त संकेत थे। घने पेड़-पौधों वाला टीला एक उपयुक्त रणनीतिक स्थान था, जिसके निकट राशन की आपूर्ति करने के लिए एक गांव था। श्री नीरज ने अपने निगरानी दल के सदस्यों को उस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति अपने मन में बैठाते हुए जंगल में अन्दर वापस जाने का आदेश दिया। संदिग्ध स्थान पर हमला करने के लिए, उन्होंने अपने सैन्य दलों को दो दलों में संगठित किया और उन्हें अपने निगरानी दल द्वारा एकत्र भौगोलिक स्थिति संबंधी जानकारी के आधार पर अवगत कराया। चूंकि, माओवादियों के स्थान का पता नहीं था, इसलिए उन्होंने निर्णय लिया कि दोनों दल अलग-अलग दिशाओं से पहाड़ी में प्रवेश करेंगे और पहाड़ी की चोटी की ओर जाएंगे। माओवादी संतरियों की नजरों से बचने के लिए पर्याप्त कवर वाले मार्गों की भी रूपरेखा तैयार की गई। उपयुक्त जानकारी देने के पश्चात, श्री नीरज और उप निरीक्षक/जीडी संदीप की कमान में एक-एक उप-दल दृढ़ निश्चय के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ा और पहाड़ी की तलहटी में पहुंच कर अलग-अलग हो गया। उस पहाड़ी पर चढ़ना, जहां शत्रु चोटी पर बैठा था और किसी भी घुसपैठिए को गोली मारने के लिए तैयार था, उनकी जान के प्रति खतरे से भरा हुआ था। फिर भी, घबराहट का कोई संकेत दिए बिना और अचानक हमले का सामना करने के लिए तैयार दोनों उप-दल तत्परता से आगे बढ़े। लगभग 0645 बजे, जैसा कि आशा थी, घने पेड़-पौधों में छिपे माओवादियों के एक संतरी ने सैन्य दल की गतिविधि को देख लिया और तत्काल उन पर अचानक एवं अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस प्रकार के हमले के लिए तैयार, स्काउट नामतः कांस्टेबल सरोज कुमार माथुर ने अपने स्थान पर मजबूती से डटे रह कर माओवादी पर भयंकर गोलीबारी शुरू कर दी। उनकी गोलीबारी इतनी भीषण थी कि माओवादी को अपने कवर से बाहर आने और सैन्य दलों पर गोलीबारी करने का कोई और मौका नहीं मिला। कांस्टेबल सरोज की कवरिंग गोलीबारी में, दल के सदस्य माओवादी संतरी पर हमला करने के लिए आगे बढ़े। परन्तु शीघ्र ही नजदीकी शिविर में मौजूद अन्य माओवादी बंदूक की लड़ाई में शामिल हो गए और आगे बढ़ रहे सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, कमांडर ने बदले हुए घटनाक्रम के अनुसार शीघ्र ही अपनी रणनीति पुनः तैयार की। चूंकि, भारी गोलीबारी सैन्य दलों के और आगे बढ़ने में बाधा उत्पन्न कर रही थी, इसलिए कमांडर ने उप निरीक्षक संदीप को माओवादी पर हमला करने के लिए उसकी पोजीशन की ओर बढ़ने का आदेश दिया। इसी बीच, श्री नीरज ने उप निरीक्षक संदीप के हमला शुरू करने तक माओवादियों को उलझाए रखने का निर्णय लिया। अपनी रणनीतिक ढंग से लाभकारी पोजीशन और अच्छी गोलीबारी की ताकत के बारे में आत्म विश्वास से पूर्ण माओवादियों ने मैदान नहीं छोड़ा, अपितु सुरक्षा बलों को भारी क्षति पहुंचाने की योजना बनाई। अपनी योजना को आगे बढ़ाने के लिए, माओवादियों ने सैन्य दलों को घेरना शुरू कर दिया, परन्तु यह वही क्षण था जिसकी श्री नीरज प्रतीक्षा कर रहे थे।

चूंकि, माओवादियों के स्थान का पता चल गया था, इसलिए उन्होंने अपने सैन्य दलों को उन कवर पर ग्रेनेड से भीषण गोलीबारी करने का आदेश दिया जिनके पीछे माओवादी छिपे हुए थे। इस अवसर पर, वे स्वयं कांस्टेबल सरोज के साथ अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने कवर से बाहर आ गए और माओवादियों की पोजीशन पर एक के बाद एक ग्रेनेड फैंके। जवाबी हमला लाभदायक

साबित हुआ और कुछ माओवादी गंभीर रूप से घायल हो गए। कमांडर और उनके सैन्य दलों की साहसिक कार्रवाई ने जिसमें उन्होंने वास्तविक रूप से सीना तान कर शत्रु की गोलियों का सामना किया, माओवादियों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया।

परन्तु शीघ्र ही उप निरीक्षक संदीप अपने दल के साथ बन्दूकों की लड़ाई में शामिल हो गए और उन्होंने अपने साथियों नामतः हेड कांस्टेबल पवन कुमार और कांस्टेबल शबीर अहमद खान के साथ माओवादियों पर धावा बोल दिया और माओवादियों पर कहर बरपा दिया। तीनों व्यक्ति अपने ऊपर चलाई गई गोलियों की परवाह किए बिना माओवादियों की पोजीशन पर लगातार ग्रेनेड़ों से हमला करते हुए आगे बढ़े। कवर के बगैर उनके पहाड़ी पर चढ़ने और लगातार ग्रेनेडों के विस्फोट ने माओवादियों को भयभीत कर दिया। शीघ्र ही माओवादियों ने एक-दूसरे की सहायक गोलीबारी में उस क्षेत्र से भागना शुरू कर दिया। सैन्य दलों ने माओवादियों के पासे को पलट दिया और वे अब पागलों की तरह उनका पीछा कर रहे थे। उनकी बहादुरी और साहस को यह कल्पना करके बहुत सकारात्मक ढंग से महसूस किया जा सकता है कि किस प्रकार सैन्य दल साहसिक रूप से गोलियां बरसा रहे माओवादियों की ओर पहाड़ी पर दौड़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। पीछा करने के दौरान, माओवादियों ने अपनी लाभकारी पोजीशन, घने जंगल और पहाड़ी भूभाग का फायदा उठाया और वे उस क्षेत्र से भाग गए। मुठभेड़ स्थल पर सैन्य दलों को एक महिला नक्सलवादी (बाद में जिसकी पहचान सरिता गंजू उर्फ उर्मिला, एक खूंखार माओवादी कमांडर के रूप में की गई) के शव के साथ 5.56 एम इंसास राइफल, 3 मैगजीन और जिंदा राउण्ड प्राप्त हुए। उसके पश्चात, दल ने भागने वाले माओवादियों द्वारा अपनाए गए संभावित मार्ग की तलाशी की और बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामग्री अर्थात् दो स्वेदश निर्मित बन्दूकें, गोला-बारूद के 238 राउंड, एक रेडियों सेट, 1 वायरलेस सेट, माओवादी साहित्य, एक डेटोनेटर, एक मोबाइल सेट, एक कैन बम वायर आदि बरामद किए और खून के धब्बे यह दर्शाते थे कि मुठभेड़ में कई और माओवादी घायल हुए थे।

अपनी जान के प्रति संभावित खतरे के बावजूद, श्री नीरज कुमार उत्तम, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी संदीप, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल सरोज कुमार माथुर और कांस्टेबल शबीर अहमद खान ने बहादुरी और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया तथा माओवादियों पर जवाबी हमला किया। माओवादियों के पास भूभाग, विस्मय और गोलीबारी की ताकत के सभी लाभ थे, परन्तु कमांडर और उनके दल ने विलक्षण रणनीति, उत्तम दक्षता और शौर्य का प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप एक माओवादी कमांडर मारा गया जबकि अन्य माओवादी गंभीर रूप से घायल हो गए और बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री नीरज कुमार उत्तम, सहायक कमांडेंट, संदीप, उप-निरीक्षक, पवन कुमार, हेड कांस्टेबल, सरोज कुमार माथुर, कांस्टेबल, शबीर अहमद खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.05.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 165-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अखिलेश कुमार चौबे,
सहायक कमांडेंट

02. सुरेन्द्र कुमार पटेल,
उप निरीक्षक

03. धलविंदर सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16.01.2016 को, पुलिस स्टेशन, गंगलूर, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत ग्राम डल्ला के नजदीक 168 बटालियन सीआरपीएफ और माओवादियों के बीच कुछ देर तक गोलीबारी की एक घटना हुई। दोनों तरफ से गोलीबारी होने से सामान्य क्षेत्र में

माओवादियों को पकड़ने के लिए 204 कोबरा के श्री अखिलेश कुमार चौबे, सहायक कमांडेंट, द्वारा एक अभियान की योजना बनाई गई, जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम माओवादियों के बच निकलने वाले संभावित मार्गों को अवरूद्ध किया और तत्पश्चात दिनांक 16.01.2016 से 18.01.2016 तक सामान्य क्षेत्र में तलाश और नष्ट करने का एक अभियान शुरू किया। अभियान के लिए, उन्होंने पुलिस स्टेशन, गंगलूर के अंतर्गत पांच गांवों अर्थात डल्ला, बादी, सुकनपल्ली, इटावर और कोरसेरमेटा को लक्ष्य बनाया।

योजना के अनुसार, श्री अखिलेश कुमार चौबे की कमान में राज्य पुलिस के एक प्रतिनिधि के साथ 204 कोबरा के तीन दल दिनांक 16.01.2016 को चुपचाप बेस कैंप, तरेम से रवाना हुए। दिनांक 16.01.2016 और 17.01.2016 को, सैन्य दलों ने उस क्षेत्र की पूर्ण तलाशी ली, परन्तु माओवादियों से कोई संपर्क नहीं हुआ। दिनांक 17.01.2016 की रात में जब सैन्य दल एलयूपी में थे, तब कमांडर को औटापल्ली, तरेम, हिदमापारा, गोटापल्ली और पेडिया गांवों के नजदीक माओवादियों की आवाजाही के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर, कमांडर ने अपनी रणनीति पुन: तैयार की और प्रत्येक दल को परस्पर सहयोग करते हुए तलाशी करने का एक अलग लक्ष्य दिया गया। भोर होते ही दल अपने लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ने लगे और जंगल की तलाशी शुरू कर दी। इसी प्रकार, श्री अखिलेश कुमार चौबे की कमान वाले दल ने हिदमापारा और गोटापल्ली गांवों के नजदीक स्थित जंगल में तलाशी शुरू कर दी।

लगभग 0915 बजे, जब श्री अखिलेश की कमान वाला दल जंगल की तलाशी करते हुए पहाड़ी पर चढ़ रहा था, तब ऊंचाई पर बैठे माओवादियों ने अचानक आईईडी से धमाका कर दिया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उक्त दल और विशेषकर स्काउट नामत: श्री अखिलेश, उप निरीक्षक/जीडी सुरेन्द्र कुमार पटेल और कांस्टेबल/जीडी धलविंदर सिंह की जान बाल-बाल बची, क्योंकि गोली उनकी बगल से निकल गई। सैन्य दल इस प्रकार के अचानक और आकस्मिक हमले के लिए पूरी तरह तैयार थे और इस प्रकार कोई बेशकीमती समय गंवाए बिना तुरंत हरकत में आए और अत्यधिक तीव्रता के साथ जवाबी हमला किया। निकट दूरी से एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। परिस्थिति माओवादियों के अत्यधिक अनुकूल थी, क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से लाभकारी पोजीशन ले रखी थी और इस प्रकार सैन्य दलों के जवाबी हमला करने के हर प्रयास को विफल कर रहे थे।

भू-भाग और घने जंगल की जानकारी का लाभ उठाकर सैन्य दलों को घेरने की माओवादियों की रणनीति को भांपकर, श्री अखिलेश ने अपनी चाल बदल दी और स्वयं एक ओर से हमला शुरू कर दिया। सर्वप्रथम उन्होंने अपने सैन्य दलों को माओवादियों पर जोरदार हमला करने का आदेश दिया, जिसने एक क्षण के लिए माओवादियों को बांध कर रख दिया। इस छोटे से अवसर का लाभ उठाते हुए और अपनी सुरक्षा के बारे में विचार किए बिना, श्री अखिलेश, उप निरीक्षक/जीडी सुरेन्द्र कुमार पटेल और कांस्टेबल/जीडी धलविंदर सिंह अपने कवर से बाहर आ गए और पूरी तरह से डटे हुए शत्रु के बिलकुल बगल में चले गए। इससे पहले कि माओवादी परिस्थिति का दुबारा जायजा ले पाते, इन बहादुर सैन्यकर्मियों ने उन पर बिलकुल निकट से गोलियों की बौछार कर दी। माओवादियों को लगे इस झटके से उनके बीच अफरा-तफरी फैल गई और उन्होंने पीछे हटना शुरू कर दिया, तथापि कुछ माओवादी, जो सुरक्षित रूप से कवर के पीछे डटे हुए थे, अभी भी मैदान में डटे रहे और इन बहादुर सैन्यकर्मियों पर जोरदार गोलीबारी की। यद्यपि गंभीर खतरे का सामना करते हुए सैन्य कर्मियों के भयंकर हमले ने माओवादियों की सुरक्षा को भेद दिया परन्तु कुछ अच्छी तरह से डटे हुए माओवादियों की गोलीबारी सैन्य दलों के आगे बढ़ने में बाधा पहुंचा रही थी। शत्रु की बंदूकों को शांत करने की जिम्मेदारी लेते हुए ये तीनों निडर व्यक्ति पुन: विलक्षण बहादुरी का प्रदर्शन करे हुए अपने कवर से बाहर आ गए और एक छिपे हुए माओवादी पर सधी हुई गोलीबारी की। उनकी सधी हुई गोलीबारी के परिणामस्वरूप वह माओवादी मारा गया। सैन्य दलों की निडरता से घबरा कर और यह देखकर कि भीषण हमले को और रोक पाना मुश्किल है, माओवादी हथियार और गोलाबारूद, आईईडी, पाइप बम और अन्य संदिग्ध सामग्री सहित एक काडर का शव तथा एक घायल काडर को छोड़कर मुठभेड़ स्थल से भाग गए।

की गई बरामदगी:

1.	12 बोर की राइफल	:	01
2.	पाइप बम (आईईडी)	:	01
3.	टिफिन बम	:	03
4.	एके 47 के खाली खोखे	:	05

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अखिलश कुमार चौबे, सहायक कमांडेंट, सुरेन्द्र कुमार पटेल, उप निरीक्षक, धलविंदर सिंह, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.01.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 166-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अजय कुमार, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

झारखण्ड में टरनर, पुडांग और बूढ़ापहाड़ क्षेत्र अविजित भू-भाग, अभेद्य ऊबड़-खाबड़ और सुरक्षा बलों के लिए सीमित पहुंच वाले मार्ग होने के कारण माओवादियों के लिए सुरक्षित शरण-स्थल माने जाते हैं। इस क्षेत्र में पिछले कुछ समय के दौरान उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच खूनी मुठभेड़ देखी गई हैं। इस क्षेत्र में पिछले काफी समय से सुरक्षा बल माओवादियों के विरूद्ध सतत अभियान चला रहे हैं। इसी बीच, उपर्युक्त क्षेत्रों में 80-100 हथियारबंद सदस्यों के साथ सीपीआई (माओवादी) सीसीएम अरविंद की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय सूत्रों से खुफिया जानकारी प्राप्त हुई, जिसकी अन्य उपलब्ध सूचना के साथ और पुष्टि की गई। तदनुसार, एक अभियान 'ट्राचंड' की योजना बनाई गई और इसे सीआरपीएफ की अन्य इकाइयों के साथ कोबरा-209 एवं 203 बटालियन के सैन्य दलों द्वारा पुलिस स्टेशन भंडारिया, जिला गढ़वा, झारखंड के अंतर्गत ग्राम झौलडेरा के वन क्षेत्र में शुरू किया गया।

योजना के अनुसार, श्री कमलेश सिंह, कमांडेंट की समग्र कमान में कोबरा 209 बटालियन के दो हमला दलों को लक्षित क्षेत्र में तलाशी और नष्ट करने के अभियान का कार्य सौंपा गया। दिनांक 09.07.2016 को सैन्य दल अपने बेस कैंप से अपने लक्षित क्षेत्र की ओर रवाना हुए और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ते हुए, उन्होंने वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए पूर्ण विस्मय और गोपनीयता बनाए रखी। लक्ष्य के लिए अथक प्रयास करते हुए, दिनांक 11.07.2016 को लगभग 0430 बजे हमला दल लक्षित क्षेत्र की ओर अपने पूर्व निर्धारित/योजनागत मार्गों का अनुसरण करने के लिए दो दलों में विभाजित हो गया। लक्षित क्षेत्र की ओर चलते हुए सैन्य दल ग्राम-थलिया के नजदीक पहुंच गया और गांव से उत्तरी के साथ-साथ दक्षिणी पहाड़ियों को कवर कर लिया। गांव और जंगल के आस-पास की गतिविधियों को देखने के पश्चात, 209 कोबरा का दल गांव की तलाशी करने के लिए उत्तरी पहाड़ी से नीचे उतरा। जब हमला दल-1 रणनीतिक ढंग से गांव के पूर्व की ओर जा रहा था, तब स्काउट ने पहाड़ी पर लगभग 400-500 मीटर की दूरी पर कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी और सैन्य दलों तथा कमांडर को सतर्क कर दिया। विद्यमान स्थिति को ध्यान में रखकर, जब सैन्य दलों ने चुपचात पहाड़ी की ऊपरी ढ़लान पर चढ़ना शुरू कर दिया, तब उनके सामने के पर्वत शिखर से गोलियों की बौछार आई। यह एक पूरी तरह से सुरक्षित घातक माओवादी घात थी।

दलों ने तत्काल पोजीशन ले ली और माओवादी गोलीबारी का जवाब दिया। माओवादियों की गोलीबारी से डरे बिना, सैन्य दलों ने माओवादियों की गोलीबारी का सामना करने और घात को तोड़ने के लिए बांयी और दांयी बगल को कवर करते हुए साहस के साथ ऊँचाई पर चढ़ना शुरू कर दिया। जब सैन्य दल रणनीतिक ढंग से माओवादी पोजीशन की ओर पहाड़ी पर चढ़ रहे थे और पहाड़ी की चोटी झण्डी के निकट थे, तब लगभग 1120 बजे माओवादियों ने उस स्थान के आस-पास लगाई गई आईईडी में श्रृंखलाबद्ध विस्फोट कर दिया। माओवादियों की रणनीतिक ढ़ंग से मजबूत पोजीशन, एलएमजी सहित अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग करते हुए उनकी भारी गोलीबारी और अब श्रृंखलाबद्ध ढंग से आईईडी विस्फोट के परिणामस्वरूप परिस्थिति उनके पक्ष में बदल रही थी। सैन्य दलों के लिए स्थिति खराब होती जा रही थी, क्योंकि फ्लैट ट्रैजेक्टरी वाले हथियारों से उनकी गोलीबारी निष्फल हो रही थी। उस समय एक साहसी और निडर कार्रवाई की आश्यकता थी।

स्थिति का जायजा लेकर और शत्रु को काबू में करने के लिए, हमला कमांडर श्री नितिन कुमार, उप कमांडेंट ने माओवादी चौकी पर जोरदार हमला करने का निर्णय लिया और अपने एक बहादुर सैन्य कर्मी एफ/सं./105161253 कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार को निर्णायक भूमिका निभाने और पहाड़ी पर माओवादी पोजीशन की ओर एक यूबीजीएल फायर करने के लिए कहा। इस प्रकार की असाध्य स्थिति में, जहां शत्रु की गोलीबारी के सामने आ जाने का खतरा होने के कारण कोई भी चाल घातक हो सकती थी, कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार ने बिना कुछ सोचे अवसर का लाभ उठाया और तुरंत कार्रवाई की। माओवादी पोजीशन पर यूबीजीएल से उनकी सधी हुई गोलीबारी ने माओवादियों के बीच आतंक पैदा कर दिया जिससे वे अपनी पोजीशन से पीछे हटने के लिए विवश हो गए। जब माओवादी सुरक्षित पोजीशन की ओर पीछे हटे, तो हमला कमांडर ने हमला दलों को माओवादियों का तीन दिशाओं से सामना करने का निर्देश दिया। कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार अपने दल के साथ बांयी दिशा से आगे बढ़े। माओवादी भी स्थिति को अपने नियंत्रण से गंवाने के लिए तैयार नहीं थे, उन्होंने पुन: रणनीतिक ढंग से लाभकारी पोजीशन ले ली और सैन्य दलों पर गोलियों की भारी बौछार शुरू कर दी। लगभग 1210 बजे जब माओवादी बांयी ओर से आगे बढ़ रहे सैन्य दल पर हावी होने की कोशिश करते हुए प्रतीत हुए, तो कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार पुन: अविजेय हस्ती के रूप में सामने आए। वे अपनी जान की परवाह किए बगैर माओवादियों पर अपनी एके-47 और यूबीजीएल के साथ

बहादुरी से गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े और उन्हें भारी क्षति पहुंचाई। उनकी निर्भीक कार्रवाई के कारण सैन्य दलों ने दांयी और बांयी ओर से आगे बढ़ना शुरू कर दिया जिससे माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी किया जाना और ग्रेनेड फेंका जाना लगभग बंद हो गया।

इस प्रकार माओवादियों ने अत्यधिक आवेश में अपनी सारी गोलीबारी को कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार की ओर मोड़ दिया, परन्तु बहादुर कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार गरजती हुई बंदूकों और बरसती हुई गोलियों के बीच रणनीतिक ढंग से अपनी पोजीशन बदलते रहे। वे माओवादियों की पोजीशन के बिलकुल निकट पहुंच गए और यह स्थान नीचे स्थित होने एवं बिना कवर का होने के कारण वे तुलनात्मक ढंग से सुभेद्य पोजीशन में थे। निर्भीक रूप से आगे बढ़ने के दौरान, जब कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार यूबीजीएल चलाने की कोशिश कर रहे थे, तब एक गोली उनके बाएं कंधे में लग गई परन्तु उनके साहस को नहीं डिगा पाई। अपनी जान की परवाह किए बगैर घायल कांस्टेबल/जीडी ने नि:स्वार्थ कर्तव्य निष्ठा और अदम्य वीरता के साथ लगातार अपनी पोजीशन संभाले रखी और सैन्य दलों को आगे बढ़ने और माओवादियों पर बांयी और दांयी ओर से हमला करने में सहायता की। यद्यपि सभी विषमताओं अर्थात् प्रतिकूल भू-भाग, अनुपयुक्त कवर और शत्रु की लगातार गोलीबारी ने कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार के दृढ़निश्चय की परीक्षा ले ली थी, फिर भी उन्होंने अत्यधिक जोखिम उठाया और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी सधी हुई गोलीबारी और रणनीतिक दक्षता से शत्रु का विनाश कर दिया। उस स्थान से ले जाते समय, घायल होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई और उन्होंने शहादत प्राप्त की। उनकी शौर्यपूर्ण कार्रवाई के कारण, सैन्य दल माओवादी घात को तोड़ने में सफल हुए और उनका विनाश कर दिया। अभियान के दौरान, 209 कोबरा बटालियन के सं. 105161253 स्व. कांस्टेबल/जीडी अजय कुमार ने बहादुरी के साथ रणनीतिक दक्षता का प्रदर्शन किया और राष्ट्र तथा अपने दल के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री अजय कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.07.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 167-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. प्रवीण कुमार,
कांस्टेबल

02. भजू राम यादव,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19 जनवरी, 2017 को, लगभग 0430 बजे पुलिस स्टेशन - हाजिन, जिला - बांदीपोरा, जम्मू एवं कश्मीर के अंतर्गत हाजिन शहर के खोसा मोहल्ले के एक मकान में छिपे एक खूंखार एलईटी आतंकवादी के बारे में बांदीपोरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से एक विशिष्ट आसूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर, 45 बटालियन सीआरपीएफ, एसओजी (जम्मू एवं कश्मीर पुलिस) और 13 आरआर के संयुक्त सैन्य दलों द्वारा एक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया।

भीड़-भाड़ वाला स्थान होने के कारण, जिस मकान में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसकी वास्तविक स्थिति की पहचान नहीं की जा सकी। इसलिए, अचूक (फुल प्रूफ) घेराबंदी सुनिश्चित करने और छिपे हुए आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए सैन्य बलों ने एक-दूसरे से सटे 3 संदिग्ध मकानों की घेराबंदी की। 13 आरआर ने उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी दिशा में भीतरी घेराबंदी की, जबकि पूर्वी दिशा को क्यूएटी 45 बटालियन सीआरपीएफ और एसओजी, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस द्वारा कवर किया गया। सी एवं डी/45 बटालियन सीआरपीएफ और सिविल पुलिस के सैन्य दलों ने आतंकवादियों के सभी बचाव मार्गों को अवरूद्ध करके बाहरी घेराबंदी की और अनियंत्रित

भीड़ के हस्तक्षेप को भी रोका, ताकि वे मुठभेड़ में आतंकवादियों के बच निकलने के अवसर को सुगम बनाने के लिए कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा न कर सकें। जैसा कि आशा की गई थी, जब घिरे हुए आतंकवादियों के विरूद्ध अभियान के बारे में नजदीकी क्षेत्रों में खबर फैली, तो एक भारी भीड़ घटनास्थल के आस-पास एकत्र हो गई और अभियान में शामिल सैन्य दलों पर भारी पत्थरबाजी की। तथापि, सैन्य दलों ने भीड़ को दूर रखा और मजबूती से मोर्चा संभाले रखा।

प्रात:काल अर्थात 0630 बजे सैन्य दलों ने नियमों का पालन करते हुए आतंकवादियों को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए एक उदघोषणा की। तथापि, संदिग्ध आतंकवादी ने इस उदघोषणा की ओर कोई ध्यान नहीं दिया और वह झुका नहीं। जब सैन्य दल धैर्य के साथ प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहा था, तब एक आम नागरिक के रूप में दिखने वाला और कश्मीरी फेरान पहने हुए एक व्यक्ति बिल्कुल पश्चिम में स्थित एक लक्षित मकान से बाहर निकला और उसने पूर्वी दिशा की ओर चलना शुरू कर दिया, जहां क्यूएटी 45 बटालियन सीआरपीएफ और एसओजी, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस ने पोजीशन ले रखी थी। जब वह सैन्य दलों के निकट पहुंचा, तो उसने अपने फेरान के भीतर झपट्टा मारा, अपनी एके राइफल निकाली और सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें जम्मू एवं कश्मीर पुलिस का एक कांस्टेबल घायल हो गया। सैन्य दलों के पोजीशन लेने और जवाबी कार्रवाई करने से पहले सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी करते हुए, आतंकी तेजी से एसडीपीओ संबल के रक्षक वाहन की ओर गया। आतंकी ने एक ग्रेनेड निकाला और अधिक से अधिक सुरक्षा बलों को हताहत करने के लिए वाहन के भीतर ग्रेनेड फेंकने के लिए वाहन का पिछला दरवाजा खोलने का प्रयास किया।

उस समय तक सैन्य दलों ने पोजीशन ले ली थी और वे जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार थे। उन्होंने नागरिकों के साथ-साथ समीप में तैनात अपने सैन्य दलों को किसी भी पारस्परिक क्षति से बचाने के लिए आतंकवादियों पर नियंत्रित गोलीबारी की। सैन्य दलों की जबरदस्त जवाबी गोलीबारी में आतंकवादी बाल-बाल बच गया क्योंकि बरसती हुई गोलियां उसके बिलकुल पास से निकल गईं। अब तक, आतंकवादी समझ चुका था कि वह सुरक्षा बलों से घिर गया है और बच निकलने का मौका नगण्य है। ऐसी विपरीत परिस्थतियों में, आतंकवादी ने घेराबंदी दल की ओर ग्रेनेड फेंकने के लिए अपना हताश पूर्ण प्रयास किया। ग्रेनेड सीआरपीएफ के कांस्टेबल/जीडी प्रवीण कुमार और कांस्टेबल/बगलर भजू राम यादव के नजदीक गिरा। तथापि, उपरोक्त व्यक्तियों की तीव्र प्रतिक्रिया और त्वरित कार्रवाई से इन दोनों की जान बच गई क्योंकि उन्होंने विस्फोट के स्थान से भलीभांति सोच-समझकर छलांग लगाई और वे चमत्कारिक ढंग से बच गए। इस स्थिति से भयभीत हुए बिना वे चमत्कारिक ढंग से बच गए। इन स्थिति से भयभीत हुए बिना और डर पर विजय पाते हुए, कांस्टेबल/जीडी प्रवीण कुमार और कांस्टेबल/बगलर भजूराम यादव ने आतंकवादी से आमने-सामने लड़ने का निर्णय लिया। यह दोनों के लिए अभी नहीं तो कभी नहीं का क्षण था। अपना धैर्य बनाए रखते हुए और विस्फोट के बाद के सदमे से उबरते हुए ये दोनों बहादुर युवक अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और स्पष्ट तथा आसन्न खतरे के समक्ष असाधारण वीरता एवं अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी की ओर झपट पड़े। उन्होंने अपनी सधी हुई गोलीबारी से आतंकवादी पर भीषण हमला किया और उसकी अगली चाल से पहले ही उसे मार गिराया।

मारे गए आतंकवादी की पहचान अबू मुसइब, एलईटी के डिवीजन कमांडर, श्रेणी ए+, एक खूंखार और अत्यधिक वांछित आतंकवादी के रूप में की गई। वह जकी उर रहमान लखवी (पाकिस्तान के एलईटी अभियान प्रमुख और 26/11 मुम्बई हमले के मास्टर माइंड) का भतीजा था। घटना स्थल से एक एके 56 असाल्ट राइफल, तीन मैगजीनें, अलग-अलग प्रकार के गोला-बारुद, ग्रेनेड और अन्य युद्ध जैसी सामग्रियां बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री प्रवीण कुमार, कांस्टेबल, भजू राम यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.01.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 168-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राम किशन,
उप कमांडेंट

02. ओम प्रकाश,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19 जून, 2016 को लगभग 1530 बजे, जम्मू एवं कश्मीर के गांव लाडू, पुलिस स्टेशन-अवंतीपोरा, जिला पुलवामा में खाइबर मिल्क प्लांट के नजदीक लेथपोरा के बाहर आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में स्थानीय पुलिस से एक विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर, लक्षित क्षेत्र में 110 बटालियन सीआरपीएफ और एसओजी/जेकेपी के सैन्य दलों द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया।

लक्षित स्थान के नजदीक पहुंचने के पश्चात, उक्त सैन्य दल दो हमला दलों में बांट दिया गया। पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा के नेतृत्व में और श्री रामकिशन, 110 बटा. सीआरपीएफ के उप-कमांडेंट की सहायता से प्रथम दल ने लक्षित स्थान की दक्षिणी दिशा से घेराबंदी की और श्री किशोर कुमार, कमांडेंट 110 बटालियन सीआरपीएफ की कमान में और एसओजी, पम्पोर के श्री एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (आप्स.) की सहायता से द्वितीय दल ने लक्षित स्थान की उत्तरी दिशा से घेराबंदी की। एक बार क्षेत्र की घेराबंदी पूरी हो जाने पर, आतंकवादियों को सैन्य दलों के सामने आत्मसमर्पण करने का अवसर देने के लिए एक घोषणा की गई। तथापि, अपील की ओर कोई ध्यान न देते हुए, आतंकवादियों ने द्वितीय दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और दक्षिण की ओर चले गए, जहां प्रथम दल ने पहले ही पोजीशन ले रखी थी। पुलिस अधीक्षक, अवंतीपोरा और श्री राम किशन, उप कमांडेंट ने अपनी रणनीतिक दक्षता का प्रदर्शन करते हुए अपने सैन्य दलों को शांत रहने का निर्देश दिया। उन्होंने आतंकवादियों के अपनी ओर आने की प्रतीक्षा की। जब उन्होंने आतंकवादियों को अपनी ओर भागते हुए देखा, तो दोनों अधिकारियों ने गोलियों की बौछार करते हुए अदम्य साहस और अनुकरणीय वीरता के साथ आतंकवादियों का सामना किया। स्वयं को सुरक्षा बलों द्वारा घिरा हुआ पाकर और स्थिति की गंभीरता को महसूस करते हुए, आतंकवादी नजदीक घने बगीचे में चले गए। इसी बीच, दोनों दलों ने आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए घेराबंदी को मजबूत कर दिया।

दोनों तरफ से गोलीबारी के दौरान, कुछ नागरिक जो अपने खेतों में काम कर रहे थे, मुठभेड़ स्थल पर फंस गए। ऐसी नाजुक स्थिति में, कमांडेंट 110 बटालियन ने लोगों के प्रति अपने कर्त्तव्यों की प्रतिबद्धता का निर्वाह करते हुए समझदारी से काम लिया। उन्होंने हेड कांस्टेबल/जीडी ओम प्रकाश, 110 बटालियन और एसओजी, पम्पोर के साथ अपनी जान का गंभीर खतरा उठाया और सभी फंसे हुए नागरिकों को भारी दुतरफा गोलीबारी से निकालना शुरू कर दिया। वह बगीचा सघन था और आतंकवादी बलों को धोखा देने के लिए लगातार अपनी पोजीशन बदल रहे थे। जान को गंभीर और आसन्न खतरे के समक्ष एक बार भी पीछे हटे बिना, पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा ने श्री राम किशन, उप कमांडेंट के साथ शत्रु का डटकर सामना करने का निर्णय लिया। अनुकरणीय वीरता, अदम्य साहस और उच्चकोटि की व्यावसायिकता का प्रदर्शन करते हुए, दोनों अधिकारी भारी गोलीबारी के बीच रेंगकर आतंकवादियों की ओर गए और आतंकवादियों पर हमला किया। आतंकवादियों ने मौत को अपने इर्द-गिर्द मंडराते पाकर आगे बढ़ रहे सैन्य दलों पर गोलीबारी और तेज कर दी।

उपर्युक्त दोनों अधिकारियों की गोलीबारी से आहत होकर, आतंकवादी उस दिशा में भागे, जहां कमांडेंट 110 बटालियन ने अपने दल के साथ पोजीशन ले रखी थी। 110 बटालियन के हेड कांस्टेबल/जीडी ओम प्रकाश और एसओजी, जेएंडके पुलिस के एएसआई/जीडी इरशाद अहमद को उनकी ओर आ रहे आतंकवादियों का सामना करने का निदेश दिया गया। दोनों व्यक्तियों ने अत्यधिक नाजुक स्थिति में अपना धैर्य बनाए रखा, क्योंकि उन्होंने उपयुक्त समय आने तक लक्ष्य का इंतजार किया। जब आतंकवादी दोनों व्यक्तियों की ओर पहुंचे, तो उन्होंने महसूस किया कि उनका कार्रवाई का समय आ गया है और उन्होंने अपनी ओर आने वाले आतंकवादियों पर हमला कर दिया। विकट प्रतिकूल स्थिति में अतुलनीय वीरता, साहस और सच्ची भावना का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने उग्रवादियों पर गोलीबारी की और उनमें से एक को मार गिराया। तथापि, अन्य दो आतंकवादी नहर और घनी झाड़ियों का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए। मुठभेड़ के पश्चात तलाशी के दौरान सैन्य दलों द्वारा, मारे गए आतंकवादी, खुबेब उर्फ अबू कासिम निवासी पाकिस्तान, एलईटी के ए+ श्रेणी के सदस्य के शव के साथ एके-47 राइफल, दो मैगजीन और पच्चीस गोलाबरूद बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राम किशन, उप कमांडेंट, ओम प्रकाश, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.06.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 169-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राकेश शर्मा,
सहायक कमांडेंट

02. गगनदीप सिंह,
कांस्टेबल

03. पटेल विशाल रामसिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम गाहमी, पुलिस स्टेशन चांदीपोश, जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) के नजदीक हथियारबंद माओवादियों की आवाजाही के बारे में एक खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर, दिनांक 11.11.2015 को 2000 बजे 19वीं बटालियन सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के संयुक्त सैन्य दलों द्वारा श्री राकेश शर्मा, सहायक कमांडेंट की कमान में "सरग्राम-2" नामक एक अभियान शुरू किया।

श्री राकेश शर्मा की कमान में दल गुप्त रूप से निकला और ब्राह्मणी नदी जिसे लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने के लिए पार करना था, के किनारे पहुंच गया। माओवादियों के बारे में अपनी समझ और नदी पार करने के ऐसे संभावित स्थानों पर सामान्य तौर पर लगाई गई उनकी चेतावनी प्रणाली पर भरोसा करके कमांडर ने किसी अवांछित उपस्थिति का पता लगाने के लिए उस क्षेत्र की कुछ देर तक निगरानी की। इस प्रक्रिया के दौरान, स्काउट नामतः कांस्टेबल/जीडी गगनदीप सिंह और कांस्टेबल/जीडी विशाल पटेल, जिन्होंने मुख्य दल के 35 मीटर आगे पोजीशन ले रखी थी ने दो मानव छायाकृतियों की गतिविधि देखी जो नदी के पार जंगल से बाहर निकले और उनकी ओर आने लगे। यह सूचना कमांडर के साथ साझा की गई, जिन्होंने पूरे दल को सतर्क कर दिया और रेंगकर स्काउट की ओर गए। नाइट विजन डिवाइस के माध्यम से स्पष्ट रूप से देखने पर संदिग्ध व्यक्तियों के कंधों पर तैयार पोजीशन में लटक रहे हथियारों की पुष्टि हुई।

कार्रवाई का समय आ गया था और कमांडर और उनके साथियों ने किसी भी संभावित घटना से निपटने के लिए धैर्यपूर्वक और अपने हाथों में हथियारों को मजबूती से पकड़ कर उनकी प्रतीक्षा की। कमांडर ने पहले ही अपने साथियों को निर्देश दे दिया था कि वे सबसे पहले शत्रु को चुनौती देंगे, क्योंकि वे कोई भी गलती करके अवसर को गंवाना नहीं चाहते थे, जिसे उन्होंने घने और अंधेरे जंगल में कठिन यात्रा करने के पश्चात प्राप्त किया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संदिग्ध व्यक्ति अथवा माओवादी अंधेरे और घने जंगल की आड़ में भागने न पाएं, उन्होंने उनको नदी पार कर उनके नजदीक आ जाने पर चुनौती देने की योजना बनाई थी। यद्यपि, इसमें उनकी जान को बहुत अधिक जोखिम था। नदी पार करने पर, दो संदिग्धों/माओवादियों, जो अभी भी सैन्य दलों से लगभग 40 मीटर की दूरी पर थे ने सीटी बजाई। यह संभवतः एक संकेत था और चार अन्य संदिग्ध व्यक्ति जंगल से बाहर आते हुए दिखाई दिए। इस स्थिति ने कमांडर, जो माओवादियों को चुनौती देने के लिए तैयार थे, को उलझन में डाल दिया था, क्योंकि उस समय वे अपने स्काउट की सहायता करने की स्थिति में नहीं थे और इस लिए उन्होंने अपनी योजना बदल दी। तत्पश्चात, सैन्य दलों की उपस्थिति से अनभिज्ञ दोनों संदिग्ध/माओवादी अपने बीच लगभग 10 मीटर की दूरी बनाकर उनकी दिशा में आगे बढ़े। उस परिस्थिति ने कमांडर के सामने एक चुनौती खड़ी कर दी परन्तु उन्होंने तब तक प्रतीक्षा करने का साहसिक और बहादुरीपूर्ण निर्णय लिया जब तक पीछे आने वाले संदिग्ध/माओवादी नदी पार न कर लें ताकि वे भी घात में फंस जाएं अथवा दोनों माओवादी उनके और नजदीक न आ जाएं। कांस्टेबल गगनदीप और कांस्टेबल विशाल पटेल भी अपने कमांडर की योजना समझ गए थे और उन्होंने धैर्य के साथ आदेश की प्रतीक्षा की। हथियारबंद और गोलीबारी के लिए तत्पर संदिग्ध व्यक्तियों का प्रत्येक कदम आनुपातिक रूप से सैन्य दलों की जान के खतरे को बढ़ा रहा था परन्तु बहादुर सैन्य दलों ने अपनी हिम्मत बनाए रखी और कार्रवाई की प्रतीक्षा की। अग्रणी संदिग्ध व्यक्ति सावधानीपूर्वक आगे बढ़ा और अपनी बंदूक को खतरनाक ढंग से उनकी ओर ताने हुए सैन्य दलों के बिल्कुल पास अर्थात उनसे लगभग 10 मीटर दूर पहुंच गया, परन्तु दूसरे समूह को अभी नदी पार करना शुरू करना था। जब अग्रणी संदिग्ध व्यक्ति जंगल में प्रवेश करने के लिए और आगे बढ़ा, तो उसने सैन्य दलों की अवांछित उपस्थिति को भांप लिया और एक पत्थर की आड़ लेते हुए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उसका साथी भी उसके साथ गोलीबारी में शामिल हो गया और सैन्य दलों पर माओवादियों की ओर से गोलियां बरसनी शुरू हो गई। कमांडर ने तत्काल गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें उनके साथियों ने सहायता प्रदान की। निकट दूरी अर्थात् 10 मीटर से एक भीषण बन्दूक की लड़ाई शुरू हो गई। यह देखकर कि उनके स्काउट सैन्य दलों की घात में फंस गए हैं पीछे वाले माओवादियों ने भी उनकी सहायता के लिए भारी गोलीबारी शुरू कर दी। यह जानते हुए कि माओवादी अधिक देर तक नहीं टिकेंगे और अंधेरे की आड़ में भागने की कोशिश करेंगे,

श्री राकेश शर्मा कांस्टेबल गगनदीप और कांस्टेबल विशाल पटेल के साथ माओवादियों की भारी गोलीबारी के बीच रेंग कर आगे बढ़े और हमले के लिए एक उपयुक्त स्थान प्राप्त करने के लिए अपनी पोजीशन बदल ली। अपेक्षित स्थान प्राप्त कर लेने पर, इन तीनों ने सधी हुई गोलीबारी से अग्रणी माओवादी को मार गिराया।

पहले माओवादी को मारने के पश्चात, तीनों बहादुर ने फिर उसके साथी को निशाना बनाया जो कुछ दूरी पर था और सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी कर रहा था। परन्तु, नदी के उस पार वाले माओवादियों की निरंतर गोलीबारी कमांडर और उनके साथियों को आगे बढ़ने से रोक रही थी। इसी बीच, अंधेरे और सहायक गोलीबारी का लाभ उठाकर, फंसा हुआ माओवादी भी सफल होने के लिए युक्तिपूर्वक जंगल की ओर आगे बढ़ा। श्री राकेश शर्मा ने माओवादी के इरादे को भांप लिया और यह पाया कि वह बचकर भाग निकलने के लिए काफी बेहतर स्थिति में है। उसकी योजना से निपटने के लिए, श्री राकेश शर्मा ने अपने साथियों को गोलीबारी की परवाह नहीं करने और दूसरी माओवादी की ओर बढ़ने का आदेश दिया। दोनों सैनिकों ने अपने कमांडर का अनुसरण किया और उपलब्ध पत्थरों की आड़ लेते हुए वे भाग रहे माओवादी की ओर आगे बढ़े। जब माओवादी ने देखा कि साहसी सैनिक उसके पीछे आ रहे हैं, तो वह जंगल की ओर भागा। उसे भागते हुए देखकर, श्री राकेश शर्मा और उनके साथियों ने गोलीबारी की और उसे घायल कर दिया जिसके कारण उसका हथियार उसके हाथ से गिर गया और वह घने जंगल में प्रवेश करने से पूर्व लंगड़ाकर चलता हुआ दिखाई दिया। जब नदी के पार वाले माओवादियों ने अपनी गोलीबारी बंद कर दी और उस क्षेत्र से भाग गए तो मुठभेड़ स्थल की संपूर्ण तलाशी की गई। तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक माओवादी का शव और दो .303 राइफलें, गोलाबारूद के 113 राउण्ड, दो मैगजीने और अन्य संदिग्ध सामग्रियां बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राकेश शर्मा, सहायक कमांडेंट, गगनदीप सिंह, कांस्टेबल और पटेल विशाल रामसिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.11.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 170-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विवेकानन्द सिंह,
उप कमांडेंट

02. भवानी सिंह मीणा,
उप निरीक्षक

03. लखन लाल मीणा,
उप निरीक्षक

04. वी. डी. कमलाकर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.03.2015 को, पुलिस स्टेशन चैनपुर, जिला-गुमला, झारखंड के अंर्तगत गांव सरगांव की सीमा पर स्थित जंगल में सेंट्रल कमेटी मेंबर अरविंद जी के नेतृत्व में सीपीआई (माओवादी) के एक गुट की मौजूदगी के बारे में एक खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। माओवादियों को पकड़ने के लिए, "नेपच्यून स्पीयर-15" नामक कोड वाला एक अभियान शुरू किया गया, जिसमें 209 कोबरा के 04 दल 203 और 207 कोबरा का 01-01 दल, 158 बटालियन के तीन दल, झारखंड जगुआर के 04 दल और राज्य पुलिस के घटक शामिल थे। उक्त क्षेत्र को निशाना बनाने के लिए, तीन विभिन्न दिशाओं और स्थानों से तीन हमला दल शामिल किए गए और प्रत्येक को तलाशी के लिए एक विशिष्ट क्षेत्र दिया गया। इसी प्रकार, 209 कोबरा के चार दल दिनांक 12.03.2015 को 2200 बजे वाहनों में रांची से रवाना हुए और कुछ दूरी तय करने के पश्चात दिनांक 13.03.2015 को लगभग 0130 बजे ग्राम कोटम के नजदीक वाहनों को छोड़ दिया। वहां से सैन्य दल निर्धारित मार्ग से दिए गए लक्षित क्षेत्र की ओर पैदल आगे बढ़े। लक्षित क्षेत्र के नजदीक पहुंच कर, हमला दल 1 के भाग के

रूप में चार दल विभाजित हो गए और उन्होंने दो हमला समूह तैयार कर लिए। इनमें से एक समूह, जिसमें दो दल थे, बचाव मार्गों को अवरूद्ध करने के लिए लक्षित क्षेत्र के पीछे स्थित पहाड़ी की ओर गया, जबकि दो दलों वाला दूसरा समूह निडरतापूर्वक तलहटी अर्थात् लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ा। लगभग 0700 बजे, मो. अरसी, एसडीपीओ गुमला के साथ श्री विवेकानन्द, उप कमांडेंट की कमान में दो दल संभावित छिपने के ठिकाने की ओर आगे बढ़े; उन्होंने देखा कि कुछ दूरी पर एक छोटी नदी में दो संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। कमांडर ने तत्काल एक छोटा दल तैयार किया, जिसमें श्री बृजेश, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी भवानी लाल मीणा और कांस्टेबल/जीडी वी॰डी. कमलाकर शामिल थे और संदिग्धों को पकड़ने के लिए इसके साथ आगे बढ़े। यह दल मुश्किल से कोई 50 मीटर ही आगे बढ़ा था, जब जंगल में छिपे माओवादियों ने इस पर अचानक भारी गोलीबारी शुरू कर दी। दल ने तुरंत पोजीशन ले ली और जवाबी हमला किया। परंतु, घने पेड़-पौधों के कारण माओवादियों का स्थान और संख्या स्पष्ट नहीं थी। इसी बीच दो संदिग्ध जंगल में भाग गए और उसमें गायब हो गए। जब शत्रु ने घने पेड़-पौधों में रणनीतिक पोजीशन ले ली और अपनी इच्छानुसार गोलीबारी शुरू कर दी, तो सैन्य दलों के लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो गया। उस अवसर पर, श्री विवेकानन्द, उप कमांडेंट ने प्रारंभिक विस्मय को दूर किया और उन्होंने अपने दल को अपनी बंदूके शांत रखने का आदेश देते हुए अपनी रणनीतिक दक्षता का प्रदर्शन किया। उसी समय, उन्होंने उप निरीक्षक/जीडी लखन लाल मीणा को, जो दो दलों के साथ पीछे थे, आगे बढ़ने और उस दिशा में भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया, जहां से गोलीबारी आ रही थी। इसके परिणामस्वरूप, माओवादियों ने अग्रणी दल पर गोलीबारी बंद कर दी और अपनी गोलीबारी पीछे वाले दल पर केंद्रीत कर दी। बहादुर सैन्य दलों ने इस स्थिति का लाभ उठाया और अपनी अगली चाल को गुप्त रखने के लिए घने पेड़-पौधों के पीछे से रेंगकर आगे बढ़े। दूसरी ओर, उप निरीक्षक/जीडी लखन लाल मीणा ने अपने सैन्य दलों का बहादुरी से नेतृत्व किया और माओवादियों की पोजीशन की ओर उग्र, किन्तु सावधानीपूर्वक ढ़ंग से आगे बढ़े। अपनी पोजीशन की ओर सैन्य दलों को आगे बढ़ता हुआ भांप कर, माओवादियों ने अपनी सुरक्षा के लिए लगाई गई आईईडी के श्रृंखलाबद्ध विस्फोट किए। आईईडी के विस्फोट ने सैन्य दलों को आगे बढ़ने से रूकने पर मजबूर कर दिया, परन्तु तब तक कमांडर माओवादियों की सुरक्षा को तोड़ने में सफल हो गए थे और अपने निडर सैनिकों के छोटे दल के साथ रेंगकर माओवादियों के बिल्कुल निकट पहुंच गए। माओवादी पत्थरों और लकड़ियों से बने हुए सुरक्षित मोर्चों के पीछे अच्छी तरह डटे हुए थे। छोटे दल के विरुद्ध लड़ाई बहुत ज्यादा विषम थी और माओवादियों की संख्या काफी अधिक थी, परन्तु इसकी परवाह किए बिना श्री विवेकानन्द, उप कमांडेंट ने अपने दल को माओवादियों पर भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया। भीषण हमले में कुछ माओवादी घायल हो गए और उन्हें मौर्चों के पीछे झुकते हुए देखा गया। अचानक और हतप्रथ करनेवाले हमले ने माओवादियों के आत्मविश्वास को डिगा दिया और कुछ माओवादी अपने घायल काडरों को लेकर जंगल के भीतर पीछे हटने लगे जबकि अन्य शेष माओवादियों ने सैन्य दलों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सुरक्षित आड़ के पीछे पोजीशन बनाए रखी। माओवादियों को उनकी पोजीशन से खदेड़ने के लिए, सैन्य दलों ने भारी गोलीबारी की और कम दूरी से एक भीषण बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई। गोलियां बहादुर सैनिकों के बिल्कुल पास से निकल रही थीं, परन्तु अडिग रहते हुए और अपनी जान की परवाह न करते हुए सैन्य दल अपने स्थान पर मजबूती से डटे रहे। गतिरोध को समाप्त करने और माओवादियों पर उनके अड्डे में ही हमला करने के लिए, श्री विवेकानन्द, उप कमांडेंट ने पुनः उप निरीक्षक/जीडी लखन लाल मीणा को अपनी दिशा से आगे बढ़ने का आदेश दिया। जब माओवादियों ने दो दिशाओं से सैन्य दलों को आगे बढ़ते हुए देखा, तो उन्होंने सैन्य दलों पर साथ-साथ गोलीबारी करते हुए एक-एक करके भागना शुरू कर दिया। माओवादियों को भागने की योजना बनाते हुए देखकर, बहादुर सैन्य दलों का छोटा दल अपनी आड़ से बाहर निकला और उन पर भयंकर गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ा। नजदीकी आमने-सामने की बंदूकों की लड़ाई में बिना किसी आड़ के बहादुर दल ने एक माओवादी को मार गिराया, जबकि अन्य को घायल कर दिया। इस निर्भीक और साहसिक कार्रवाई ने माओवादियों को हतप्रभ कर दिया और वे उस क्षेत्र से भाग गए। दल ने कुछ दूरी तक माओवादियों का पीछा किया, परन्तु माओवादियों घने जंगल का लाभ उठाकर भाग गए।

उपर्युक्त अधिकारियों और कार्मिकों द्वारा प्रदर्शित अत्याधिक वीरतापूर्ण कार्रवाई से न केवल लड़ाई की दिशा बदल गई और एक माओवादी को मार गिराया गया, बल्कि इससे सैन्य दलों को उनकी घात में फंसने से भी बचाया जा सका। रणनीतिक ढंग से तैनात और सुरक्षित बचाव के साथ लाभपूर्ण पोजीशन लिए हुए माओवादियों पर जवाबी हमला किया गया और गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात वे भागने पर मजबूर हो गए। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, एक माओवादी के शव के साथ 01 यूएसए निर्मित स्प्रिंग फील्ड राइफल, एक वाकी टाकी सेट, 112 गोलाबारूद, 18 इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर, 10 नॉन-इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर और विविध प्रकार की अन्य सामग्रियां बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विवेकानन्द सिंह, उप कमांडेंट, भवानी सिंह मीणा, उप निरीक्षक, लखन लाल मीणा, उप निरीक्षक और वी॰डी. कमलाकर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.03.2015 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 15th August 2017

No. 108-Pres/2017—The President is pleased to award the President's Fire Service Medal for Gallantry to the undermentioned officers of Delhi Fire Service :—

i) Shri Hari Singh Meena (Posthumous)
Leading Fireman

ii) Shri Hari Om (Posthumous)
Leading Fireman

2. On 24.02.2017 at 05.35 hrs, a call was received at Delhi Fire Service Control Room that a fire broke out in the Chatkora Food and Snacker at Shop No. 15, H-Block, Lal Market, Vikaspuri, New Delhi. Immediately two Fire Tenders under the leadership of Sub Officer, Shri Raj Singh rushed to the spot. After reaching on the spot the crew found that the huge flames are coming out from the shop and the shutter found locked from outside. Crowd informed that 04 Nos. of LPG Cylinders, Refrigerator, Cooking Oil, Wooden Serving counter etc. may be involved in fire. Fire was spreading rapidly due to leakage of LPG. The crew immediately started fire fighting operation. Leading Fireman Shri Hari Singh Meena and Shri Hari Om dared to reach near to the burning shop without caring tot the leaping out flames and presence of explosive gas. They started breaking the shutter with the available tools. Fire Operator Shri Naveen and Shri Ravinder were protecting them with the charged hose line. During the operation, a blast occurred inside the shop resulting in ripping of shutter owing to blast waves. The crew members namely Leading Fireman Hari Singh Meena and Hari Om, Fire Operator Naveen and Ravinder received severe burn injuries. Leading Fireman Shri Hari Singh Meena was taken to Park Hospital, Keshopur where the Doctor declared him brought dead. Leading Fireman Shri Hari Om, Fire Operator Shri Naveen and Fire Operator Shri Ravinder were taken to DDU Hospital, Hari Nagar where Shri Hari Om was given life saving treatment but could not be revived and died. Fire Operator Shri Naveen and Ravinder Kumar were discharged from the hospital after treatment.

3. Leading Fireman, Shri Hari Singh Meena and Shri Hari Om, thus displayed conspicuous gallantry, exemplary courage, professional expertise and devotion to duty of a very high order.

4. These awards are made for gallantry under Rule 3 (i) of the Rules governing the award of President's Fire Service Medal for Gallantry and consequently carries with it special allowance admissible under rule 5 (a) w.e.f. 24.02.2017

P. PRAVEEN SIDDHARTH
Officer on Special Duty

———————

No. 109-Pres/2017—The President is pleased to award the President's Fire Service Medal for Gallantry to the undermentioned officers of Delhi Fire Service :—

i) Shri Sunil Kumar (Posthumous)
Fireman

ii) Shri Manjeet Singh (Posthumous)
Fire Operator

2. On 28.09.16 at 16.45 hrs, a call was received at Delhi Fire Service Control Room that a fire broke out in the factory premises located at C-389, Narela Industrial Area, Delhi. Immediately 05 Fire Tenders along with crew from Bhorgarh, Narela and Rohini Fire Stations under the leadership of Station Officer Shri Sumit Kumar rushed to the spot. On arrival, crew observed that the factory comprised of basement, ground plus three upper floors used for manufacturing plastic plates/glasses with huge storage of raw materials and finished goods is in fire. The Officer-in-charge immediately declared the fire as "Medium category" and started fire fighting operation. During the fire fighting, the crew heard that two persons are trapped in fire. To trace and rescue the trapped persons, two teams comprising of Sub Officer Shri Tej Pal, Fireman Shri Sunil Kumar, Fireman Shri Anoop Singh and Fire Operator Shri Manjeet Singh were instructed to enter inside the building with the charged hose line. Both the teams, fully aware of the risk involved due to the high temperature and smoke, entered into the building without caring to their lives and started fire fighting and rescue operation.

3. At around 2200 hrs, two huge blasts took place in the building that led to collapse of structure. Crew members working inside the building were perished under the rubble of the hot building materials. Sub-officer Shri Tej Pal and Fireman Anoop Singh found with severe burn injuries. Fire Operator Shri Manjeet Singh and Fireman Shri Sunil Kumar found missing. Their bodies were extricated from the debris on 1st October, 2016.

4. Fireman, Shri Sunil Kumar and Fire Operator Shri Manjeet Singh thus displayed conspicuous gallantry, exemplary courage, professional expertise and devotion to duty of a very high order.

5. These awards are made for gallantry under Rule 3 (i) of the Rules governing the award of President's Fire Service Medal for Gallantry and consequently carries with it special allowance admissible under rule 5 (a) w.e.f. 28.09.2016

P. PRAVEEN SIDDHARTH
Officer on Special Duty

No. 110 -Pres/2017—The President is pleased to award the Fire Service Medal for Gallantry to the undermentioned officers of Delhi Fire Service :—

i) Shri Naveen
Fire Operator

ii) Shri Ravinder Kumar
Fire Operator

2. On 24.02.2017 at 05.35 hrs, a call was received at Delhi Fire Service Control Room that a fire broke out in the Chatkora Food and Snacker at Shop No. 15, H-Block, Lal Market, Vikaspuri, New Delhi. Immediately two Fire Tenders under the leadership of Sub Officer, Shri Raj Singh rushed to the spot. After reaching on the spot the crew found that the huge flames are coming out from the shop and the shutter found locked from outside. Crowd informed that 04 Nos. of LPG Cylinders, Refrigerator, Cooking Oil, Wooden Serving counter etc. may be involved in fire. Fire was spreading rapidly due to leakage of LPG. The crew immediately started fire fighting operation. Leading Fireman Shri Hari Singh Meena and Shri Hari Om dared to reach near to the burning shop without caring tot the leaping out flames and presence of explosive gas. They started breaking the shutter with the available tools. Fire Operator Shri Naveen and Shri Ravinder were protecting them with the charged hose line. During the operation, a blast occurred inside the shop resulting in ripping of shutter owing to blast waves. The crew members namely Leading Fireman Hari Singh Meena and Hari Om, Fire Operator Naveen and Ravinder received severe burn injuries. Leading Fireman Shri Hari Singh Meena was taken to Park Hospital, Keshopur where the Doctor declared him brought dead. Leading Fireman Shri Hari Om, Fire Operator Shri Naveen and Fire Operator Shri Ravinder were taken to DDU Hospital, Hari Nagar where Shri Hari Om was given life saving treatment but could not be revived and died. Fire Operator Shri Naveen and Ravinder Kumar were discharged from the hospital after treatment.

3. Fire Operator, Shri Naveen and Shri Ravinder Kumar thus displayed conspicuous gallantry, exemplary courage, professional expertise and devotion to duty of a very high order.

4. These awards are made for gallantry under Rule 3 (i) of the Rules governing the award of Fire Service Medal for Gallantry and consequently carries with it special allowance admissible under rule 5 (a) w.e.f. 24.02.2017

P. PRAVEEN SIDDHARTH
Officer on Special Duty

